✶ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✶ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✶ रजि. नंबर : 52290/90 ✶ वर्ष : 37 ✶ अंक : 52 ✶ पृष्ठ : 12 ✶ औरंगाबाद, शनिवार, 18 जुलाई 2026 ✶ मूल्य : 3.00 रुपये ✶ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✶ www.navbihartime.com



कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित डिजिटल सुशासन को सशक्त बनाने हेतु सूचना प्रौद्योगिकी विभाग तथा एक्सोनवाइज प्राइवेट लिमिटेड एवं को-रोवर प्राइवेट लिमिटेड के बीच एमओयू के समय उपस्थित सीएम सम्राट चौधरी एवं अन्य

## संक्षिप्त समाचार

### बिहार की श्रेया कौशिक को मिली तीन करोड़ की लिंकन स्कॉलरशिप

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के सिवान की 18 वर्षीय छात्रा श्रेया कौशिक ने अपनी शानदार कामयाबी से पूरे देश का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। श्रेया को अमेरिका के प्रतिष्ठित सेंटर कॉलेज की लिंकन स्कॉलरशिप मिली है जिसकी कुल कीमत करीब 3 करोड़ रुपये है। इस साल दुनिया भर से चुने गए सिर्फ 10 विद्यार्थियों में श्रेया इकलौती भारतीय हैं।

### देश विरोधी गतिविधि में शामिल दो युवक गिरफ्तार

**सीतामढ़ी(नबिटा ब्यूरो)।** गाढ़ा थाना क्षेत्र के टकोर गांव इन दिनों सुर्खियों में है। देश विरोधी गतिविधियों के आरोप में गिरफ्तार किए गए मो. अखलाक और मो. अरमान के मामले ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। भारत-नेपाल सीमा से सटे इस संवेदनशील जिले में हुई कार्रवाई के बाद बिहार पुलिस के साथ-साथ अन्य केंद्रीय एजेंसियां भी पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही हैं।

### बिहार शिक्षक ट्रांसफर पॉलिसी लागू

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने शिक्षकों को बड़ा तोहफा देते हुए ट्रांसफर की अधिसूचना जारी कर दी है। बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली 2026 के तहत अब तबादलों का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। इसके लिए बकायदा पूरा टाइम-टेबल भी जारी कर दिया गया है। शिक्षकों के तबादले के लिए पोर्टल 29 जुलाई से खोल दिया जाएगा।

### बिहार पुलिस को मिली 84 हाइटेक गाड़ियां, सीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# बिहार पुलिस की कार्यक्षमता में होगी उल्लेखनीय वृद्धि : सम्राट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार पुलिस को आधुनिक संसाधनों से लैस करने की दिशा में राज्य सरकार ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' के सामने आयोजित कार्यक्रम में बिहार पुलिस के लिए 84 नए वाहनों का लोकार्पण किया। इनमें 48 पुलिस बसें, 30 चार पहिया वाहन और छह अत्याधुनिक एंबुलेंस शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हरी झंडी दिखाकर सभी वाहनों को रवाना किया। इस दौरान उन्होंने नए वाहनों का निरीक्षण किया और अधिकारियों से उनकी तकनीकी विशेषताओं तथा उपयोगिता की जानकारी भी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए वाहनों के शामिल होने से बिहार पुलिस की कार्यक्षमता और दक्षता में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। इससे कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अपराध नियंत्रण और आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित कार्रवाई करने में पुलिस को बड़ी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और इसी उद्देश्य से पुलिस बल को आधुनिक संसाधनों और अत्याधुनिक सुविधाओं से लगातार सशक्त किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नए वाहनों के संचालन से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया (रिस्पॉन्स टाइम) बेहतर होगी। गश्ती व्यवस्था अधिक प्रभावी बनेगी और आम लोगों को समय पर सुरक्षा एवं पुलिस सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। उन्होंने कहा कि आधुनिक संसाधनों से लैस पुलिस बल अपराधियों पर प्रभावी (शेष पृष्ठ 10 पर)



# बिहार में समय पर ही होंगे पंचायत चुनाव : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में पंचायत चुनाव को लेकर पिछले कुछ दिनों से कई तरह की चर्चाएं चल रही हैं। कहा जा रहा है कि परिसीमन की प्रक्रिया के कारण चुनाव अगले साल तक टल सकते हैं लेकिन पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने इन अटकलों को खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार चुनाव समय पर कराने की दिशा में काम कर रही है और फिलहाल चुनाव टालने का कोई निर्णय नहीं लिया गया है। दरअसल सरकार ने ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद की सीमाओं का नए सिरे से परिसीमन करने का फैसला लिया है। यह प्रक्रिया 2011 की जनगणना के आधार पर होगी। राज्य में पिछले 36 वर्षों से पंचायतों का परिसीमन नहीं हुआ है। इस दौरान कई इलाकों की आबादी में बड़ा बदलाव आया है। ऐसे में सरकार चाहती है कि नई आबादी के अनुसार पंचायतों की सीमाएं तय हों ताकि सभी क्षेत्रों को संतुलित प्रतिनिधित्व मिल सके। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि अगस्त 2026 से परिसीमन शुरू होगा, अप्रैल 2027 तक चलेगा और इसके बाद आरक्षण संबंधी प्रक्रिया पूरी होने पर ही चुनाव होंगे। इस पर मंत्री दीपक प्रकाश ने साफ कहा कि ऐसी कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार की पूरी कोशिश है कि पंचायत चुनाव इसी साल के अंत तक संपन्न करा दिए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि चुनाव टालने की खबरें सही नहीं हैं और अभी तक सरकार ने ऐसा कोई फैसला नहीं लिया है।

# रजिस्ट्री कराने जा रहे दंपति की सड़क हादसे में मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के वेना थाना क्षेत्र अंतर्गत पैठना स्थित डेंटल कॉलेज ओवरब्रिज पर शुक्रवार को हुए दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दंपति की मौत हो गई। दोनों हरनौत से बिहारशरीफ रजिस्ट्री कार्यालय जा रहे थे। रास्ते में ट्रैक्टर की चपेट में आने से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें सदर अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की पहचान बेलछी थाना क्षेत्र के जोधन बिगहा निवासी 37 वर्षीय नीतीश कुमार और उनकी 30 वर्षीय पत्नी विनीता देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि दोनों फिलहाल हरनौत के गोनावा में नवनिर्मित मकान बनाकर रह रहे थे और शुक्रवार को जमीन संबंधी कार्य से रजिस्ट्री कराने बिहारशरीफ आ रहे थे। हादसे के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। वेना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को अस्पताल (शेष पृष्ठ 10 पर)

# झारखंड के हर जिले में बनेगी मॉडल किसान पाठशाला : हेमंत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि आधुनिक तकनीक आधारित खेती और किसानों का सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के प्रत्येक जिले में एक-एक मॉडल किसान पाठशाला स्थापित की जाये, ताकि किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती और नई कृषि पद्धतियों का प्रशिक्षण दिया जा सके। इससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। शुक्रवार को झारखंड मंत्रालय में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। इसलिए सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को निर्धारित समय के भीतर खाद, बीज, तकनीकी मार्गदर्शन और अन्य जरूरी संसाधन उपलब्ध (शेष पृष्ठ 10 पर)

### गैस पाइपलाइन में अचानक धमाका, कई छात्र बेहोश

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मुशहरी प्रखंड स्थित रोहुआ हाई स्कूल के समीप शुक्रवार को नाला निर्माण के दौरान गैस पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने से बड़ा हादसा हो गया। पाइपलाइन कटते ही तेज आवाज के साथ गैस का रिसाव शुरू हो गया। घटना के समय करीब 100 मीटर की दूरी पर स्थित रोहुआ हाई स्कूल में कक्षाएं चल रही थीं। अचानक तेज आवाज और गैस का गुबार फैलने से स्कूल में अफरा-तफरी मच गई और पांच छात्र बेहोश हो गए। घटना के बाद स्कूल प्रशासन, स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी बच्चों को तत्काल मुशहरी पीएचसी पहुंचाया गया।



# सदन के महत्वपूर्ण निर्णय प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंचाएं : डॉ. प्रेम कुमार

**▸ विधानसभा में प्रेस सलाहकार समिति की बैठक आयोजित ▸ मानसून सत्र के सफल संचालन की तैयारी तेज**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार विधान सभा के आगामी मानसून सत्र को सुचारु, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से संचालित करने की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक प्रस्तावित मानसून सत्र के दौरान मीडिया और विधानसभा के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रेस सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सत्र के दौरान समाचार संकलन, सूचना के आदान-प्रदान और मीडिया की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य भवन के प्रथम तल स्थित वाचनालय में शुक्रवार को आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने की। बैठक में आगामी मानसून सत्र के सफल संचालन से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और विधानसभा की कार्यवाही को जनता तक निष्पक्ष एवं तथ्यात्मक रूप से पहुंचाने में प्रेस प्रतिनिधियों का योगदान सराहनीय रहता है। उन्होंने आगामी मानसून सत्र के दौरान भी सभी प्रेस प्रतिनिधियों से सहयोग की अपील की, ताकि सदन की कार्यवाही और महत्वपूर्ण निर्णय प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुंच सकें। बैठक में प्रेस प्रतिनिधियों और विधानसभा प्रशासन के बीच समन्वय को और मजबूत बनाने तथा सत्र के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं पर भी चर्चा की गई। मानसून सत्र 20 जुलाई से 24 जुलाई 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें राज्य से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विधायी और जनहित के मुद्दों पर चर्चा होने की संभावना है।

# परिसीमन की नई कवायद के चलते टल सकते हैं पंचायत चुनाव ?

**मौजूदा जनप्रतिनिधि कर सकते हैं कार्यकाल जारी**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में पंचायत व्यवस्था को आबादी के अनुरूप अधिक संतुलित और प्रतिनिधिक बनाने की दिशा में सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद क्षेत्रों का 2011 की जनगणना के आधार पर नए सिरे से परिसीमन किया जाएगा। इस प्रक्रिया के पूरा होने और पिछड़े वर्गों के आरक्षण पर समर्पित आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद ही चुनाव कराए जाएंगे। संभावना है कि अब पंचायत चुनाव जुलाई-अगस्त 2027 में होंगे। सरकार के अनुसार बिहार में पिछले 36 वर्षों से पंचायतों का परिसीमन नहीं हुआ है। बदलती आबादी और भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद की सीमाओं का पुनर्निर्धारण आवश्यक माना गया है, ताकि सभी क्षेत्रों को आबादी के अनुपात में बेहतर प्रतिनिधित्व मिल सके। परिसीमन की प्रक्रिया अगस्त 2026 से शुरू होकर अप्रैल 2027 तक चलेगी। इसके बाद पिछड़े वर्गों के आरक्षण से जुड़े मुद्दों पर समर्पित आयोग अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपेगा। पूरी प्रक्रिया में लगभग दो से तीन महीने का अतिरिक्त समय लगेगा, जिसके बाद चुनाव कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा कि सरकार समय पर पंचायत चुनाव कराना चाहती थी, लेकिन परिसीमन और अन्य तकनीकी प्रक्रियाओं के कारण यह संभव नहीं हो सका। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अगले वर्ष चुनाव कराए जाएंगे। चुनाव स्थगित होने का अर्थ यह नहीं है कि पंचायतों का कामकाज प्रभावित होगा। मौजूदा मुखिया, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य और जिला परिषद सदस्य अगले नौ से दस महीने तक अपने पदों पर बने रह सकते हैं तथा पहले की तरह विकास कार्यों की निगरानी और प्रशासनिक जिम्मेदारियों निभाते रहेंगे। उल्लेखनीय है कि इससे पहले वर्ष 2021 में भी कोरोना महामारी के कारण पंचायत चुनाव निर्धारित समय पर नहीं हो सके थे और पंचायतों के संचालन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई थी। अब तकनीकी और प्रशासनिक कारणों से चुनाव आगे बढ़ाए गए हैं। ऐसे में बिहार की नई पंचायत सरकार के गठन के लिए राज्य के लोगों को अगले वर्ष तक इंतजार करना होगा।

# दक्षिण पूर्व रेलवे के नए अपर महाप्रबंधक बने मनीष जैन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**कोलकाता।** दक्षिण पूर्व रेलवे को नया अपर महाप्रबंधक मिल गया है। मनीष जैन ने शुक्रवार को अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वह मेट्रो रेलवे, कोलकाता में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। मनीष जैन भारतीय रेल यांत्रिक अभियंता सेवा (आईआरएसएमई) के वर्ष 1990 बैच के अधिकारी हैं। रेलवे में अपने लंबे कार्यकाल के दौरान मनीष जैन ने कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारियां निभाई हैं। वह पूर्व रेलवे में मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (कोचिंग) और हावड़ा मंडल के मंडल रेल प्रबंधक रह चुके हैं। रेलवे बोर्ड में उन्होंने कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक अभियांत्रिकी-माल) तथा कार्यकारी निदेशक (यांत्रिक अभियांत्रिकी-ट्रैक्शन) के रूप में भी सेवाएं दी हैं। इसके अलावा वह इरकॉन में मुख्य महाप्रबंधक, कॉनकॉर में समूह महाप्रबंधक (तकनीकी) तथा नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय रेल संग्रहालय के निदेशक के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। भारतीय रेल में अन्य कई महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन भी उनके अनुभव का हिस्सा रहा है। मनीष जैन को रेल अभियांत्रिकी और रेल परिचालन से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यापक ज्ञान और समृद्ध कार्यानुभव प्राप्त है। उन्होंने भारत के साथ-साथ अमेरिका और कनाडा सहित कई देशों में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है। पेशेवर दायित्वों के अलावा उनकी रुचि खेल, चलचित्र और संगीत में भी है।

# आइसीएमएआइ के पटना साहिब चैप्टर में सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिए कैट (डीजीआर) बैच शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** भारतीय लागत लेखाकार संस्थान द्वारा रक्षा पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर), रक्षा मंत्रालय के सहयोग से संचालित सर्टिफिकेट इन अकाउंटिंग टेक्नीशियन्स (कैट-डीजीआर) कार्यक्रम के तहत पटना साहिब चैप्टर में नए बैच की शुरुआत हो गई है। वर्ष 2023 से संचालित इस कार्यक्रम के माध्यम से भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्ति के निकट पहुंच चुके कार्मिकों को लेखांकन, वित्त एवं व्यावसायिक प्रबंधन का रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अब तक देशभर में 1,970 रक्षा कार्मिक इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। शैक्षणिक वर्ष 2026-27 में देश के 49 स्थानों पर 82 कैट (डीजीआर) बैच संचालित किए जा रहे हैं, जिनमें 3,280 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। पटना साहिब चैप्टर के इस बैच में भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना के 49 नामांकित अभ्यर्थी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। बैच के शुभारंभ अवसर पर आईसीएमएआई के काउंसिल सदस्य सीएमए चित्तरंजन चट्टोपाध्याय, सीएमए अविजीत गोस्वामी एवं सीएमए बी. बी. नायक उपस्थित रहे। इस दौरान रक्षा पुनर्वास महानिदेशालय (डीजीआर) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने भी प्रतिभागियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में सशस्त्र बलों के कार्मिकों के लिए कौशल विकास, व्यावसायिक शिक्षा एवं रोजगारपरक प्रशिक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला गया। पटना साहिब चैप्टर के सचिव सीएमए मो. अमानुद्दीन, सीएमए श्रवण कुमार एवं सीएमए रिज़वान अहमद ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी आवश्यक शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# बिहार में शिक्षक स्थानांतरण की समय सारिणी जारी, 29 जुलाई से शुरू होगी आवेदन प्रक्रिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार के सरकारी शिक्षकों के स्थानांतरण को पारदर्शी, चरणबद्ध और समयबद्ध बनाने की दिशा में शिक्षा विभाग ने विस्तृत कार्यक्रम जारी कर दिया है। नई अधिसूचना के अनुसार समायोजन, समानीकरण, पारस्परिक स्थानांतरण और सामान्य स्थानांतरण की पूरी प्रक्रिया जुलाई से अक्टूबर 2026 के बीच संपन्न होगी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि सभी चरण निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरे किए जाएंगे, ताकि शिक्षकों के स्थानांतरण की प्रक्रिया सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। शिक्षा विभाग की ओर से जारी अधिसूचना संख्या-747, दिनांक 17 जुलाई 2026 में बताया गया है कि विभागीय अधिसूचना संख्या-656, दिनांक 25 जून 2026 के माध्यम से बिहार राज्य शिक्षक स्थानांतरण नियमावली-2026 अधिसूचित की गई थी। इसी नियमावली के तहत समायोजन, समानीकरण, पारस्परिक स्थानांतरण तथा सामान्य स्थानांतरण से संबंधित गतिविधियों का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अधिसूचना के अनुसार समायोजन और पारस्परिक स्थानांतरण के लिए आवेदन 29 जुलाई से 5 अगस्त 2026 तक लिए जाएंगे। इसके बाद पहले चरण में जिला, प्रमंडल और राज्य स्थापना समिति की बैठकें, शिक्षकवार समायोजन एवं समानीकरण सूची का प्रकाशन, सूची पर आपत्तियां तथा उनके निपटारे की प्रक्रिया 7 अगस्त से 9 सितंबर 2026 तक चलेगी। दूसरे चरण में पारस्परिक स्थानांतरण की प्रक्रिया जिला, प्रमंडल और राज्य स्थापना समिति के माध्यम से 10 से 14 सितंबर 2026 तक पूरी की जाएगी। तीसरे चरण में समायोजन और पारस्परिक स्थानांतरण के बाद विद्यालयवार संशोधित रिक्तियों का प्रकाशन 16 सितंबर 2026 को होगा। सामान्य स्थानांतरण के लिए शिक्षकों से विद्यालयों के विकल्प सहित आवेदन 17 से 23 सितंबर 2026 तक लिए जाएंगे। इसके बाद सामान्य स्थानांतरण सूची का प्रकाशन, उस पर आपत्तियों की सुनवाई और अंतिम निपटारा 24 सितंबर से 31 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा। अधिसूचना में कहा गया है कि निर्धारित समय-सारिणी का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। यह आदेश राज्यपाल के आदेश से शिक्षा विभाग के उप सचिव अजय सतीश भंगरा द्वारा जारी किया गया है।

# 'उन्नत शिक्षा-उज्ज्वल भविष्य', घर बैठे अब होगी मेडिकल और इंजीनियरिंग की तैयारी

**लाइव क्लासेज के माध्यम से पटना के 10 मॉडल स्कूलों में शुरू हुई पढ़ाई**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य के उन छात्र-छात्राओं का सपना साकार कर दिया है जो मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने के लिए महंगे कोचिंग संस्थानों में जाने से वंचित रह जाते थे। सरकार के इस प्रयास से हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अब घर बैठे ही जेईई और नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर सकते हैं। इसके लिए पटना के 10 सरस्वती विद्या निकेतन के नाम पर बनाये गए आदर्श विद्यालयों में लाइव क्लासेज के माध्यम से पढ़ाई शुरू कर दी गई है। राज्य सरकार ने सात निश्चय-3 (2025-30) 'उन्नत शिक्षा- उज्ज्वल भविष्य' के तहत चयनित सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के माध्यम से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, समावेशी एवं नवाचार आधारित शिक्षा प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत बिहार सरकार ने राज्य के सभी जिला स्कूलों और प्रत्येक प्रखण्ड में अवस्थित एक-एक उच्च माध्यमिक विद्यालय को मिलाकर कुल 544 विद्यालयों को सरस्वती विद्या निकेतन (आदर्श विद्यालय) के रूप में चयन किया गया है। इसके अतिरिक्त पूर्व से संचालित 155 राजकीय एवं राजकीयकृत विद्यालयों को भी इसी योजना के अंतर्गत उन्नत किया जाएगा। ताकि शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले छात्र-छात्राओं को उनके घर के पास ही बेहतर शिक्षा मिल सके। इसके साथ ही उन्हें नीट और जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने के लिए बाहर नहीं जाना पड़े। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा पटना के 10 मॉडल स्कूलों में लाइव क्लासेज का शुभारंभ करने के साथ ही नीट और जेईई प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए पढ़ाई शुरु हो गई। विद्यार्थी उन विद्यालयों में जाकर पढ़ाई करने के साथ ही घर बैठे भी ऑनलाइन पढ़ाई कर सकते हैं। राज्य सरकार ने पटना के जिन 10 सरस्वती विद्या निकेतनों (मॉडल स्कूल) में नीट और जेईई की तैयारी करने के लिए लाइव क्लासेज शुरू किया है उसमें वीरचंद पटेल पथ स्थित देवीपद चौधरी शहीद स्मारक (मिलर) उच्च माध्यमिक विद्यालय, डीवीआरके जलान उच्च माध्यमिक विद्यालय पटना सिटी, जनकधारी उच्च माध्यमिक विद्यालय दानापुर कैंट, केबी सहाय उच्च माध्यमिक विद्यालय शेरूल्लाहपुर, महंथ हनुमान शरण उच्च माध्यमिक विद्यालय राजापुर मैनपुरा, राजकीय ब्वायज हाई स्कूल राजेंद्र नगर, शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गर्दनीबाग, श्री रघुनाथ प्रसाद गर्ल्स हाई स्कूल कंकड़बाग, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पटना सिटी और राजकीय गर्ल्स उच्च माध्यमिक विद्यालय शस्त्रीनगर शामिल हैं।

# पीएम-अजय योजना से अनुसूचित जाति बहुल गांवों में विकास को गति

**47.59 लाख से अधिक लोग हुए लाभान्वित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** अनुसूचित जाति समुदायों के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और समावेशी विकास को गति देने वाली प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना (पीएम-अजय) के तहत देशभर में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। योजना के माध्यम से अब तक 47.59 लाख से अधिक नागरिक लाभान्वित हुए हैं। आदर्श ग्राम योजना के अंतर्गत 16,759 गांवों को आदर्श ग्राम घोषित किया जा चुका है जबकि 46,782 से अधिक विकास कार्य पूरे किए गए हैं। साथ ही 24,133 ग्राम विकास योजनाएं तैयार की गई है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के अनुसार पीएम-अजय के तहत 47,316 अनुसूचित जाति बहुल गांवों को योजना में शामिल किया गया है। योजना का उद्देश्य गरीबी कम करना, आजीविका के अवसर बढ़ाना, आधारभूत संरचना का विकास करना तथा तकनीक आधारित पारदर्शी व्यवस्था के माध्यम से समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय वर्ष 2026-27 में 750 विद्यार्थियों के आवास की व्यवस्था हेतु दो बालिका छात्रावास सहित तीन छात्रावास परियोजनाओं के निर्माण के लिए 22.50 करोड़ रुपये की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई है। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने कहा कि सामुदायिक भागीदारी और विभिन्न एजेंसियों के समन्वय से योजना जमीनी स्तर पर समुदायों को सशक्त बना रही है। मंत्रालय ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पीएम-अजय पोर्टल और अजय मोबाइल एप्लिकेशन विकसित किया है।

# कौशल युवा कार्यक्रम की नियमित कक्षाएं सोमवार से, विद्यार्थियों में दिख रहा उत्साह : डॉ. आनंद रंजन झा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जंदाहा (वैशाली)।** कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में हाल ही में प्रारंभ किए गए 'कौशल युवा कार्यक्रम' को विद्यार्थियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। कार्यक्रम के सफल शुभारंभ के बाद अब सोमवार से नियमित कक्षाओं का संचालन प्रारंभ किया जा रहा है। क्षेत्र के छात्र-छात्राओं में आधुनिक एवं रोजगारपरक कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने को लेकर विशेष उत्साह देखा जा रहा है तथा नामांकन का सिलसिला लगातार जारी है। संस्थान के निदेशक डॉ. आनंद रंजन झा ने बताया कि कौशल युवा कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को ऐसी व्यावहारिक एवं तकनीकी शिक्षा प्रदान करना है जिससे वे रोजगार, स्वरोजगार और डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए पूरी तरह तैयार हो सके। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की सकारात्मक प्रतिक्रिया यह साबित करती है कि क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कौशल प्रशिक्षण की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही थी। उन्होंने बताया कि नियमित कक्षाओं में विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कम्प्यूटर शिक्षा, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास, संचार कौशल, रोबोटिक्स तथा विभिन्न जॉब-ओरिएंटेड एवं हाई-टेक पाठ्यक्रमों का व्यावहारिक प्रशिक्षण अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा दिया जाएगा। संस्थान प्रबंधन के अनुसार बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन नामांकन के लिए संपर्क कर रहे हैं। विद्यार्थियों और अभिभावकों का उत्साह इस बात का संकेत है कि कौशल युवा कार्यक्रम क्षेत्र के युवाओं के लिए एक नई उम्मीद बनकर उभरा है। संस्थान ने इच्छुक छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वे शीघ्र नामांकन कराकर आगामी सोमवार से प्रारंभ होने वाली नियमित कक्षाओं का लाभ उठाएं और अपने उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक मजबूत कदम बढ़ाएं।

# जदयू पूर्व सांसद वशिष्ठ नारायण से मंत्री ने मुलाकात कर पूछा हालचाल

**दिल्ली एम्स में मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने की मुलाकात**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** जनता दल यूनाइटेड के पूर्व सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वशिष्ठ नारायण सिंह पिछले 8 जुलाई से दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती हैं। शुक्रवार को उनके स्वास्थ्य का हाल जानने बिहार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री तथा जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार दिल्ली पहुंचे। यहां डॉक्टरों ने वशिष्ठ नारायण की हालत में पहले की तुलना में सकारात्मक सुधार बताया है। डॉक्टरों ने कहा कि वे जल्द पूर्ण रूप से स्वस्थ हो जाएंगे। फिलहाल उनकी तबीयत में तेजी से सुधार हुआ है। मंत्री श्रवण कुमार ने वशिष्ठ नारायण के शीघ्र पूर्ण रूप से स्वस्थ होने और बिहार लौटने की कामना की है। उन्होंने कहा कि जदयू परिवार और बिहारवासी उनके जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना कर रहे हैं। इस मौके पर एमएलसी सह विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधीजी भी मौजूद रहे। उन्होंने भी वशिष्ठ नारायणजी के जल्द ठीक होने के लिए शुभकामनाएं दी। उम्मीद जताई कि जल्द ही वशिष्ठ नारायण सिंह पूर्ण रूप से स्वस्थ होकर बिहार लौटेंगे।

# नीट-यूजी में सफल विद्यार्थियों को विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के घोषित परिणामों में देशभर के विद्यार्थियों की शानदार सफलता ने युवा प्रतिभा, कठिन परिश्रम और संकल्प की नई मिसाल पेश की है। इस उपलब्धि पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे परिणाम न केवल व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक हैं, बल्कि देश और समाज के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला भी हैं। उन्होंने विशेष रूप से बिहार के उन विद्यार्थियों की सराहना की जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य का गौरव बढ़ाया है। डॉ. प्रेम कुमार ने नीट-यूजी परीक्षा में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त करने वाले देश के सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई और उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता युवाओं की मेधा, अनुशासन, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिचायक है। उन्होंने कहा कि बिहार के होनहार विद्यार्थियों ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और कठिन परिश्रम के बल पर राष्ट्रीय स्तर पर राज्य का मान बढ़ाया है। यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें अपने लक्ष्य की ओर पूरी निष्ठा से आगे बढ़ने का उत्साह देगी। डॉ. प्रेम कुमार ने ऑल इंडिया टॉप-टेन में स्थान हासिल करने वाले आयुष भालोटिया और रिया रंजन को विशेष रूप से बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विश्वास जताया कि दोनों विद्यार्थी आगे भी चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर देश और समाज का नाम रोशन करेंगे।

# महिला कल्याण संगठन ने पूर्व मध्य रेल सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल में वन महोत्सव में पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, दानापुर की अध्यक्षा निशी देव के नेतृत्व में पूर्व मध्य रेल सिनियर सेकेन्ड्री स्कूल में वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संगठन की पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे लगाए तथा उनकी नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम-से-कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए तथा उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। महिला कल्याण संगठन की अध्यक्षा ने अपने संबोधन में कहा कि संगठन समय-समय पर सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यक्रम आयोजित करता है। वृक्षारोपण अभियान भी उसी कड़ी का एक महत्वपूर्ण प्रयास है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और समाज को अधिकाधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित करना है।

# गूगल के सहयोग से किसानों के लिए बीज से बाजार तक डिजिटल व्यवस्था विकसित करेंगे : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली/पटना।** बिहार सरकार के कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आज नई दिल्ली में गूगल के गवर्नमेंट बिजनेस हेड आशीष वट्टल एवं उनकी टीम के साथ बैठक कर कृषि क्षेत्र में डिजिटल तकनीक, फार्मर आईडी तथा किसानों को बीज से बाजार तक तकनीक आधारित सेवाएं उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के उपरांत मीडिया से बातचीत करते हुए कृषि मंत्री श्री सिन्हा ने कहा कि भारत की विकास यात्रा में किसानों का योगदान सदैव सर्वोपरि रहा है। देश ने पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' के मंत्र से प्रेरणा ली, श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी ने इसमें 'जय विज्ञान' का सूत्र जोड़ा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे आगे बढ़ाते हुए 'जय अनुसंधान' का मंत्र दिया है। उन्होंने कहा कि यही 'जय अनुसंधान' आज कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक, नवाचार और डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से किसानों के जीवन में परिवर्तन का आधार बन रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का सपना है कि देश के प्रत्येक किसान की फार्मर आईडी बने, जो केवल एक पहचान पत्र नहीं बल्कि किसान का डिजिटल कृषि अभिलेख होगी। इसमें किसान को मिलने वाली उर्वरक एवं कीटनाशी की उपलब्धता, विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त सब्सिडी, कृषि उपज की खरीद सहित अन्य महत्वपूर्ण जानकारियां एकीकृत रूप से उपलब्ध रहेंगी। इससे सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं समयबद्ध तरीके से किसानों तक पहुंच सकेगा।

# राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने बांकीपुर उपचुनाव में भाजपा को दिया समर्थन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** रचनात्मक राजनीति के प्रति समर्पित राष्ट्रीय सहयोग पार्टी ने 'विकसित बिहार - विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी को बिना शर्त समर्थन देने का निर्णय लिया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को पत्र लिखकर समर्थन की जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भाजपा प्रत्याशी नीरज कुमार सिन्हा को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाने के लिए घर-घर जाकर प्रचार करेंगे। डॉ. वर्मा ने बांकीपुर की जनता से अपील की है कि वे विकास और सुशासन के लिए भाजपा के होनहार, विनम्र व कर्मठ प्रत्याशी नीरज सिन्हा को भारी मतों से जिताएं।

# बिहार में सीएसआर निवेश को बढ़ाने के लिए आगे आएं संस्थाएं : मंत्री

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने देश की प्रमुख सामाजिक एवं कॉरपोरेट संस्थाओं से बिहार में निवेश करने और सामाजिक विकास कार्यों के लिए आगे आने का आह्वान किया। उन्होंने गुरुवार को कर्नाटक के मुद्देनहल्ली स्थित सत्य साई ग्राम में स्वर्ण जयंती समारोह के मौके पर आयोजित सीएसआर कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए उक्त बातें कहीं। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सीएसआर मद में अपेक्षाकृत कम खर्च होता है। ऐसे में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण और कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रही संस्थाओं के लिए बिहार में व्यापक संभावनाएं मौजूद हैं। राज्य सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं तथा प्रक्रियाओं को सरल बनाकर निवेशकों के लिए नए अवसर उपलब्ध कराए हैं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार विभिन्न संस्थाओं ने दक्षिण भारत में समाज के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, उसी प्रकार उत्तर भारत, विशेषकर बिहार के विकास में भी सहभागिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आज का यह मंच उत्तर और दक्षिण भारत के मिलन का प्रतीक है। जिस तरह आपने दक्षिण को संवारा, उसी तरह उत्तर को संवारने की भी जिम्मेदारी आपकी है। शिक्षा मंत्री ने सत्य साई ग्राम में संचालित वेद विद्यालय, मेडिकल कॉलेज, अस्पताल तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों का अवलोकन करने के बाद अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने संस्थान की निस्वार्थ सेवा, अनुशासन, स्वच्छता और समाज के प्रति समर्पण की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक मॉडल बताया। उन्होंने वन वर्ल्ड वन फैमिली मिशन के संस्थापक सद्गुरु मधुसूदन साई से बिहार में भी कर्नाटक की तर्ज पर शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी संस्थान स्थापित करने का आग्रह किया। कहा कि मिशन लंबे समय से बिहार में अवसर तलाश रही है।

# बारह पत्थर के हजारों परिवारों के स्थायी निवास प्रमाण-पत्र समस्या पर डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

## डीएम ने उच्चस्तरीय बैठक कर समाधान का दिया आश्वासन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधानसभा क्षेत्र के बारह पत्थर इलाके में पिछले कई दशकों से रह रहे हजारों परिवारों की स्थायी निवास प्रमाण-पत्र (रेजिडेंशियल सर्टिफिकेट) संबंधी समस्या को लेकर गुरुवार को सामाजिक कार्यकर्ता बबल कश्यप के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने रोहतास के जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा एवं जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जफर हसन से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में विस्तृत मांग-पत्र सौंपते हुए शीघ्र समाधान की मांग की। प्रतिनिधिमंडल का कहना था कि 12 पत्थर क्षेत्र में वर्षों से हजारों परिवार निवास कर रहे हैं, लेकिन प्रशासनिक जटिलताओं के कारण बड़ी संख्या में लोगों का स्थायी निवास प्रमाण-पत्र आज भी नहीं बन पा रहा है। इसका सबसे अधिक असर क्षेत्र के युवाओं और विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। निवास प्रमाण-पत्र के अभाव में युवा सरकारी नौकरियों के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं जबकि छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति एवं अन्य शैक्षणिक सुविधाओं से वंचित हो रहे हैं। साथ ही आम नागरिक भी राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं। सामाजिक कार्यकर्ता बबल कश्यप ने जिलाधिकारी को बताया कि यह केवल प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि हजारों परिवारों के शिक्षा, रोजगार और सामाजिक सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मानवीय विषय है। उन्होंने कहा कि वर्षों से लंबित इस समस्या के कारण क्षेत्र के लोगों में निराशा और असंतोष का माहौल है। प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने सकारात्मक आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि इस मामले पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ शीघ्र ही उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की जाएगी। सभी तकनीकी एवं कानूनी पहलुओं की समीक्षा कर स्थायी और त्वरित समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। मौके पर बबल कश्यप, कुंवर सिंह, दिनेश प्रसाद, छट्ठू सिंह, अर्चित कुमार सहित क्षेत्र के कई गणमान्य नागरिक, प्रबुद्धजन एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# तिलौथू के तीन होनहारों ने नीट में लहराया सफलता का परचम, क्षेत्र का बढ़ाया मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**







**तिलौथू (रोहतास)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2026 में तिलौथू के तीन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह साबित कर दिया कि कठिन परिश्रम, लगन और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। तिलौथू पूर्वी पैक्स अध्यक्ष एवं समाजसेवी जितेंद्र सिंह की पुत्री प्रिय राज, जो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तिलौथू की छात्रा है ने अपने तीसरे प्रयास में 610 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक (एयर) 7102 हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। वहीं पत्रकार सुधीर कुमार सिंह की भतीजी एवं सुनील सिंह की पुत्री प्रेणा प्रियदर्शी ने अपने पहले ही प्रयास में 573 अंक प्राप्त कर नीट 2026 में सफलता हासिल की। वह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (12), तिलौथू की पूर्व छात्रा है तथा मैट्रिक की शिक्षा जेम्स स्कूल से प्राप्त की है। इसी क्रम में हुरका पंचायत के लेवड़ा गांव निवासी संतोष के पुत्र राज कमल ने भी विपरीत परिस्थितियों के बावजूद 570 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता अर्जित की। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।

तीनों विद्यार्थियों की सफलता पर उनके अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यालय परिवार, समाजसेवियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समाजसेवी सत्यानंद कुमार ने कहा कि इन होनहार छात्र-छात्राओं की उपलब्धि आने वाली पीढ़ी को उच्च शिक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करेगी। तिलौथू के इन तीनों विद्यार्थियों की सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई कि ये प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं भविष्य में चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं देकर जिले और राज्य का नाम और ऊंचा करेंगे।

# खुदकुशी से पहले वीडियो बनाकर दिया बयान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के जखनी में कंचन कुमार नामक युवक ने शादी के दो महीना के बाद ही अपने ही कमरे में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। साथ ही खुद्कुशी से पहले उसने वीडियो भी बनाया है जिसमें अपने खुद्कुशी के लिए अपनी पत्नी तथा सास को दोषी ठहराया है। साथ ही पत्नी के बीच चल रहे विवाद में समझौता करने वाले एक अधिवक्ता एवं सरपंच का भी उसने अपने अंतिम वीडियो में नाम लिया है। उधर कंचन कुमार की खुद्कुशी के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया है। साथ ही जिस मोबाइल में उसने सुसाइड से पहले वीडियो रिकॉर्ड किया है। उस मोबाइल फोन को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि कंचन कुमार मजदूरी करता था तथा 5 मई को ही उसकी शादी हुई थी। शादी के बाद पत्नी से विवाद शुरू हो गया था। बताया जाता है कि पिछले दिनों वह अपने ससुराल अगरेर थाना क्षेत्र के कोठरा गया हुआ था जहां उसकी पत्नी उसकी सास तथा अन्य लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी थी जिससे वह काफी मर्माहत था। मृतक के भाई चंदन कुमार ने बताया कि शादी के बाद से ही पति-पत्नी के बीच तनाव शुरू हो गया था जिसको लेकर कई बार मारपीट भी हुई थी इसकी जानकारी पूरे परिवार को थी, लेकिन इसी बीच कंचन कुमार ने अपने ही कमरे में खुद्कुशी कर ली। शव को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया गया है।

# विधायक ने आरपीजी पल्स टू विद्यालय के नवनिर्मित चार कमरों का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**अकोढ़ीगोला।** स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन कार्य प्रमंडल सासाराम द्वारा 48 लाख राशि से राम प्यारी बालिका उच्च +2 विद्यालय दरिहट में नवनिर्मित चार कमरों का शुक्रवार को स्थानीय विधायक राजीव रंजन सिंह व मुख्य अतिथि बुचुल सिंह यादव ने संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। इस अवसर पर संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जब तक बेटी नहीं पढ़ेगी तब तक परिवार नहीं पढ़ेगी। बेटियां दो परिवारों को बढ़ाने की काम करती है। आज लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में लड़कों से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि स्कूलों में संसाधनों की कमियां दूर हो रही है, लेकिन व्यवस्था का सदुपयोग करना विद्यालय के शिक्षकों का काम है। स्कूलों के मूलभूत सुविधाओं पूरा करने के लिए स्कूल के कोष का उपयोग करे। उन्होंने किसानों की समस्याओं व अस्पताल को अपग्रेड करने का अश्वासन दिया। वही कार्यक्रम को जिला परिषद सदस्य नथुनी पासवान, मुखिया शारदा कुंवर, मनोज गुप्ता, सुभाष कुशवाहा, राजेंद्र प्रसाद सिंह आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अशोक कुमार सिंह ने किया। वहीं प्रधानाध्यापक बीरेन्द्र कुमार व शिक्षकों ने आगत अतिथियों को अंगवस्त्र देकर किया। मौके पर प्रधानाध्यापक प्रमोद तिवारी, अशोक कुमार, मनोज यादव, इं. ललन पाल, हरिहर पाल, श्रीकांत पाल, सुभाष कुशवाहा, नागेन्द्र सिंह, राजेंद्र सिंह, संजय गुप्ता, भुवर साह, अनिल कुमार सिंह, गोलू कुमार, सत्येंद्र पांडेय, सोनू यादव, विनय कुमार सिंह, मंजू देवी व सरिता देवी आदि मौजूद थे।

# मेहंदी दुकानदार ने किराए के मकान में की खुदकुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नगर थाना क्षेत्र के धर्मशाला रोड में स्थित एक किराए के मकान में रह रहे युवक ने फांसी लगाकर खुद्कुशी कर ली। उसकी पहचान उत्तर प्रदेश के हाथरस जिला के रहने वाले प्रवीण प्रकाश के रूप में हुई है जो सासाराम के एक मॉल में मेहंदी बेचता था लगता भी था। वह सासाराम में एक किराए के मकान में रह रहा था। आज सुबह सूचना मिली कि वह अपने घर के पंखे वाला कुंडी से झूल कर खुदकुशी कर ली है। उसके साथ रह रहे एक अन्य युवक की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल भेज दिया। सूचना पर मृतक के परिजन भी पहुंच गए। मृतक के पिता श्रीपाल सिंह ने बताया कि उसका पुत्र सासाराम के वी-2 मॉल में मेहंदी लगाने का स्टॉल लगाकर दुकान चलाता था। उसके साथ रहने वाले एक अन्य युवक फिल्म देखने चला गया था।

# फायरिंग कांड का मुख्य आरोपित झारखण्ड से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी मुफस्सिल थाना के जमुहार स्थित नारायण मेडिकल कालेज व अस्पताल गेट के पास हुई फायरिंग के मुख्य आरोपी को झारखंड के कोडरमा स्थित एक होटल से सोते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। मुफस्सिल थानाध्यक्ष नितेश कुमार के अनुसार गिरफ्तार मुख्य आरोपी सासाराम मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जयपुर गांव निवासी गुड्डू सिंह है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि जमुहार निवासी प्रिंस कुमार और आरोपी के बीच गत जनवरी में हुए फुटबाल मैच को ले पुराना विवाद था। बुधवार को आरोपी कुछ लोगों के साथ फॉर्च्यूनर गाड़ी से मरीज से मिलने एनएमसीएच पहुंचा था। वहां दोनों का आमना-सामना होने पर तनाव बढ़ गया। इसके बाद आरोपी गुड्डू सिंह आक्रोशित होकर अपनी फॉर्च्यूनर से ही अवैध हथियार निकालकर फायरिंग कर दी। फायरिंग के दौरान प्रिंस कुमार जान बचाकर भाग निकला। प्रिंस कुमार ने इस मामले में दस लोगों के खिलाफ डिहरी मुफस्सिल थाना में प्राथमिकी कराई थी। आरोप था कि पुराने विवाद को लेकर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से फायरिंग की। थानाध्यक्ष ने बताया कि नामजद अभियुक्त को झारखंड से गिरफ्तार कर लिया गया है। पूछताछ जारी है। हालांकि पुलिस अभी तक हथियार बरामद नहीं कर पाई है। फायरिंग में इस्तेमाल की गई फॉर्च्यूनर को भी जब्त कर लिया गया है।

# पाली रेलवे ओवरब्रिज को जल्द चालू कराने की मांग, डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी शहर को पटना सहित आसपास के क्षेत्रों से जोड़ने वाला पाली रेलवे ओवरब्रिज पिछले लगभग चार वर्षों से मरम्मत कार्य के नाम पर काम कच्छप गति से चल रहा है। लंबे समय से पुल का परिचालन बंद रहने के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार कई निर्माण एजेंसियां और कंपनियां कार्य के लिए आईं, लेकिन अब तक ओवरब्रिज की समुचित मरम्मत अथवा पुनर्निर्माण का कार्य पूरा नहीं हो सका है। इसी मुद्दे को लेकर डिहरी विधिक संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे उर्फ मुटुर पांडे ने डीएम दीपक कुमार मिश्रा से मुलाकात कर पाली रेलवे ओवरब्रिज को शीघ्र चालू कराने की मांग उठाई। उन्होंने जिलाधिकारी को उनके कार्यालय में बुके देकर स्वागत किया। डीएम को बताया कि पुल बंद रहने के कारण डालमियानगर, मकराइन, हुड़का तथा आसपास के क्षेत्रों में आने-जाने वाले लोगों को रेलवे लाइन के नीचे बने रास्ते से आवागमन करना पड़ता है जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। उन्होंने यह भी बताया कि चार पहिया वाहनों को पाली रोड के बजाय जवाहर सेतु के समीप बने डायवर्सन से होकर उबड़-खाबड़ एवं पथरीले मार्ग से मकराइन रेलवे कॉलोनी होते हुए गुजरना पड़ता है। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ गंभीर मरीजों, छात्र-छात्राओं, अधिवक्ताओं तथा अन्य आवश्यक कार्य से आने-जाने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। श्री पांडे की बातों को गंभीरता से सुनते हुए जिलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने आश्वासन दिया कि पाली रेलवे ओवरब्रिज को जल्द से जल्द परिचालन में लाने के लिए संबंधित विभाग को आवश्यक एवं प्रभावी निर्देश दिए जाएंगे, ताकि जनता को राहत मिल सके। बताया कि ओवरब्रिज के निर्माण एवं मरम्मत से जुड़े प्रस्तावों में कई बार तकनीकी बदलाव किए गए हैं। अब यह भी चर्चा है कि पुल के व्यापक पुनर्निर्माण की दिशा में कार्ययोजना तैयार की जा रही है। हालांकि इस संबंध में आधिकारिक पुष्टि की प्रतीक्षा है। पाली रेलवे ओवरब्रिज के शीघ्र चालू होने की उम्मीद में डिहरी तथा आसपास के क्षेत्रों के लोगों में सकारात्मक माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन की पहल से यह कार्य जल्द पूरा हो जाता है तो वर्षों से चली आ रही आवागमन की समस्या का स्थायी समाधान हो सकेगा।

# मिल संचालक समेत दो पर प्राथमिकी, 2.69 लाख का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** विद्युत विभाग द्वारा बिजली चोरी के विरुद्ध चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के तहत दिनारा और नटवार थाना क्षेत्र में मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने के दो मामलों का खुलासा हुआ है जिसमें विभाग ने कुल 2,69,160 का आर्थिक दंड लगाया है और दोनों उपभोक्ताओं के खिलाफ विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 के तहत संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जांच के दौरान दिनारा थाना क्षेत्र के ग्राम लिलवछ निवासी अशोक कुमार राय के घरेलू परिसर में मीटर से पहले मुख्य सर्विस तार को काटकर उसमें तीन अतिरिक्त तार जोड़ दिए गए थे जिससे मीटर बाईपास कर बिजली चोरी की जा रही थी।

# सोनाक्षी राज ने नीट परीक्षा में लहराया परचम, क्षेत्र का नाम रौशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**विक्रमगंज/दावथ (रोहतास)।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 के परिणाम शुक्रवार को घोषित होते ही दावथ क्षेत्र में खुशी और गर्व का माहौल बन गया जब स्थानीय होनहार छात्रा सोनाक्षी राज ने 720 में से 622 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय रैंक 4719 हासिल करते हुए पूरे जिले का नाम रोशन किया। शिक्षक मुरली मनोहर प्रसाद एवं शिक्षिका कुमारी बंदना की पुत्री सोनाक्षी की इस ऐतिहासिक सफलता की खबर मिलते ही उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। विद्यालय परिवार, सहपाठियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया। सोनाक्षी के दादा डॉ. बली प्रसाद और चाचा सोनू कुमार ने बताया कि बचपन से ही सोनाक्षी पढ़ाई में अत्यंत मेहनती और अनुशासित रही है और डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करना उसका सबसे बड़ा सपना है। माता-पिता ने बताया कि सोनाक्षी ने दिन-रात की कड़ी मेहनत, नियमित अध्ययन और गुरुजनों के मार्गदर्शन से यह मुकाम हासिल किया है और इस सफलता का श्रेय वह अपने माता-पिता, शिक्षकों और विद्यालय को देती है।

# बिक्रमगंज के नए एसडीएम दिलीप कुमार ने संभाला पदभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**बिक्रमगंज (रोहतास)।** अनुमंडल कार्यालय बिक्रमगंज में शुक्रवार को प्रशासनिक फेरबदल के तहत दिलीप कुमार ने नए अनुमंडल पदाधिकारी के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण के तुरंत बाद आयोजित स्वागत समारोह में निवर्तमान एसडीएम प्रभात कुमार ने उन्हें बुके और अंगवस्त्र भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया तथा उनके उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। इस गरिमामय अवसर पर अनुमंडल कार्यालय के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और नवपदस्थापित एसडीएम का स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल के सफल होने की कामना की। पदभार ग्रहण करने के बाद दिलीप कुमार ने कार्यालय के सभी कर्मियों से व्यक्तिगत परिचय प्राप्त किया और स्पष्ट कहा कि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि टीम भावना के साथ काम करते हुए आम जनता की समस्याओं का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ समय पर मिल सके।

# सरवर अली बने बसपा बिहार के प्रदेश महासचिव, माला पहना किया स्वागत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के बिहार प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो ने सरवर अली को पार्टी का बिहार प्रदेश महासचिव नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति पर पार्टी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य सेक्टर प्रभारी एवं पूर्व राज्यसभा सांसद राजाराम ने सरवर अली को फूल-माला पहनाकर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बसपा की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाकर संगठन को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा तथा पार्टी को उज्ज्वल भविष्य की ओर ले जाने के लिए सभी कार्यकर्ता मिलकर काम करेंगे। इस मौके पर केंद्रीय प्रभारी श्रीकांत, बिहार प्रदेश जोन प्रभारी संतोष कुमार, विधायक सतीश सिंह यादव उर्फ पिंटू, करगहर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी उदय पटेल, शिव शंकर मुखिया, राकेश कुमार, सासाराम जिलाध्यक्ष उपेंद्र कुमार तथा कैमूर जिलाध्यक्ष अयोध्या कुमार सहित अन्य नेताओं को भी सम्मानित किया गया। बिहार प्रदेश जोन प्रभारी संतोष कुमार ने कहा कि सरवर अली की प्रदेश महासचिव पद पर नियुक्ति से पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि सरवर अली अपने अनुभव और समर्पण से संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सरवर अली को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

# चोरी के दो मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल डिहरी ऑन-सोन ने शुक्रवार को कड़ी कार्रवाई करते हुए चोरी के दो मोबाइल फोन के साथ एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार किया। बरामद मोबाइलों की अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपये बताई गई है। प्रभारी निरीक्षक राज किशोर कच्छवाहा के निर्देशन में सहायक उपनिरीक्षक मनोज कुमार चौधरी, प्रधान आरक्षी राम विलास एवं आरक्षी उमेश कुमार सिंह रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन क्षेत्र में गश्त, चेकिंग और आपराधिक गतिविधियों पर निगरानी कर रहे थे। इसी दौरान प्लेटफॉर्म संख्या 2/3 के पश्चिमी फुट ओवर ब्रिज की सीढ़ियों के पास एक संदिग्ध व्यक्ति को रोककर उसकी तलाशी ली गई। पूछताछ में उसकी पहचान बबलू पासवान (35 वर्ष), पिता स्वर्गीय बजरंगी पासवान, निवासी शाहपुर, थाना चैनपुर, जिला पलामू (झारखंड) के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से चोरी के दो मोबाइल फोन बरामद किए गए। पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि दोनों मोबाइल उसने ट्रेन में यात्रा कर रहे यात्रियों से चोरी किए थे। आरपीएफ ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद आरोपी को बरामद मोबाइल फोन के साथ अग्रिम कार्रवाई के लिए रेल थाना डिहरी ऑन-सोन को सौंप दिया। वहां आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरपीएफ ने यात्रियों से अपील की है कि यात्रा के दौरान अपने सामान और मोबाइल फोन की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल रेलवे सुरक्षा बल या जीआरपी को दें।


**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं. : एमसी-16-5-एमसीसी-एमडीपी-2026-29, दिनांक 15.07.2026,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम:** 03 (तीन) वर्ष (1096 दिन) की अवधि के लिए मशीनीकृत कोच की सफाई, अंदरूनी सूखी सफाई, यार्ड की सफाई, पिट की सफाई, मधुपुर कोचिंग डिपो, देवघर कोचिंग डिपो और दुमका के सेवा भवन। **निविदा मूल्य :** रु. 12,36,26,450.62, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य, **बयाना राशि :** रु. 7,68,100/-, **कार्य की समापन अवधि:** कार्य शुरू होने से 03 वर्ष। **बंद होने एवं खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 06.08.2026 को 15.00 बजे। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-182/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter



**शपथ-पत्र**

मैं शशि कुमार, पुत्र कमलेश सिंह निवासी आंजन, पो.+थाना- नीमा आंजन, जिला औरंगाबाद (बिहार), एतद द्वारा सूचित करता हूं कि मैंने दिनांक 14/07/2026 के शपथ-पत्र (एफिडेविट) के माध्यम से अपना नाम 'शशि कुमार' से बदलकर 'शशि सिंह सिसोदिया' रख लिया है। भविष्य में मैं सभी सरकारी, कानूनी एवं अन्य अभिलेखों में 'शशि सिंह सिसोदिया' के नाम से जाना जाऊंगा।

मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरे व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 19145 दिनांक 14.07.26

**शपथकर्ता**
**शशि सिंह सिसोदिया**
**@ शशि कुमार**



**जागृति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि.**

**ग्राम- बतवां मोर, पोस्ट- जम्होर, थाना-औरंगाबाद, अनुमंडल सदर, औरंगाबाद (बिहार)**

**मो0 नं0-8809861559/9006292872**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जागृति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. द्वारा सदर अस्पताल, औरंगाबाद में दीदी की कपड़ा धुलाई केन्द्र की स्थापना होनी है, जिसके लिए अलग-अलग संबंधित सामग्रियों की खरीदारी हेतु अलग-अलग निविदा/ कोटेशन आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | सामग्रियों का विवरण | विशिष्टियां | संख्या/ यूनिट | आपूर्ति की अवधि | आपूर्ति करने का पता एवं स्थापना |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | Automatic Industrial Washing Machine | ● Loading Type- Front loading<br>●Moter Power-1 HP<br>●Rated Capacity-30 Kg<br>●Air Pressure- 8 to 10 Bar<br>●Voltage-220 V<br>●Phase - 03 phase<br>●Drum Capacity-250 Ltr.<br>**Brand-** (Naveen, IFB Fab Care & similer Brand) | 01 Pcs | 10 दिन | सदर अस्पताल औरंगाबाद एवं सामग्री की स्थापना के साथ सामग्रियों का डेमोस्ट्रेशन करना |
| 02 | Hydro Extractor Machine (For Industrial) | ●Capacity- 20 Kg<br>●Materials- Stainless Steel<br>●Moter Power-7.5 kw and Above<br>●Basket Speed-750 RPM and Above Drum Size- 100 (4" BSP and Above).<br>**Brand-** (IFB, FabCare and similer Brand) | 01 Pcs | | |
| 03 | Tumbler Dryer Machine | ●Function- Fully Automatic<br>●Loading Type- Front loading, Top loading, side loading<br>●Capacity- 20 Kg<br>●Moter Size - Up to 3 HP<br>●Phase- 3 Phase<br>●Dimension-1100 mm X 1350 mm 1800 mm and above.<br>**Brand-** (Sigma, IFB, Fabcare & similer Brand) | 01 Pcs | | |

संबंधित योग्य निविदाकर्ता अपनी निविदा जागृति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. के उपंकित कार्यालय में दिनांक (जमा करने की तिथि) 31.07.2026 के 12:30 बजे दिन तक बंद लिफाफा में जमा कर सकते हैं।

**नोटः-** निविदा/ कोटेशन प्रपत्र हेतु अधिक जानकारी एवं कागजात हेतु जागृति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि. के उपंकित दर्ज पता/ नंबर, औरंगाबाद से संपर्क करते हुए निविदा/ कोटेशन को दिनांक 31.07.2026 समय 11:00 AM तक प्राप्त किया जा सकता है।

**निविदा/ कोटेशन खुलने की तिथि-** 31.07.2026 को 01:00 PM

**अध्यक्ष**
**जागृति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लि.**

# अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश, छह गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। लहेरी थाना पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए छह आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें सहित अन्य सामान बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपित गया, औरंगाबाद तथा जहानाबाद जिले के रहने वाले हैं और नालंदा समेत आसपास के जिलों में बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर रामचंद्रपुर बाजार समिति में छापेमारी की गई। इस दौरान मनीष कुमार को बाइक चोरी करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूछताछ में उसकी निशानदेही पर जहानाबाद के पंकज कुमार व रवि कुमार, औरंगाबाद के नितेश कुमार व सुकेश कुमार तथा गया के आदित्य कुमार को गिरफ्तार किया गया।पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि गिरोह के सदस्य संगठित तरीके से काम करते थे। कुछ सदस्य बाइक चोरी करते थे, जबकि अन्य चोरी की मोटरसाइकिलों के खरीदार तलाशकर उन्हें बेचते थे। खरीदार नहीं मिलने पर बाइक को कबाड़ी के पास भेजकर उसके पुर्जे अलग-अलग बेच दिए जाते थे। पूछताछ में यह भी सामने आया कि चोरी की अधिकांश बाइक अवैध शराब कारोबार से जुड़े लोगों को बेची जाती थीं। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश और चोरी की अन्य मोटरसाइकिलों की बरामदगी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। इस कार्रवाई में दरोगा नीतीश रंजन, संजीव कुमार, ऋतु रंजन समेत लहेरी थाना की पुलिस टीम शामिल रही।

# ससुराल वालों ने की विवाहिता की हत्या, जहर देने का आरोप

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। करायपरसुराय थाना क्षेत्र के बेरथू गांव में दहेज प्रताड़ना के आरोपों के बीच 25 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर मारपीट कर जबरन जहर पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। घटना के बाद ससुराल पक्ष के अधिकांश सदस्य फरार हो गए। पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान बेरथू गांव निवासी अमरजीत कुमार की पत्नी कृति कुमारी के रूप में हुई है। मृतका की भाभी खुशबू कुमारी, निवासी जगजानपुर (बेलछी थाना, पटना), ने बताया कि कृति की शादी वर्ष 2019 में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष बाइक, नकद राशि और जेवर की मांग को लेकर उसे लगातार प्रताड़ित करता था तथा मांग पूरी नहीं होने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। परिजनों का आरोप है कि गुरुवार को ससुराल वालों ने पहले कृति के साथ मारपीट की और फिर उसे जबरन जहर पिला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना को छिपाने के उद्देश्य से उसे एक झोलाछाप चिकित्सक के यहां ले जाया गया। सूचना मिलने पर जब मायके पक्ष के लोग पहुंचे, तब तक ससुराल के अधिकांश सदस्य फरार हो चुके थे। मायके पक्ष का यह भी दावा है कि मृतका की मासूम बेटी ने बताया कि उसकी मां के साथ पहले मारपीट की गई और बाद में उसे जबरन जहर पिलाया गया। सूचना पर करायपरसुराय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। करायपरसुराय थानाध्यक्ष सुशील कुमार पासवान ने बताया कि मामले में एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# भारी बारिश से पहले बिहारशरीफ नगर निगम अलर्ट

## 17 जुलाई से एंटी लार्वा छिड़काव और 20 जुलाई से फॉगिंग अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ**। आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए बिहारशरीफ नगर निगम ने मच्छरों के प्रकोप और जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए विशेष अभियान शुरू किया है। नगर आयुक्त कृत्यानन्द रंजन (भा.प्र.से.) के निर्देश पर नगर निगम क्षेत्र में 17 जुलाई 2026 से नालों, पोखरों और जलजमाव वाले क्षेत्रों में एंटी लार्वा दवा का छिड़काव कराया जा रहा है, ताकि मच्छरों के लार्वा को नष्ट किया जा सके।नगर निगम प्रशासन ने बताया कि मच्छरों से राहत दिलाने के लिए 20 जुलाई 2026 से व्यापक स्तर पर फॉगिंग अभियान भी शुरू किया जाएगा। इसके लिए सभी वार्डों का रोस्टर निर्धारित कर दिया गया है। संबंधित सहायक लोक अपशिष्ट स्वच्छता पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि निर्धारित तिथि से पहले आवश्यक रसायनों और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा अपने नेतृत्व में अभियान को सफलतापूर्वक संचालित करें। नगर आयुक्त ने सफाई शाखा के सभी अधिकारियों और कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि शहर में स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि सफाई कार्य में किसी अधिकारी या कर्मी की लापरवाही सामने आती है तो उसके विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी।नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे अपने आसपास जलजमाव न होने दें तथा स्वच्छता बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें, ताकि बरसात के मौसम में मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम प्रभावी ढंग से की जा सके।

# इस्लामपुर में भक्ति और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**इसलामपुर**। भगवान श्रीजगन्नाथ की पावन रथयात्रा के अवसर पर शुक्रवार को इसलामपुर नगर भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। श्री अयोध्या ठाकुरबाड़ी से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा गाजे-बाजे, शंखनाद और जयघोष के साथ निकाली गई। रथयात्रा का नेतृत्व श्री लक्ष्मण किला पीठ, अयोध्या के महंत मैथिली रमण शरण जी महाराज ने किया। उनके साथ अयोध्या से आए साधु-संत भी शामिल हुए।रथयात्रा मुर्गियाचक ठाकुरबाड़ी, पक्की तालाब, मुख्य बाजार, जगदंबा द्वार, पटना रोड, काली स्थान, केबी चैक और जगदंबा मैदान होते हुए पुनः ठाकुरबाड़ी पहुंची। मार्ग में श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर भगवान का स्वागत किया तथा कई स्थानों पर आरती और पूजा-अर्चना की गई। भीषण गर्मी के बावजूद हजारों श्रद्धालु रथ के साथ जयकारे लगाते हुए चलते रहे। महिलाओं ने भक्ति गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर उत्सव की छटा बढ़ाई। विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने जगह-जगह शरबत, नींबू पानी और पेयजल की व्यवस्था की। महंत मैथिली रमण शरण जी महाराज ने कहा कि रथयात्रा सनातन संस्कृति, सेवा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। आयोजन शांतिपूर्ण और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# हिलसा जेल में स्वास्थ्य जांच शिविर में 80 बंदियों की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा**। हिलसा उपकारा में शुक्रवार को बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण के उद्देश्य से विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनुमंडलीय अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. आयुषी, डॉ. सत्येंद्र कुमार एवं डॉ. प्रेरणा प्रतीक सहित चिकित्सकों की टीम ने करीब 80 बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। जांच के दौरान बंदियों के नेत्र, दांत, कान, रक्तचाप (बीपी), शुगर, टीबी, गुप्त रोग, स्त्री रोग सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जांच की गई। चिकित्सकों ने आवश्यक परामर्श देने के साथ जरूरतमंद बंदियों को आगे के उपचार की सलाह भी दी।इस अवसर पर जेल कर्मियों एवं बंदियों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) तथा प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण भी दिया गया। डॉक्टरों ने बंदियों से अपील की कि वे किसी भी स्वास्थ्य समस्या को छिपाने के बजाय खुलकर चिकित्सकों को बताएं, ताकि समय पर उचित उपचार उपलब्ध कराया जा सके।चिकित्सकों ने बदलते मौसम में स्वास्थ्य की देखभाल, संतुलित खान-पान और स्वच्छता बनाए रखने के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी। शिविर के दौरान बंदियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया।इस मौके पर जेल अधीक्षक अशोक कुमार सिंह, उपाधीक्षक अनिल कुमार सहित जेल प्रशासन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### जिला सहकारी विकास समिति की बैठक में योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

**बिहारशरीफ**। जिला पदाधिकारी उदिता सिंह के निर्देश पर अपर समाहर्ता राजीव रंजन कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला सहकारी विकास समिति एवं बिहार राज्य फसल सहायता योजना की जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला सहकारी विकास समिति से जुड़े सभी एजेंडों की विस्तार से समीक्षा की गई। अपर समाहर्ता ने विभागीय निर्देशों के अनुरूप निर्धारित लक्ष्यों को समय पर पूरा करने तथा योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बिहार राज्य फसल सहायता योजना की प्रगति पर भी विस्तृत चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। बैठक में वरीय उपसमाहर्ता (बैंकिंग शाखा), जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक, जिला सहकारी बैंक नालंदा के प्रबंध निदेशक, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्री कराने जा रहे दंपति की सड़क हादसे में मौत

**बिहारशरीफ**। वेना थाना क्षेत्र के पैठना स्थित डेंटल कॉलेज ओवरब्रिज पर शुक्रवार को ट्रैक्टर और बाइक की टक्कर में दंपति की मौत हो गई। दोनों हरनौत से बिहारशरीफ रजिस्ट्री कार्यालय जा रहे थे। मृतकों की पहचान बेलछी थाना क्षेत्र के जोधन बीघा निवासी 37 वर्षीय नीतीश कुमार और उनकी 30 वर्षीय पत्नी विनीता देवी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, दंपति फिलहाल हरनौत के गोनावा में नव निर्मित मकान में रह रहे थे और जमीन संबंधी कार्य से बिहारशरीफ जा रहे थे। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की सूचना पर वेना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को सदर अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है तथा चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। मृतकों के पास से बरामद 55 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण सुरक्षित रूप से परिजनों को सौंप दिए गए। पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिए गए।

### घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**इसलामपुर**। खुदागंज-राजगीर मुख्य मार्ग पर गुरुवार रात सीएनजी ऑटो और बोलेरो की आमने-सामने की टक्कर में घायल गुलाब पासवान की इलाज के दौरान मौत हो गई। हादसे में ऑटो सवार पांच लोग घायल हुए थे। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इसलामपुर सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल गुलाब पासवान और रेखा देवी को बेहतर इलाज के लिए पावापुरी रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान गुलाब पासवान ने दम तोड़ दिया। मृतक खुदागंज थाना क्षेत्र के अर्जुन सेरथुआ गांव का निवासी था। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। अन्य घायलों लक्ष्मीनिया देवी, अनीशा देवी, मोहित पासवान और रेखा देवी का इलाज जारी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सभी लोग हिलसा से जमीन की रजिस्ट्री कर अपने गांव लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में सीएनजी ऑटो और बोलेरो की टक्कर हो गई।

### दहेज हत्या मामले में ससुर को आजीवन कारावास

**हिलसा**। वर्ष 2016 में दहेज के लिए बहू की हत्या के बहुचर्चित मामले में हिलसा व्यवहार न्यायालय ने दोषी ससुर को आजीवन कारावास एवं पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार राय की अदालत ने मिल्कीपुर गांव निवासी शैलेंद्र प्रसाद उर्फ चुन्नू गोपी को हत्या का दोषी पाते हुए यह सजा सुनाई। अदालत ने 10 जुलाई को आरोपी को दोषसिद्ध घोषित किया था, जिसके बाद सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। अभियोजन के अनुसार, 17 फरवरी 2016 को आरोपी ने मोटरसाइकिल और 25 हजार रुपये नकद दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर अपनी बहू प्रीति कुमारी की हत्या कर दी थी। घटना के बाद मृतका के पिता अरुण कुमार ने एकंगरसराय थाना में कांड संख्या 32/2016 दर्ज कराया था। मामले की सुनवाई सत्रवाद संख्या 559/2017 के तहत चल रही थी। न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास के साथ पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया।

## नवादा

# वारिसलीगंज पुलिस ने आठ साइबर आरोपित दबोचे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**नवादा**। साइबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत वारिसलीगंज थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए साइबर ठगी में संलिप्त आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से 13 एंड्रॉयड मोबाइल, एक कीपैड मोबाइल तथा ग्राहकों का पांच पन्नों का डेटा बरामद किया है। इसके अलावा तीन विधि-विरुद्ध बालकों को भी निरुद्ध किया गया है। पुलिस के अनुसार, 16 जुलाई को गुप्त सूचना के आधार पर दो स्थानों पर छापेमारी की गई। पहली कार्रवाई शौर गांव में पक्की सड़क से करीब 100 मीटर पश्चिम स्थित बगीचे के पास तथा दूसरी पैंगरी गांव में सरकारी समरसिबल गोलंबर के निकट की गई। दोनों स्थानों से कुल आठ साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि वे बजाज फाइनेंस, रिलायंस फाइनेंस समेत विभिन्न वित्तीय संस्थानों के नाम पर कम ब्याज दर पर ऋण दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करते थे। बरामद कस्टमर डेटा में ग्राहकों के नाम, मोबाइल नंबर, पते और अन्य व्यक्तिगत जानकारी दर्ज थी। इसी आधार पर वे लोगों से संपर्क कर उन्हें ठगी का शिकार बनाते थे। गिरफ्तार आरोपितों में शौर गांव के प्रेम कुमार, विनोद मांझी, विश्वकर्मा मांझी तथा पैंगरी गांव के प्रेमचंद्र राम और प्रशांत कुमार सहित अन्य शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि प्रशांत कुमार के विरुद्ध पूर्व से भी साइबर ठगी एवं अन्य आपराधिक मामलों में प्राथमिकी दर्ज है। इस संबंध में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 496/26, दिनांक 16 जुलाई 2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। छापेमारी अभियान का नेतृत्व थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि जिले में साइबर अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और ऐसे मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# नवादा में 135 मरीजों को पोषण किट वितरित

## रोटरी क्लब व रेड क्रॉस की पहल, डीएम रवि प्रकाश ने किया शुभारंभ





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ नवादा और भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में 135 टीबी मरीजों के बीच पोषण किट का वितरण किया गया। समाहरणालय परिसर में शुरू हुए कार्यक्रम के बाद सदर अस्पताल में भी मरीजों को किट प्रदान की गई। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने मरीजों को पोषण किट देकर अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सिविल सर्जन डॉ. बीरेंद्र प्रसाद, जिला टीबी उन्मूलन पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी तथा रोटरी क्लब और रेड क्रॉस सोसायटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने कहा कि टीबी गंभीर बीमारी है, लेकिन समय पर नियमित दवा और पौष्टिक आहार से इसका पूर्ण उपचार संभव है। उन्होंने कहा कि टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य को हासिल करने में सामाजिक संस्थाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है। रोटरी क्लब ऑफ नवादा के अध्यक्ष नीरज लोहानी ने कहा कि टीबी से लड़ाई केवल दवा से नहीं, बल्कि संतुलित एवं पौष्टिक भोजन से भी मजबूत होती है। इसी उद्देश्य से जरूरतमंद मरीजों को पोषण किट उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उनके स्वास्थ्य में तेजी से सुधार हो सके। उन्होंने कहा कि क्लब आगे भी स्वास्थ्य, शिक्षा और समाजसेवा से जुड़े जनकल्याणकारी कार्य करता रहेगा। भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी, नवादा के अध्यक्ष आर.पी. साहू ने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंद मरीजों तक सहायता पहुंचाने का अभियान जारी रहेगा। कार्यक्रम में रोटरी क्लब के सचिव सहित प्रह्लाद कुमार, पंकज झुनझुनवाला, नागेंद्र कुमार नवीन, डॉ. पंकज कुमार सिन्हा, मनोज कुमार, नित्यानंद प्रसाद चौरसिया, वजीर प्रसाद, अविनाश प्रसाद गुप्ता, शंभु कुमार और पीयूष कुमार उपस्थित रहे।

## एक नजर

### रोह के अमिश कुमार ने नीट-यूजी 2026 में शानदार सफलता हासिल कर बढ़ाया जिले का मान



**नवादा**। रोह प्रखंड के बारा पाण्डेया गांव निवासी अमिश कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 में शानदार सफलता हासिल कर परिवार और जिले का नाम रोशन किया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र काशीचक में कार्यरत बीसीएम धनपत प्रसाद एवं यशोदा कुमारी के पुत्र तथा कुंज बिहारी मिस्त्री के पौत्र अमिश ने परीक्षा में 631 अंक प्राप्त कर 99.85 प्रतिशत स्कोर अर्जित किया। अमिश वर्तमान में नवादा स्थित केएलएस कॉलेज में अध्ययनरत थे। बचपन से ही मेधावी रहे अमिश ने पढ़ाई के प्रति अनुशासन और निरंतर मेहनत के दम पर यह उपलब्धि हासिल की। इससे पहले इसी वर्ष आयोजित जेईई मेन-2026 परीक्षा में भी उन्होंने 97.4 पर्सेंटाइल प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया था। पहले ही प्रयास में मिली इस उपलब्धि से परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों, मित्रों और ग्रामीणों ने अमिश को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि अमिश की सफलता क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी और उन्हें मेहनत व लगन के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करेगी। उनकी इस उपलब्धि पर पूरे रोह प्रखंड में हर्ष का वातावरण है।

### कानूनों और कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**नवादा**। जिला श्रम कार्यालय की ओर से शुक्रवार को संयुक्त श्रम भवन स्थित आईटीआई परिसर में एक दिवसीय ग्रामीण श्रमिक प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता श्रम अधीक्षक चंद्रशेखर सिंह ने की। शिविर का उद्देश्य विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए श्रमिकों और निर्माण श्रमिकों को श्रम कानूनों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तथा श्रमिक कल्याणकारी कार्यक्रमों की जानकारी देकर उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना था। प्रशिक्षण के दौरान बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के प्रावधानों की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी दुकान, प्रतिष्ठान या औद्योगिक इकाई में नियोजित करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। वहीं 15 से 18 वर्ष के किशोरों के नियोजन में निर्धारित नियमों और सुरक्षा मानकों का पालन अनिवार्य है। शिविर में बिहार शताब्दी असंगठित कार्यक्षेत्र कामगार एवं शिल्पकार सामाजिक सुरक्षा योजना-2011 (संशोधित-2024), अंतर्राज्यीय प्रवासी कर्मकार (नियोजन एवं सेवा शर्त) अधिनियम, 1979 तथा बिहार भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड (बीओसीडब्ल्यू) के तहत संचालित 16 कल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। श्रमिकों को पंजीकरण प्रक्रिया, पात्रता, आवश्यक दस्तावेज और योजनाओं के लाभों से अवगत कराते हुए अधिकाधिक पंजीकरण कराने की अपील की गई।

### शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

**रजौली (नवादा)**। नवादा जिले की समेकित जांच चौकी, रजौली पर उत्पाद एवं पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए 198.720 लीटर विदेशी शराब बरामद की। इस दौरान शराब की खेप ले जा रही मारुति सुजुकी एस-क्रॉस कार (बीआर01सीएस-8300) को जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया गया। निरीक्षक अमृत कुमार गुप्ता ने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान ऑफिसर्स चॉइस ओरिजिनल व्हिस्की की 180 एमएल की कुल 1104 बोतलें बरामद हुईं, जिनकी कुल मात्रा 198.720 लीटर है। बरामद शराब के साथ वाहन को भी जब्त कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान पटना जिले के मोकामा निवासी चंदन कुमार (36), वैशाली जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के मानिकपुर पकड़ी निवासी सूरज कुमार (28) तथा नालंदा जिले के नूरसराय थाना क्षेत्र के परमानंद बिगहा निवासी उत्पल कांत कुमार (19) के रूप में हुई है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि शराब की खेप उत्तर प्रदेश से पटना ले जाई जा रही थी। पूछताछ के दौरान पुलिस को खेप प्राप्त करने वाले व्यक्ति के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। उत्पाद विभाग ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर न्यायिक प्रक्रिया शुरू कर दी है। साथ ही शराब तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

# वारिसलीगंज के आयुष भालोटिया ने नीट-यूजी में हासिल की ऑल इंडिया रैंक-4

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो/डॉ पंकज कुमार सिन्हा



**नवादा**। वारिसलीगंज के कमलिया मिल निवासी आयुष भालोटिया ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) 2026 में ऑल इंडिया रैंक 4 प्राप्त कर नवादा जिले और बिहार का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। परिजनों, शिक्षकों, मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। आयुष ने प्रारंभिक शिक्षा के बाद इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई विवेकानंद पब्लिक स्कूल से पूरी की। इसके बाद उन्होंने कोटा में रहकर नीट-यूजी की तैयारी की। कठिन परिश्रम, अनुशासन और नियमित अभ्यास के बल पर उन्होंने देशभर में चौथा स्थान हासिल किया। आयुष के पिता सुनील भालोटिया और माता किरण भालोटिया ने बताया कि बेटा शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर रहा और लक्ष्य को लेकर पूरी निष्ठा से मेहनत करता था। उन्होंने इस सफलता को पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का क्षण बताया। आयुष के बड़े भाई आदित्य भालोटिया ने आईआईटी दिल्ली से इंजीनियरिंग की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में अमेरिका में पीएचडी कर रहे हैं। परिवार की शैक्षणिक उपलब्धियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायी उदाहरण माना जा रहा है।

# जनसुनवाई में डीएम ने सुनीं 42 शिकायतें

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। बिहार सरकार के सात निश्चय-3 के तहत संचालित "सबका सम्मान-जीवन आसान" कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में जनसुनवाई आयोजित की गई। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल और जिला स्तरीय कार्यालयों में आमजनों की शिकायतें सुनी गईं। समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई की अध्यक्षता डीएम रवि प्रकाश ने की। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने कुल 42 शिकायतें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। डीएम ने कई मामलों का मौके पर ही निष्पादन किया, जबकि शेष मामलों को जांच एवं नियमानुसार कार्रवाई के लिए संबंधित विभागों को भेज दिया। जनसुनवाई में अकबरपुर के माखर निवासी कैलाश पांडेय ने वृद्धावस्था पेंशन, नारदीगंज के कोशला निवासी मुकेश कुमार ने मुआवजा भुगतान, वारिसलीगंज के बाघी बरडीहा निवासी मंतुष पासवान ने कबीर अंत्येष्टि योजना तथा अकबरपुर के फुलमा निवासी विजय कुमार ने परिमार्जन प्लस से संबंधित आवेदन दिया। इसके अलावा विभिन्न विभागों से जुड़ी अन्य शिकायतें भी दर्ज कराई गईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को सभी मामलों का समयबद्ध, पारदर्शी और नियमानुसार निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। नवादा सदर और रजौली अनुमंडल सहित जिले के सभी सरकारी कार्यालयों में भी जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई की गई।

# पुस्तक लोकार्पण समारोह में जुटे प्रदेश के नामचीन कवि-साहित्यकार, काव्यपाठ से बंधा समां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हिसुआ (नवादा)**। हिंदी-मगही साहित्यिक मंच 'शब्द साधक' के तत्वावधान में रविवार को कवि अमरेंद्र कुमार पुष्प की पुस्तक 'हां दीवाना हूं मैं' का लोकार्पण समारोह सह कवि सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि नवादा सदर-02 के एसडीपीओ राहुल सिंह ने किया। समारोह की अध्यक्षता दीनबंधु ने तथा संचालन व्यंग्यकार उदय भारती ने किया। उद्घाटन के बाद अतिथियों का सम्मान एवं परिचय कराया गया। एसडीपीओ राहुल सिंह ने कहा कि पुस्तक किसी कवि और साहित्यकार के हृदय, संवेदनाओं तथा जीवन-दृष्टि का दर्पण होती है। साहित्य समाज की अच्छाइयों और बुराइयों को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने अमरेंद्र पुष्प की रचनात्मकता की सराहना करते हुए उनके परिवार के सहयोग की भी प्रशंसा की।पूर्व प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ साहित्यकार सच्चिदानंद प्रेमी ने कहा कि साहित्यकार बौद्धिक और सांस्कृतिक रूप से समाज को समृद्ध करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्रो. मनुजी राय ने कहा कि भाषा को समृद्ध बनाने के लिए साहित्यकार निरंतर साधना करते हैं। उन्होंने अमरेंद्र पुष्प की पुस्तक को हिसुआ की साहित्यिक पहचान बताया। नगर परिषद अध्यक्ष पूजा कुमारी ने कहा कि हिसुआ साहित्य और संस्कृति की समृद्ध परंपरा वाला नगर है। लेखक अमरेंद्र पुष्प ने कहा कि कुछ कविताएं लिखी नहीं जातीं, बल्कि जी जाती हैं। उन्होंने बताया कि पुस्तक में रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का प्रयास किया गया है।कार्यक्रम के दूसरे सत्र में राष्ट्रीय शायर नवनीत कृष्ण के संचालन में कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। इसमें कुमार आर्यण गयावी, जिआउर रहमान जाफरी, उदय भारती, अनिल कुमार, एसके सिद्धार्थ, रेजा तस्लीम, शफी जानी नादां, सबा रजौलवी, युगल किशोर राम, नीतीश कपूर, गौतम सरगम, कृष्ण कुमार भट्टा, नीतीश कुमार, मधुकांत, शुभम कुमार और दीनबंधु सहित कई कवियों ने समसामयिक एवं मौलिक रचनाओं का पाठ कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी। युवा कवि अवनीश रंजन 'किशु' की प्रस्तुति भी विशेष आकर्षण रही। माही मगध नागरिक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष पारस कुमार सिंह ने मगही को भाषा का दर्जा दिलाने के लिए जनगणना के भाषा कॉलम में 'मगही' दर्ज कराने की अपील की।

# डॉ. प्रेम कुमार ने दी गयाजी टाउन विधानसभा क्षेत्र को विकास की नई सौगात

## करोड़ों की योजनाओं से सड़क, नाली और पार्क जैसी सुविधाएं होंगी सुदृढ़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** गयाजी टाउन विधानसभा क्षेत्र में आधारभूत संरचना को मजबूत बनाने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना के तहत करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास योजनाओं का उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं के पूरा होने से कई वार्डों में सड़क, नाली और पार्क जैसी नागरिक सुविधाएं बेहतर होंगी। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य प्रत्येक वार्ड में गुणवत्तापूर्ण आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराकर नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाना और शहर का संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 03 एवं 17 में सीमा होंडा एजेंसी से कौवा स्थान तक, वार्ड संख्या 17 के मोहल्ला गोसाईं बाग तथा सुनील छावड़ा के घर से गुरुद्वारा पंजाबी धर्मशाला तक पथ एवं नाली निर्माण योजना का उद्घाटन किया। इस योजना की कुल स्वीकृत लागत 1 करोड़ 21 लाख 35 हजार 546 रुपये है। उन्होंने वार्ड संख्या 17 स्थित रामचंद्र धर्मशाला पथ एवं नाली निर्माण योजना का भी लोकार्पण किया, जिसकी लागत लगभग 39.90 लाख रुपये है। वहीं वार्ड संख्या 44 में रुक्मणी तालाब के निकट 44.34 लाख रुपये की लागत से विकसित पार्क का उद्घाटन किया गया, जिससे स्थानीय लोगों को स्वच्छ और मनोरम सार्वजनिक स्थल उपलब्ध होगा। इसके अलावा वार्ड संख्या 30 के नारायणगढ़ स्थित कृष्णा आईटीआई के निकट 10.57 लाख रुपये की लागत से निर्मित नाली, वार्ड संख्या 34 में गोल बीघा पुलिस लाइन से हनुमान धारा तक 24.10 लाख रुपये की लागत से बने पथ, तथा वार्ड संख्या 29 के कलेर यदुनंदन सिंह कॉलोनी में 36.61 लाख रुपये और सैनिक कॉलोनी रोड संख्या-02 में 25.37 लाख रुपये की लागत से निर्मित पथ एवं नाली निर्माण कार्यों का भी उद्घाटन किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गयाजी के सर्वांगीण विकास के लिए सड़क, नाली, पार्क, पेयजल, स्वच्छता और अन्य नागरिक सुविधाओं का विस्तार लगातार किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को सभी योजनाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्वक पूरा कराने के निर्देश दिए तथा नागरिकों से सार्वजनिक परिसंपत्तियों की सुरक्षा और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सुरज राणा, बंटी वर्मा, धमेंद्र कुमार, मनोज पासवान, धीरेन्द्र कुमार, पवन कुमार, राजनंदन गांधी, विकास कुमार, सागर सचदेवा, सोनु, प्रदीप कुमार, बिल्लू कुमार, गौतम और पप्पू भी उपस्थित रहे।

# मगध विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 'युवा संवाद : नागरिक कर्तव्य, राष्ट्र प्रथम' विषय पर संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग, गृह विज्ञान विभाग, प्रबंधन विभाग एवं आरएसएस के संयुक्त तत्वावधान में 'युवा संवाद : नागरिक कर्तव्य, राष्ट्र प्रथम' विषय पर एक प्रेरणादायी संगोष्ठी का आयोजन प्रबंधन विभाग के सभागार में किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मगध विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार मंगलम उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राष्ट्र के विकास का आधार जागरूक एवं उत्तरदायी नागरिक होते हैं। युवाओं को केवल अधिकारों के प्रति ही नहीं, बल्कि अपने संवैधानिक एवं सामाजिक कर्तव्यों के प्रति भी समान रूप से सजग रहना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों से राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अंशुमान जी (विभाग प्रचारक) ने अपने ओजस्वी एवं प्रेरक उद्बोधन में कहा कि भारत का भविष्य उसके युवाओं के चरित्र, अनुशासन, सेवा-भाव और राष्ट्र के प्रति समर्पण पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि 'राष्ट्र प्रथम' केवल एक नारा नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का जीवन-मूल्य होना चाहिए। उन्होंने युवाओं से सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण तथा नागरिक दायित्वों के निर्वहन में अग्रणी भूमिका निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ दीप शिखा पाण्डेय द्वारा किया गया। संगोष्ठी के दौरान विद्यार्थियों ने भी विषय से संबंधित प्रश्न पूछे तथा राष्ट्र निर्माण में युवाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायी एवं संवादात्मक रहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रबंधन विभाग के निर्देशक डॉ गोपाल जी, भूगोल विभाग से डॉ नीरज सिंह मनोविज्ञान से डॉ रवींद्र सिंह तथा गृह विज्ञान की शिक्षिका डॉ दीप शिखा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. नीरज सिंह, सहायक प्राध्यापक, स्नातकोत्तर भूगोल विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने मुख्य अतिथि डॉ. विनोद कुमार मंगलम, मुख्य वक्ता अंशुमान जी, विश्वविद्यालय प्रशासन, सभी प्राध्यापकों, आयोजन समिति, सहयोगी कर्मचारियों, तथा बड़ी संख्या में उपस्थित विद्यार्थियों एवं प्रतिभागियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## लापता हुईं दो सगी बहनें, पिता ने युवकों पर लगाया अपहरण का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच/गुरारू।** कनौसी पंचायत के एक गांव से बीते 4 जुलाई को एक ही परिवार की दो सगी बहनें संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गईं। पीड़ित पिता के आवेदन पर कोंच थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वादी पिता ने थाना में दिए आवेदन में बताया कि 4 जुलाई की सुबह करीब 8 बजे उनकी दोनों बेटियां उम्र 20 वर्ष और 19 वर्ष घर से बिना बताए निकल गईं। काफी खोजबीन के बाद पता चला कि बड़ी बेटी को गांव के ही एक युवक ने शादी की नीयत से भगा लिया है। वहीं छोटी बेटी को गुरारू के एक युवक ले गया है। पिता ने आवेदन में यह भी जिक्र किया कि दोनों लड़कियां पहले भी घर से चली गई थीं। उस समय परिजनों और ग्रामीणों ने समझा-बुझाकर उन्हें वापस घर लाया था। अब दोबारा ऐसी घटना होने से परिवार परेशान है। इस संबंध में शुक्रवार दोपहर कोंच थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर कांड संख्या 230/26 दर्ज कर लिया गया है। दोनों लड़कियों की बरामदगी और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर बिंदु पर जांच की जा रही है।

# जिलाधिकारी ने सुनीं 14 फरियादियों की शिकायतें

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अरवल।** जिलाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 14 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, कब्जा, नल जल, मापी, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, आवास योजना, जमाबंदी, अतिक्रमण, उप विकास आयुक्त कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अंचलाधिकारी कार्यालय, पीएचईडी विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं अन्य विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। कलेर प्रखंड स्थित ग्राम बेलसार नरक बिगहा निवासी डोमन राम के साथ अन्य ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि मौजा बेलसार अंतर्गत बेलसार चन्दा सोहसा रोड का सर्वे प्लॉट संख्या 1009 पर रोड न बनाकर हमलोग के रैयती जमीन का प्लॉट पर वगैर सूचना भुगतान के अतिक्रमण कर बल पूर्वक रोड का निर्माण कर लिया गया है। हमलोग का रैयती उपलब्ध कराने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, अरवल एवं अंचलाधिकारी कलेर को नियमानुसार नापी कराकर उचित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलेर प्रखंड स्थित ग्राम कामता निवासी मालती देवी द्वारा बताया गया कि मैं विधवा व गरीब परिवार से हूं तथा आवास योजना की सख्त जरूरत है। मेरा मकान टूटा हुआ है तथा दूसरे के मकान में रह रही हूं। आवास योजना से उपलब्ध करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिलाधिकारी द्वारा उप विकास आयुक्त अरवल एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी कलेर को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखंड स्थित ग्राम परियारी निवासी मनोज कुमार द्वारा बताया गया कि परियारी बाजार में चापाकल सूख जाने के कारण पेयजल के लिए ग्रामीणों काफी परेशान है, नल जल योजना चालू करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिलाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता पीएचइडी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

# दिव्या हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर निकला कैंडल मार्च




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** दिव्या हत्याकांड में न्याय की मांग को लेकर शुक्रवार की शाम शेरघाटी शहर में सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं पासवान उत्थान समाज के बैनर तले कैंडल मार्च निकाला गया। रमेश कुमार की देखरेख में आयोजित यह मार्च जेपी चौक से शुरू होकर मुख्य मार्ग होते हुए थाना मोड़ तक पहुंचा। मार्च में सैकड़ों की संख्या में लोग हाथों में मोमबत्तियां लेकर शामिल हुए और दिव्या को न्याय दिलाने की मांग की। कैंडल मार्च के दौरान पासवान उत्थान समाज के अध्यक्ष सौरभ राज सहित अन्य वक्ताओं ने कहा कि दिव्या हत्याकांड में शामिल आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि यदि जांच में किसी पुलिसकर्मी की संलिप्तता सामने आती है तो उसके विरुद्ध भी कठोर कार्रवाई की जाए। वक्ताओं ने निष्पक्ष और त्वरित जांच कर दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग उठाई। बताया गया कि बीते महीने दिव्या की कथित रूप से राहुल यादव द्वारा झारखंड के चतरा जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र में हत्या कर शव को गहरी खाई में फेंक दिया गया था। इस मामले की जांच हंटरगंज पुलिस कर रही है। परिजनों का आरोप है कि आरोपी को सहयोग करने में शेरघाटी थाना के कुछ पुलिसकर्मियों की भी भूमिका रही है। उन्होंने इस पहलू की भी स्वतंत्र जांच कराने की मांग की। मार्च के दौरान 'दिव्या को न्याय दो' और 'दोषियों को फांसी दो' के नारे लगाए गए। इस अवसर पर सौरभ राज, शमीम साह, अमर आजाद, तूफानी राज, सतीश भारती, कवि मुकेश, संतोष संगम, सहसा खां, दिलीप पासवान समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे। पूरे कार्यक्रम के दौरान शांतिपूर्ण तरीके से न्याय की मांग उठाई गई।

# महकार में पूर्वजों की प्रतिमाओं का अनावरण कर भावुक हुए जीतन राम मांझी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**गया जी।** जिले के अतरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महकार स्थित अपने पैतृक आवास पर केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने अपने पूर्वजों की प्रतिमाओं का अनावरण किया। इस अवसर पर उनके पुत्र एवं बिहार सरकार के मंत्री संतोष कुमार सुमन, हम पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, विधायक, कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रतिमा अनावरण के बाद केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि दुनिया में माता-पिता से बड़ा कोई भगवान नहीं होता। भगवान को किसी ने देखा नहीं, लेकिन माता-पिता साक्षात भगवान हैं। उन्होंने मजदूरी कर हमें पढ़ाया-लिखाया और उसी आशीर्वाद से हम मुख्यमंत्री से लेकर केंद्रीय मंत्री तक बने। उन्होंने कहा कि अपने माता-पिता, छोटे भाई और परिवार के अन्य सदस्यों के योगदान को अमर बनाने के उद्देश्य से उनकी प्रतिमाएं स्थापित की गई है। मांझी ने कहा कि राजनीति में आने के दौरान जब लोग उनका मजाक उड़ाते थे, तब उनके छोटे भाई ने हमेशा उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने अपने परिवार के संघर्ष और त्याग को याद करते हुए कहा कि आज जो भी सम्मान और पहचान मिली है, वह उनके पूर्वजों के आशीर्वाद का परिणाम है। वही राजनीतिक सवालों पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव में एनडीए उम्मीदवार की जीत निश्चित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बिहार के विकास के लिए लगातार काम कर रही है और जनता एक बार फिर एनडीए पर भरोसा जताएगी। वही राजद प्रवक्ता मृत्युंजय तिवारी के इस्तीफे पर प्रतिक्रिया देते हुए मांझी ने कहा कि वे ईमानदार और पार्टी के प्रति समर्पित नेता रहे हैं तथा भविष्य में भी राजनीति में बेहतर कार्य करेंगे। दक्षिण बिहार में सूखे की स्थिति पर उन्होंने कहा कि यह प्राकृतिक समस्या है, लेकिन इसके स्थायी समाधान के लिए सोन नदी का पानी फल्गु नदी तक लाने की योजना पर काम चल रहा है। उन्होंने दावा किया कि गया के निकट बैराज निर्माण और नहर परियोजना से दक्षिण बिहार को सूखे से राहत मिलेगी। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह पटना में मरीन ड्राइव बना है, उसी तरह भविष्य में गया में भी मरीन ड्राइव का निर्माण कराया जाएगा।

## सम्राट सरकार के होल्डिंग टैक्स के तुगलकी फरमान का विरोध करेगी कांग्रेस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गया।** बिहार के भाजपा नीत एन डी ए सरकार की सम्राट चौधरी सरकार द्वारा बिहार के आठ हजार तीरपन ग्राम पंचायतों के पैंतालीस हजार एक सौ तीन गांवों में 50 रुपया से 5000 तक होल्डिंग टैक्स लेने की घोषणा से कृषि प्रधान देश होने के नाते राज्य के 75 प्रतिशत गरीब मध्यमवर्गीय परिवार जो गांवों में निवास करते हैं उनके घरों सहित उस गांवों के व्यवसाय करने वाले करोड़ों लोगों पर भारी वित्तीय बोझ बढ़ेगा जिसका कांग्रेस पार्टी स्थानीय लोगों के साथ मिलकर इस होल्डिंग टैक्स, साफ-सफाई, पेयजल टैक्स के तुगलकी फरमान का भारी विरोध करेगी।


## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा

Email – dahogarhwa@gmail.com

पशुपालकों के लिए आवश्यक सूचनाः–बकरी एव भेड़ो को पी.पी.आर. (PPR) रोग से बचाएं

गढ़वा जिला के समस्त पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि केन्द्र प्रायोजित LHDCP योजना के अंतर्गत दिनांक 15 जुलाई 2026 से 14 अगस्त 2026 तक पूरे जिला मे PPR टीकाकरण अभियान (Round-II) चलाया जा रहा है।पी.पी.आर. भेड़ों और बकरियों में होने वाली एक अत्यंत संक्रामक और जानलेवा बीमारी है, जिसे बकरियों का प्लेग भी कहा जाता है। इस अभियान का मुख्य उदेश्य आपकी बकरियों और भेड़ों को इस घातक बीमारी से सूरक्षित कर भारी आर्थीक नुकसान से बचाना है।

यह टीकाकरण पूरी तरह से निःशुल्क है और विभाग द्वारा नामित प्रशिक्षित टीका कर्मी प्रतिदिन प्रातः 7:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक आपके गाँव में घर–घर जाकर पशुओं का टीका करण करेगें। टीके से पूर्वपशु की पहचान के लिए कान में टैग लगाया जाएगा और भारत पशुधन ऐप पर उसका ऑनलाइन पंजीकरण किया जाएगा। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आपके मोबाईल पर OTP जाएगा जिससे हमारे टीकाकर्मी के साथ अवश्यक साझा करें, ताकि आपके पशुओं का ऑनलाइन पंजीकरण हो सके।

अतः जिला के सभी पशुपालकों से अपिल है कि जब भी टीका कर्मी आपके क्षेत्र या गाँव में आए, अपनी सभी सुयोग्य बकरियों एवं भेड़ों का टीकाकरणअवश्य करवायें और इयरटैगिंग कार्य में पूर्ण सहयोग करें। अधिक जानकारी या अपने गाँव में टीकाकरण की सटीक तिथि जानने के लिए अपने नजदीकी पशु चिकित्सालय से संपर्क करें। अपनी भेड़–बकरियों को पी.पी.आर. का टीका अवश्य लगवायें।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी,गढ़वा

PR 385209 Animal Husbandry(26-27).D


## दो माह के वेतन भुगतान को लेकर सात अनुदेशक परेशान, विभाग से लगाई गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी प्रखंड के सात शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों को विभागीय लापरवाही के कारण दो माह का वेतन अब तक नहीं मिल सका है। लंबित वेतन भुगतान को लेकर अनुदेशक कई बार प्रखंड शिक्षा कार्यालय और जिला शिक्षा कार्यालय का चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशक शिव बहादुर यादव ने बताया कि अनुदेशकों का सितंबर 2023 तथा अगस्त 2025 का वेतन लंबित है। उन्होंने कहा कि चुनाव से पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा शारीरिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य अनुदेशकों के मानदेय में दोगुनी वृद्धि की घोषणा की गई थी। इसके बावजूद अगस्त 2025 का भुगतान पुराने मानदेय के अनुसार कर दिया गया जिससे संशोधित मानदेय का भुगतान अब तक नहीं हो सका।

# टिकारी में लाखों की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** टिकारी शहर में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। पुलिस अब तक किसी भी मामले का खुलासा नहीं कर सकी है जिससे चोरों के हौसले बुलंद होते नजर आ रहे हैं। गुरुवार की रात अहरा स्थित मंगलम मैरेज हॉल के समीप रहने वाले रामगोविंद प्रजापति के घर में चोरों ने खिड़की की ग्रिल का ताला तोड़कर लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार चोर जिस कमरे में घुसे उसमें उस समय कोई नहीं सो रहा था जबकि बगल के कमरे में रामगोविंद प्रजापति के शिक्षक पुत्र प्रमोद आनंद उर्फ मुन्ना कुमार अपनी पत्नी के साथ सो रहे थे। दूसरे कमरे में उनका पुत्र तथा एक अन्य कमरे में स्वयं रामगोविंद प्रजापति सोए हुए थे। इसके बावजूद परिवार के किसी सदस्य को चोरी की भनक तक नहीं लगी। पीड़ित रामगोविंद प्रजापति द्वारा टिकारी थाना में दर्ज कराई गई प्राथमिकी के अनुसार चोर घर से करीब 12 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात और 70 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना की सूचना मिलते ही टिकारी थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल शुरू की, लेकिन फिलहाल पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग सका है। गौरतलब है कि पिछले छह दिनों के भीतर टिकारी शहर में यह तीसरी बड़ी चोरी की घटना है।

## महिला से 50 हजार की साइबरठगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ।** थाना क्षेत्र के रघुनाथ खाप गांव के दीपक कुमार की पत्नी मिक्की कुमारी साइबर ठगी का शिकार हो गई। ठगों ने गोल्ड में निवेश पर अधिक मुनाफे का लालच देकर उनसे 50 हजार रुपये ऑनलाइन ठगी कर ली। पीड़िता ने मामले की ऑनलाइन शिकायत संबंधित विभाग में दर्ज कराते हुए गुरुआ थाने को भी इसकी सूचना दी है। महिला ने आवेदन में कहा है कि गोल्ड में निवेश करने पर अच्छा रिटर्न मिलने का भरोसा दिलाकर ठगों ने उनसे 50 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिये।

## बिजली चोरी पर कार्रवाई, तीन पर एफआईआर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत विरनावां गांव में बिजली चोरी के मामले में विद्युत विभाग ने तीन लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज शुक्रवार को कराई है। विभाग ने तीनों पर कुल 25,468 रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है। कनिष्ठ विद्युत अभियंता विकास कुमार के आवेदन पर आंती थाना में बिजली चोरी अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।


बिहार सरकार

## बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

आई0ए0एस0संघ भवन, पटना हवाई अड्डा के निकट, पटना–14

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/08 दिनांक– 17.07.2026

**बिहार संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा [पार्श्विक प्रवेश] – 2026 BCECE (LE)–2026 [(Engg.) Degree Course] के Online Counselling कार्यक्रम से सम्बन्धित आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या– बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/06 एवं 2026/07 दिनांक– 12.07.2026 के क्रम में BCECE(LE)-2026 के आधार पर बिहार राज्य के सरकारी / निजी क्षेत्र के अभियंत्रण संस्थानों में स्नातक अभियंत्रण के विभिन्न पाठ्यक्रमों के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु सभी पात्रता–प्राप्त अभ्यर्थियों / सम्बन्धित संस्थानों एवं सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के पत्रांक- वि.प्रा.(VI)फा०-01/2020(पार्ट)-4082 दिनांक 17.07.2026 के आलोक में एम.आई.टी., मुजफ्फरपुर के पार्श्विक प्रवेश के विभिन्न पाठ्यक्रमों के वर्त्तमान प्रदर्शित सीटों की संख्या में वृद्धि हो गयी है। तद्नुसार सीटों की उक्त वृद्धि को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थीहित में BCECE(LE)-2026 के Online Choice Filling की तिथि निम्नवत् विस्तारित की जाती है;

| Sl. | Programme | Re-Scheduled Date |
|---|---|---|
| (i) | Updated Seat Matrix posting on website ........................................ : | 17.07.2026 |
| (ii) | Last date of Online Choice filling for seat allotment & locking ........ : | 23.07.2026 |

2. संशोधित सीटों की Updated Seat Matrix पर्षद के website पर उपलब्ध करा दिया गया है।
3. पूर्व प्रकाशित विज्ञापन संख्या–बी.सी.ई.सी.ई.बी.(बी.सी.ई.सी.ई.[LE])–2026/06 दिनांक– 12.07.2026 की अन्य शर्त्तें एवं कार्यक्रम/नियम यथावत् रहेंगी।

परीक्षा नियंत्रक



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता, प्रमण्डल, मेदिनीनगर

**(2026–2027) के लिए नलकूपों के मरम्मति का कार्य**

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– **DWSD/RM/05/2026-27 (1st Call)**

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड़।
2. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर।
3. परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट पर ऑपलोड/डाउनलोड की तिथि/समय :– 20.07.2026 को 12:30 बजे अपराहन में।
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय :– 25.07.2026 को 3:30 बजे अपराहन् तक।
5. निविदा खोलने की अंतिम तिथि/समय :– 25.07.2026 को 04:00 बजे अपराहन् में ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download करना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर का कार्यालय।
9. कार्य की विस्तृत विवरणी :– नलकूपों के साधारण मरम्मति का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति विभागीय की जाएगी।)

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | अनुमानित नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 01 | मेदिनीनगर + सतबरवा | 120 | 118828.00 | 2400.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 02 | चैनपुर + रामगढ़ | 150 | 148535.00 | 3000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 03 | पाटन + पड़वा | 150 | 148535.00 | 3000.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 04 | विश्रामपुर + नावा बाजार | 90 | 89121.00 | 1800.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 05 | पाण्डू + उँटारी रोड | 75 | 74267.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 06 | लेस्लीगंज | 80 | 79218.00 | 1600.00 | 500.00 | 04 (चा |
| 07 | पाँकी | 125 | 123779.00 | 2500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 08 | मनातु + तरहसी | 110 | 108925.00 | 2200.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 09 | हुसैनाबाद + हैदरनगर + मोहम्मदगंज | 175 | 173290.00 | 3500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 10 | छत्तरपुर + नौडीहा बाजार | 130 | 128730.00 | 2600.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |
| 11 | हरिहरगंज + पीपरा | 75 | 74267.00 | 1500.00 | 500.00 | 04 (चार) माह |

10. निविदा की शर्त्तें एवं परिमाण विपत्र विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in से download किया जा सकता है।
11. नलकूपों की मरम्मति एवं सम्पोषण कार्य जनहित को ध्यान में रखते हुए निविदा की जा रही है।
12. शिकायत प्राप्त होने के उपरांत 24 (चौबीस) घंटों में मरम्मति करना आवश्यक होगा, अन्यथा विपत्र से समानुपातिक राशि की कटौती की जायेगी।
13. विभाग से स्वीकृति उपरान्त राशि प्राप्त होने पर ही भुगतान की जायेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 385171 Drinking Water and Sanitation (26-27)_D


C M Y K

संपादकीय

# भारत की बेटियों ने रचा इतिहास

इंग्लैंड में भारतीय टी 20 पुरूष टीम ने भले ही बेहद निराश किया हो, लेकिन क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले लॉर्ड्स के मैदान पर भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों टेस्ट मैच में जो कमाल किया, उसकी जितनी तारीफ की जाए, कम है। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में भारत की बेटियों ने क्रिकेट के 142 साल के इतिहास में नया रिकॉर्ड रच डाला। लॉर्ड्स के मैदान पर खेले गए पहले वीमेंस टेस्ट क्रिकेट मैच को भारतीय टीम ने न केवल 270 रनों से जीता बल्कि बल्लेबाज यास्तिका भाटिया और मप्र की क्रांति गौड़ ने वहां के 'हॉल ऑफ फेम' में हमेशा के लिए अपना नाम दर्ज करवा लिया। इंग्लैंड की टीम को मैच के चौथे और अंतिम दिन दूसरी पारी में जीत के लिए 457 रनों की ज़रूरत थी, लेकिन उसकी पूरी टीम दूसरी पारी में 186 रनों पर ऑलआउट हो गई। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए ये एक बड़ी उपलब्धि इसलिए भी है, क्योंकि इंग्लैंड में ही खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप मैच में भारतीय टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। लॉर्ड्स पर खेले गए इकलौते टेस्ट मैच में भारतीय क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच को कई उपलब्धियों के लिए भी याद किया जाएगा। इसी मैदान पर 142 साल पहले इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच खेला गया था। उसके बाद यहां महिला टेस्ट क्रिकेट का पहला मैच खेला गया। इस टेस्ट मैच में यास्तिका भाटिया ने शतकीय पारी खेली तो क्रांति गौड़ ने पांच विकेट लिए। इसके पहले इंग्लैंड टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी का फ़ैसला किया था जिसके बाद भारतीय क्रिकेट टीम ने पहली पारी में 285 रन बनाए। इस दौरान स्मृति मंधाना ने 83 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 58 रनों की पारी खेली। भारतीय टीम ने शानदार गेंदबाज़ी करते हुए इंग्लैंड की टीम को 170 रनों पर ऑलआउट कर दिया और 115 रनों की बढ़त बनाई। मध्यम गति की तेज़ गेंदबाज़ क्रांति गौड़ लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने वालीं पहली गेंदबाज़ बन गई हैं। दूसरी पारी में भारतीय टीम के बल्लेबाज़ों ने शानदार खेल दिखाया और विकेटकीपर बल्लेबाज़ यास्तिका भाटिया ने शतकीय पारी खेली। इसी के साथ ही यास्तिका लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर शतक लगाने वालीं पहली महिला बल्लेबाज़ बन गई हैं। यास्तिका ने 113 रन बनाए और इस दौरान 14 चौके भी लगाए। इस शानदार मैच को देखने महान क्रिकेट खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर भी लॉर्ड्स पहुंचे थे और वो विजेता महिला खिलाड़ियों से भी मिले। यह जीत न केवल भारतीय महिला क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, बल्कि यह भी दिखाता है कि हमारी बेटियों में क्या क्षमता है। इस मैच में जीत के साथ ही उन्होंने साबित किया कि वे विश्व क्रिकेट में एक मजबूत शक्ति हैं। इस जीत के पीछे कई कारक हैं, जिनमें से सबसे महत्वपूर्ण है टीम की एकजुटता और सामूहिक प्रयास। भारतीय महिला टीम ने अपनी शानदार फील्डिंग, बैटिंग और बॉलिंग का प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ एक मजबूत जीत हासिल करने में मदद मिली। इस मैच में भारतीय टीम की कप्तान ने अपनी रणनीति और नेतृत्व क्षमता का भी बेहतरीन प्रदर्शन किया। महिला खिलाड़ियों के इस शानदार खेल से क्रिकेट प्रेमियों में उनके खेल प्रदर्शन को लेकर रूचि जागी है। हालांकि पिछ्ले दिनो टी 20 वर्ल्ड कप में भारतीय महिला क्रिकेट टीम सेमी फाइनल में पहुंचने से चूक गई थी, लेकिन उसका टीम के खेल प्रदर्शन पर असर नहीं पड़ा, यह अच्छीश बात है। इस टीम से आगे भी देश को बहुत उम्मीदें रहेंगीं।

# भारत के पास है विकास के विनाश का विकल्प

**बड़े बांधों का विस्थापन, कॉर्पोरेट खेती का संकट और अंधी पूंजीवादी दौड़–इन सबके बीच जेरेमी लेंट की 'इको-सभ्यता' और गांधी का 'ग्राम स्वराज' मिलकर एक ऐसा विकास मॉडल प्रस्तुत करते हैं, जो मनुष्य, समाज और प्रकृति तीनों के साथ न्याय करता है। भारत में विकास की कहानी पिछले सात दशकों से लगभग एक जैसी सुनाई जाती रही है। कहा गया कि बड़े बांध बनेंगे तो बिजली आएगी, बड़े उद्योग लगेंगे तो रोजगार मिलेगा, आधुनिक बीज और रासायनिक खेती अपनाई जाएगी तो कृषि समृद्ध होगी। विकास की इस परिभाषा ने देश की अर्थव्यवस्था को गति तो दी, लेकिन एक प्रश्न आज भी हमारे सामने खड़ा है–इस विकास की सबसे बड़ी कीमत किसने चुकाई?**

**निलेश देसाई**

उत्तर स्पष्ट है–आदिवासियों ने, छोटे किसानों ने, जंगलों ने, नदियों ने और प्रकृति ने। लाखों लोग अपनी जमीन, जंगल और संस्कृति से विस्थापित हुए। किसान उत्पादन तो बढ़ाता गया, लेकिन उसकी आय घटती गई। मिट्टी की उर्वरता कम हुई, जलस्रोत सूखे और जैव विविधता लगातार नष्ट होती गई। आज जब जलवायु परिवर्तन, जल संकट और कृषि संकट एक साथ हमारे सामने खड़े हैं, तब यह पूछना आवश्यक हो गया है कि क्या विकास का यही एकमात्र रास्ता है?

इसी प्रश्न का उत्तर खोजने का प्रयास करते हैं अमेरिकी चिंतक जेरेमी लेंट अपनी नई पुस्तक 'इको सिविलाइजेशनः मेकिंग ए वर्ल्ड देट वर्क्स फॉर ऑल' में। उनकी सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि वर्तमान वैश्विक आर्थिक व्यवस्था स्वयं संकट का कारण है। और आश्चर्य की बात यह है कि जिस विकल्प की तलाश आज दुनिया कर रही है, उसके बीज भारत के गांधीवादी दर्शन में पहले से मौजूद हैं।

दुनिया में लंबे समय तक एक विचार हावी रहा कि पूंजीवादी विकास मॉडल का कोई विकल्प नहीं है। ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थेचर ने इसे एक नारे में बदल दिया था, 'देयर इज नो अल्टरनेटिव'। लेकिन आज जलवायु संकट, बढ़ती आर्थिक असमानता और सामाजिक विघटन ने इस नारे को खोखला साबित कर दिया है। विकल्प है, और वह विकल्प है- प्रकृति के साथ संतुलन, स्थानीय स्वायत्तता और सामुदायिक अर्थव्यवस्था पर आधारित विकास।

जेरेमी लेंट वर्तमान आर्थिक व्यवस्था को 'वेल्थ पंप' अर्थात् 'संपत्ति खींचने वाली मशीन' कहते हैं। यह व्यवस्था तीन स्तरों पर लगातार काम करती है। पहला, यह प्रकृति से उसकी पुनर्जीवन क्षमता से अधिक संसाधन निकालती है। दूसरा, यह श्रम का अधिकतम शोषण करती है। तीसरा, यह पैदा हुई संपत्ति को समाज के सबसे ऊपर बैठे सीमित वर्ग के हाथों में केंद्रित कर देती है।

यदि भारत की स्थिति देखें तो यह विश्लेषण बिल्कुल सटीक प्रतीत होता है। बड़े बांधों ने बिजली तो पैदा की, लेकिन लाखों लोगों को उनकी जमीन और संस्कृति से बेदखल कर



दिया। खनन परियोजनाओं ने जंगलों को नष्ट किया, जबकि उनका लाभ स्थानीय समुदायों के बजाय बड़ी कंपनियों तक पहुंचा। कृषि में संकर बीज, रासायनिक उर्वरक और कीटनाशकों पर बढ़ती निर्भरता ने किसानों को आत्मनिर्भर उत्पादक से बाजार पर निर्भर उपभोक्ता बना दिया। किसान अब अपना बीज स्वयं नहीं बचाता, बल्कि हर वर्ष उसे खरीदने के लिए मजबूर होता है। मिट्टी कमजोर होती जाती है, लागत बढ़ती जाती है और किसान कर्ज के जाल में फंसता जाता है। यह केवल आर्थिक संकट नहीं है; यह सभ्यता का संकट है। लेंट कहते हैं कि यदि हमें टिकाऊ समाज बनाना है तो हमें प्रकृति से सीखना होगा। प्रकृति का कोई केंद्रीय नियंत्रक नहीं होता। जंगल में कोई सीईओ नहीं बैठा होता। फिर भी करोड़ों जीव, हजारों प्रजातियां और अनगिनत पारिस्थितिक प्रक्रियाएं अद्भुत संतुलन के साथ चलती रहती हैं। वहां सहयोग है, अंतर्निर्भरता है, विविधता है और संसाधनों का चक्रीय उपयोग है। प्रकृति का नियम प्रतिस्पर्धा से अधिक सहयोग पर आधारित है। यदि मानव समाज भी इसी सिद्धांत को अपनाए, तो विकास केवल आर्थिक वृद्धि तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि सामाजिक न्याय और पर्यावरणीय संतुलन दोनों सुनिश्चित होंगे। गांधी जी ने लगभग एक शताब्दी पहले जिस ग्राम स्वराज की कल्पना की थी, वह आज पहले से अधिक प्रासंगिक दिखाई देती है। ग्राम स्वराज का अर्थ केवल पंचायत चुनाव नहीं था। इसका अर्थ था–आर्थिक, सामाजिक और राजनीतिक शक्ति का विकेंद्रीकरण। गांव अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति स्वयं करे। स्थानीय संसाधनों पर पहला अधिकार स्थानीय समुदाय का हो। उत्पादन का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं बल्कि समाज की आवश्यकताओं की पूर्ति हो। इसी सोच को गांधी ने एक वाक्य में व्यक्त किया था- 'प्रोडक्शन बाय द मासेस, नॉट फॉर मॉस प्रोडक्शन।' अर्थात् उत्पादन अधिक से अधिक लोगों के हाथों में होना चाहिए, न कि उत्पादन कुछ विशाल कारखानों में केंद्रित हो जाए। आज सार्वजनिक नीति की भाषा में इसे सब्सिडरिटी प्रिंसिपल कहा जाता है- जो निर्णय स्थानीय स्तर पर लिए जा सकते हैं, उन्हें ऊपर की सरकारों द्वारा नियंत्रित नहीं किया जाना चाहिए। गांधी ने यही बात दशकों पहले व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत की थी। यदि भारत वास्तव में एक न्यायपूर्ण और टिकाऊ विकास मॉडल अपनाना चाहता है, तो तीन बड़े परिवर्तन आवश्यक हैं।

नीति का केंद्र उत्पादन बढ़ाने से हटकर मिट्टी के स्वास्थ्य, जल संरक्षण, जैव विविधता और किसानों की आत्मनिर्भरता पर होना चाहिए।स्थानीय बीज, सामुदायिक बीज बैंक, प्राकृतिक खेती, मिश्रित कृषि और स्थानीय बाजार केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि किसानों की लागत भी घटाते हैं और खाद्य संप्रभुता को मजबूत करते हैं।

जल संकट का समाधान केवल विशाल परियोजनाओं में नहीं है। छोटे तालाब, चेक डैम, खेत तालाब, जलग्रहण विकास और सामुदायिक जल संरचनाएं कम लागत में अधिक टिकाऊ परिणाम देती हैं। इनसे न केवल भूजल पुनर्भरण होता है, बल्कि विस्थापन भी नहीं होता और जल पर समुदाय का नियंत्रण बना रहता है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र के अनेक क्षेत्रों ने यह सिद्ध किया है कि समुदाय आधारित जल प्रबंधन बड़े बांधों की तुलना में कहीं अधिक स्थायी समाधान प्रदान कर सकता है। पानी, जंगल, चरागाह, बीज और ऊर्जा जैसे बुनियादी संसाधनों को केवल बाजार की वस्तु नहीं बनाया जा सकता। इन संसाधनों पर स्थानीय समुदायों का साझा अधिकार और प्रबंधन ही दीर्घकालीन संरक्षण सुनिश्चित कर सकता है। जब समुदाय मालिक बनता है, तब संरक्षण भी बढ़ता है और जवाबदेही भी।

आज विकास को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि से मापा जाता है। लेकिन यदि जीडीपी बढ़े और नदियां मर जाएं, जंगल खत्म हो जाएं, किसान आत्महत्या करें और समाज में असमानता बढ़ती जाए, तो क्या इसे विकास कहा जा सकता है? वास्तविक विकास वह है जिसमें प्रकृति की पूंजी घटे नहीं, सामाजिक विश्वास मजबूत हो और आर्थिक अवसरों का न्यायपूर्ण वितरण हो। जेरेमी लेंट की इको-सभ्यता और गांधी का ग्राम स्वराज दोनों हमें यही बताते हैं कि मनुष्य प्रकृति का स्वामी नहीं, बल्कि उसका एक हिस्सा है। विकास का उद्देश्य बाजार का विस्तार नहीं, बल्कि जीवन की गुणवत्ता में सुधार होना चाहिए। आज पूरी दुनिया जलवायु संकट, जैव विविधता के क्षरण और बढ़ती आर्थिक असमानता से जूझ रही है। ऐसे समय में भारत के सामने केवल चुनौती नहीं, बल्कि अवसर भी है। यदि भारत गांधी के ग्राम स्वराज, प्राकृतिक खेती, सामुदायिक जल प्रबंधन, स्थानीय अर्थव्यवस्था और विकेंद्रीकृत शासन को आधुनिक विज्ञान और नई तकनीकों के साथ जोड़ सके, तो वह दुनिया के सामने विकास का एक नया मॉडल प्रस्तुत कर सकता है। एक सीमित ग्रह पर असीमित उपभोग और अंतहीन आर्थिक वृद्धि का सपना अंततः विनाश की ओर ही ले जाएगा। अब समय आ गया है कि विकास की परिभाषा बदली जाए। असली प्रगति वह नहीं है जो कुछ लोगों की संपत्ति बढ़ा दे। असली प्रगति वह है जो मिट्टी को उपजाऊ बनाए, नदियों को जीवित रखे, जंगलों को सुरक्षित रखे, किसानों को आत्मनिर्भर बनाए और समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन में सम्मान और सुरक्षा सुनिश्चित करे। शायद यही वह बिंदु है जहां गांधी का 'अंत्योदय' और जेरेमी लेंट की 'इको-सभ्यता' एक-दूसरे से मिलते हैं। और शायद यही वह रास्ता है, जो भारत को केवल विकसित राष्ट्र नहीं, बल्कि एक सभ्य और टिकाऊ राष्ट्र बना सकता है।

अध्यात्म

## जल्दबाजी अच्छे परिणामों को भी खराब कर देती है

गौतम बुद्ध के कई ऐसे प्रेरक प्रसंग हैं, जिनसे हमें सुखी जीवन की सीख मिलती है। बुद्ध की कई कथाओं में यह संदेश दिया गया है कि केवल मेहनत करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सही दिशा, धैर्य और निरंतरता भी उतनी ही जरूरी है। एक बार गौतम बुद्ध अपने शिष्यों के साथ यात्रा कर रहे थे। वहां पहुंचकर उन्हें लोगों को जीवन का सही मार्ग बताना था। यात्रा के दौरान रास्ते में एक विचित्र दृश्य दिखाई दिया। जगह-जगह छोटे-छोटे गड्ढे खुदे हुए थे। कोई गड्ढा आधा फीट गहरा था, कोई दो फीट, तो कोई उससे थोड़ा अधिक। ऐसा लग रहा था जैसे किसी ने पूरे क्षेत्र को खोद डाला है, लेकिन कहीं भी काम पूरा नहीं हुआ।

बुद्ध के एक शिष्य के मन में जिज्ञासा जागी। उसने विनम्रता से पूछा, 'तथागत, इन अधूरे गड्ढों का क्या रहस्य है? आखिर किसने इन्हें खोदा होगा और क्यों? '

बुद्ध मुस्कुराए और बोले, 'इन गड्ढों को एक ऐसे व्यक्ति ने खोदा है जो पानी की तलाश में था। उसने एक जगह खुदाई शुरू की, लेकिन थोड़ी देर बाद जब पानी नहीं मिला, तो उसने सोचा कि शायद यहां पानी नहीं है। फिर वह दूसरी जगह चला गया। वहां भी कुछ देर मेहनत की, लेकिन धैर्य खो बैठा और तीसरी जगह खुदाई करने लगा। इसी तरह उसने कई स्थानों पर गड्ढे तो खोदे, लेकिन किसी एक जगह इतनी गहराई तक नहीं पहुंचा कि पानी मिल सके। '

शिष्य ने आश्चर्य से पूछा, 'अगर वह एक ही स्थान पर लगातार मेहनत करता तो क्या उसे पानी मिल जाता? '

बुद्ध ने उत्तर दिया, 'निश्चित रूप से। धरती के भीतर पानी है, लेकिन उसे पाने के लिए निरंतर प्रयास और धैर्य चाहिए था। अधूरी मेहनत और बार-बार दिशा बदलने से केवल थकान मिलती है, सफलता नहीं। '

इसके बाद बुद्ध ने अपने सभी शिष्यों से कहा, 'हमारा जीवन भी इसी प्रकार का है। जो व्यक्ति हर कठिनाई पर अपना लक्ष्य बदल देता है या जल्दी हार मान लेता है, वह सफलता से दूर रह जाता है, लेकिन जो धैर्य के साथ एक दिशा में लगातार प्रयास करता है, वह देर-सवेर अपनी मंजिल तक अवश्य पहुंचता है। ' यह छोटी-सी घटना जीवन का बड़ा संदेश देती है कि सफलता का रास्ता मेहनत, धैर्य और निरंतरता से होकर गुजरता है। जो लोग इन तीन गुणों को अपना लेते हैं, वे परिस्थितियां चाहे जैसी हों, अंततः अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेते हैं।

# सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान

**भारत का सहकारिता आन्दोलन अपने नए स्वरूप में आ गया है। बौद्धिक समाज का उत्पादन एवं उनसे राष्ट्र निर्माण की कोशिश भारत के गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का ड्रीम प्रोजेक्ट रहा है। वैसे तो आणंद का नाम श्वेत क्रांति के स्वर्णिम अध्याय के रूप में अंकित है। जहां त्रिभुवनदास पटेल, सरदार वल्लभभाई पटेल की प्रेरणा और डॉ. वर्गीज़ कुरियन की दूरदर्शिता व आत्मविश्वास अपना नया आकार पाया। इस भूमि पर जिन मनीषियों ने कार्य किया उन्होंने सिद्ध किया कि यदि उत्पादक स्वयं अपने संगठन के स्वामी बन जाएं, तो आर्थिक स्वतंत्रता किसी स्वप्न से कम नहीं होती। अमूल का उदहारण लें तो अमूल की सफलता केवल दुग्ध उत्पादन की कहानी नहीं है, यह विश्वास, सहभागिता और लोकतांत्रिक प्रबंधन की सफलगाथा है। इसी विरासत को नए युग की आवश्यकताओं के अनुरूप आगे बढ़ाने का संकल्प है- त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय जिसे अमित शाह वर्षों से स्थापित करना चाहते थे।**

**डॉ. कन्हैया त्रिपाठी**

विश्व में यह विश्वविद्यालय उस परिवर्तनकारी सोच का प्रतीक माना जा रहा है, जिसमें सहकारिता को केवल डेयरी, चीनी या बैंकिंग तक सीमित नहीं किया जाएगा अपितु सहकारिता का विस्तार जैविक खेती, खाद्य प्रसंस्करण, मत्स्य पालन, बीज उत्पादन, पर्यटन, डिजिटल सेवाओं, ई-कॉमर्स, हरित ऊर्जा और ग्रामीण उद्यमिता को समेकित करते किया जाएगागढ़ेगा। इस विश्वविद्यालय में आधुनिक प्रबंधन, डेटा विश्लेषण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, वित्तीय अनुशासन और वैश्विक दृष्टि पर बहसें होंगी। प्रथम दीक्षांत समारोह हुआ तो जिन्हें नई डिग्रियां मिल रही हैं उससे यह पता चलता है कि यह विश्वविद्यालय भविष्य के सहकारी नेतृत्व को गढ़ने की कोशिश करने जा रहा है।

देश के उत्थान पॉलिसीज पर कार्य करने वाले चेंजमेकर यह मान रहे हैं कि त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय संभावनाओं का संस्थागत स्वरूप है। यहां से निकलने वाले विद्यार्थी केवल डिग्रीधारक नहीं लेकर निकालेंगे अपितु वे सहकारिता के नए राजदूत होंगे। वे गांवों में नई आशा की लौ जगाएंगे। किसानों को बाजार से जोड़ेंगे। महिलाओं को आर्थिक शक्ति देंगे। युवाओं को उद्यमिता की राह दिखाएंगे। समाज में साझेदारी की संस्कृति को सुदृढ़ करेंगे। उनका कार्य आर्थिक प्रगति और सामाजिक संवेदनाओं दोनों को निर्मित करेंगे। इस विश्वविद्यालय के विजन प्लान को सही से पढ़ा जाए तो ऐसा लगता है कि एनईपी-2020 के माध्यम से शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल रोजगार उपलब्ध करने हेतु नहीं निर्धारित हुए हैं अपितु वह व्यक्ति को समाज के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए भी है और उसके लिए ठीक-ठीक कार्य आईआईएम जैसे संस्थाओं से अधिक सहक्रिता विश्वविद्यालय करेगा। भारतीय सहकारिता विश्वविद्यालय का इसी सत्य का आभास है। यह उस क्षण का आरंभ है जब विद्यार्थी पुस्तकों से बाहर निकलकर जीवन की खुली पाठशाला में प्रवेश कर रहे हैं। वास्तव में वास्तविक विश्वविद्यालय वही है जो वास्तविक जीवन मूल्य परिवर्तन का माध्यम बने। नए जीवन की शुरुआत प्रथम दीक्षांत समारोह से जो शुरू करने जा रहे हैं वे रिश्क में नहीं है अपितु वे सन्देश दे रहे हैं कि जीवन मूल्य भी अब सहकारिता से सुरक्षित होंगे। यह सहकारिता में नए आकाश में नई उड़ान है चाहे कोई माने या न माने। यह उड़ान निःसंदेह सहक्रिता एवं गृह मंत्री अमित शाह के संकल्पों से संभव हो पा रही है, ऐसा कहा जाए तो कोई अतिश्योक्तिपूर्ण बात न होगी। हम सभी आज यह महसूस करने लगे हैं कि भारत की सहकारी व्यवस्था आज विश्व की सबसे बड़ी जनआधारित आर्थिक व्यवस्थाओं में से एक है। करोड़ों नागरिक प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सहकारी संस्थाओं से जुड़े हैं। किसानों, महिलाओं, छोटे व्यापारियों, कारीगरों और ग्रामीण युवाओं के लिए सहकारिता केवल संस्था नहीं, बल्कि अवसर का द्वार है। लाभ और लोकहित के बीच संतुलन स्थापित कर नवाचार हेतु विकास का माध्यम सहकारिता बनने जा रही है। सहकारिता का प्राण उसके नैतिक मूल्यों में निहित है। विश्वास, पारदर्शिता, सहभागिता, उत्तरदायित्व और लोकतांत्रिक निर्णय, ये वे आधार हैं जिन पर सहकारिता का विशाल भवन खड़ा हुआ है। यदि इन मूल्यों के साथ त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय दायित्वबोध लेकर ऐसे चरित्रवान नेतृत्व का



निर्माण करने की कोशिश कर रहा है तो इसकी प्रशंसा की जानी चाहिए। विशेष विश्लेषण करने पर ऐसा लगता है कि यह विश्वविद्यालय सहकारिता के नए पक्षियों के कलरव से लोकमंगल का माध्यम बनने वाला है। जो 302 विद्यार्थी एवं 2 स्कॉलर को स्नातक एवं पीएचडी की उपाधि मिली है, यह तो एक शुरुआत है। केंद्रीय सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री श्री मुरलीधर मोहोल ने गुजरात के आणंद में 'त्रिभुवन' सहकारी विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में कहा भी कि नरेंद्र मोदी जी के च्सहकार से समृद्धिज्ज के संकल्प तथा केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री आदरणीय श्री अमित शाह जी के दूरदर्शी नेतृत्व में स्थापित 'त्रिभुवन' सहकारी यूनिवर्सिटी सहकारिता क्षेत्र के लिए एक मील का पत्थर है। यह यूनिवर्सिटी भविष्य के सहकारी नेतृत्वकर्ताओं, शोधकर्ताओं और पेशेवर प्रबंधकों को तैयार कर भारत के सहकारी आंदोलन को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगी। यह बात शत-प्रतिशत सही भी है और उनके प्रयासों का एक तरह से अभिनंदन भी है।

सहकारिता को नया बौद्धिक आधार ऐसे विश्वविद्यालय की स्थापना से जो मिलने लगा है जिसने ज्ञान, शोध, नवाचार और मानवीय मूल्यों का अद्भुत संगम प्रस्तुत किया है तो ऐसे ऐतिहासिक पहल को स्वर्णाक्षरों में अंकित भी किया जाना चाहिए और प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी व अमित शाह की मुक्त कंठ से प्रशंसा भी की जानी चाहिए। दरअसल, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय उस विश्वास का प्रतीक अब बनने जा रहा है जो संगठित समाज की शक्ति व किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पहल है। भारत इससे विश्व की सहकारिता को टक्कर देगा और देश को सशक्त बनाएगा, इसे नहीं भूलना चाहिए। हमारी महिला डिग्रीधारितों की एक नई नवाचार की प्रयोगशाला होगी। महिलाएं सशक्तीकरण का नया अध्याय लिखेंगी, यह विश्वविद्यालय की उपलब्धियों में शामिल होने जा रहा है। हम खुद विश्व जलवायु परिवर्तन, खाद्य सुरक्षा और असमानता जैसी चुनौतियों से लड़ेंगे और सहकारिता के माध्यम से सशक्त बनकर और भारतीय जनमानस को सशक्त बनाकर सामुदायिक भागीदारी और टिकाऊ विकास का नया मार्ग तैयार करेंगे। सहकारिता विश्वविद्यालय के संबंध में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह का पहला प्रमुख बयान 26 मार्च 2025 को लोकसभा में 'त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय विधेयक' पर चर्चा के दौरान आया था। इसके बाद, 05 जुलाई 2025 को गुजरात के आणंद में इस विश्वविद्यालय के शिलान्यास समारोह में उन्होंने इसके उद्देश्यों को विस्तार से रखा तो इसके बारे में जो भी कल्पनाएँ लोग किए हों लेकिन अब तो इस विश्वविद्यालय से सैकड़ों छात्र व शोधार्थी उपाधि प्राप्त करके भारत देश की सेवा में आगे बढ़ने जा रहे हैं। अब जो अनमने ढंग से इस पहल की आलोचना करते रहे होंगे उनके लिए भी एक लेशन-सीख है कि देश के लिए पहले अपने मन में इच्छा पैदा करो, उसे संजोकर उसकी संकल्पना को स्वरूप दो और फिर उसे स्थापित करके मिसाल के रूप में पेश करो। देश के गृह एवं सहकारिता मंत्री ने निःसंदेह यह सब किया है जिसका उदहारण त्रिभुवन सहकारिता विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह है। प्रत्यक्षदर्शी एनडीडीबी और इरमा बोर्ड के अध्यक्ष मीनेश शाह, गुजरात के सहकारिता मंत्री जीतूभाई वाघाणी व यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. जे.एम. व्यास ने उपाधिधारकों के साथ एक स्वप्न को साकार होते हुए नई अनुभति किया है लेकिन केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रसन्नता की अनुभूति निःसंदेह असीमित होगी क्योंकि सहकारिता के नए आकाश में नई उड़ान की यह देशव्यापी हर्ष व उल्लास की बेला है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में संघर्ष का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है।

**वृषभ**
आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम सम्बन्धों में निकटता का अनुभव करेंगे।

**मिथुन**
आपको नयी जॉब के अवसर मिल सकते हैं। आज कई दिनों से रुका हुआ काम शुरू हो सकता है। व्यापार में आ रही परेशानियों को दूर करने में सफल रहेंगे।

**कर्क**
अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियाँ कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**सिंह**
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिन्ता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन कर सकते हैं।

**कन्या**
जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ बदलाव देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

**तुला**
पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिन्ता अवश्य रहेगी।

**वृश्चिक**
हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। आध्यात्मिक चिन्तन के लिये दिन अत्यन्त उपयुक्त है। भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लम्बी दूरी की यात्रा के लिये जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है।

**मकर**
अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे।

**कुंभ**
सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी परेशानी होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे।

**मीन**
रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिये दिन शुभ नहीं है। क्रोध के कारण आपके नजदीकी सम्बन्ध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी के नए डीएसपी बने राघव दयाल

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी अनुमंडल में शुक्रवार को नए डीएसपी राघव दयाल ने कार्यालय में विधिवत पदभार ग्रहण किया। पदभार संभालते ही उन्होंने कानून व्यवस्था और अपराध नियंत्रण को प्राथमिकता देने की बात कही। डीएसपी के पदभार ग्रहण करने पर स्थानीय समाजसेवियों ने उनका भव्य स्वागत किया। समाजसेवी राहुल चंद्रा, नवल भारतीय, कृष्ण सिंह, लालमोहन सिंह, रंजीत पटेल सहित कई लोगों ने डीएसपी को शॉल ओढ़ाकर और पुष्पगुच्छ देकर शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर समाजसेवियों ने क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग, महिला सुरक्षा और नशे पर नियंत्रण की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि आम लोगों को त्वरित न्याय मिले इसके लिए पुलिस प्रशासन संवेदनशील होकर काम करे। डीएसपी राघव दयाल ने सभी से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि विधि व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करना उनकी प्राथमिकता होगी।

### पॉलिथीन पर शिकंजा, 9 दुकानों पर लगा जुर्माना

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए नगर परिषद ने शुक्रवार से सख्त अभियान शुरू कर दिया। पहले दिन बाजार में जांच के दौरान 9 दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन जब्त कर जुर्माना लगाया गया।नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी ने बताया कि सरकार के निर्देश पर पूरे शहर में पॉलिथीन की जांच की जा रही है। पहले माइकिंग के माध्यम से सभी दुकानदारों को कई बार चेतावनी दी गई थी कि दुकानों में पॉलिथीन नहीं रखें।आदेश के बावजूद पॉलिथीन पाए जाने पर शुक्रवार को विशेष टीम गठित कर बाजार में छापेमारी की गई। टीम ने 9 दुकानों की जांच कर वहां से पॉलिथीन बरामद किया और नियमानुसार सभा के साथ जुर्माना वसूला।छापेमारी दल में अमीन, रामाधार, गौतम सहित अन्य नगर परिषद कर्मी शामिल थे। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। दोबारा पॉलिथीन पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### नदौल पैक्स की मतगणना संपन्न, 9 प्रत्याशी विजयी घोषित

**पैक्स अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निर्विरोध चुने गए, रातभर चली गिनती**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड के नदौल पंचायत अंतर्गत पैक्स चुनाव का मतगणना गुरुवार की देर रात कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई। मतगणना स्थल पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी। देर रात तक चली मतगणना के बाद कुल 9 विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई। पैक्स अध्यक्ष पद पर राजेंद्र प्रसाद निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। आरक्षित सीटों के परिणाम, रामजी पासवान और राजमती देवी निर्विरोध चुने गए।पिछड़ा वर्ग बिंदु कुमार और सकीना देवी विजयी रहे। अति पिछड़ा वर्ग सत्येंद्र कुमार और सुशीला देवी ने जीत दर्ज की सामान्य वर्ग: अनिल कुमार, मनोज कुमार, सुलेखा कुमारी, शिव प्रसाद और मालती देवी विजयी घोषित किए गए।मतगणना के दौरान प्रत्याशियों और समर्थकों की भीड़ रही। प्रशासन ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त बल तैनात किया था। नवनिर्वाचित सदस्यों ने पैक्स को सुदृढ़ बनाने और किसानों को समय पर सुविधा उपलब्ध कराने का संकल्प लिया।चुनाव पदाधिकारियों ने बताया कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही।



### जेवर दुकान पर लगा ठगी का आरोप

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बाढ़ स्टेशन के एक ज्वेलर्स पर एक ग्राहक ने गंभीर आरोप लगाए हैं। सोनू कुमार नामक व्यक्ति का दावा है कि उन्होंने दुकान से एक सोने की अंगूठी खरीदी थी, जिसे उन्होंने अपनी बहन को उपहार के रूप में दिया। बाद में जांच कराने पर कथित रूप से पता चला कि अंगूठी में केवल 26 प्रतिशत सोना है और बाकी हिस्सा पीतल का है। सोनू कुमार का कहना है कि जब उन्हें इस बात की जानकारी मिली, तो वे शिकायत लेकर कई बार दुकान पहुंचे। उनके अनुसार, पिछले करीब दो महीने से वे लगातार दुकान का चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें 'आज आइए, कल आइए' कहकर वापस भेज दिया जाता है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि दुकानदार ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और उनकी शिकायत का समाधान नहीं किया। मामला सामने आने के बाद स्थानीय लोगों के बीच भी चर्चा का विषय बन गया है। यदि लगाए गए आरोप सही साबित होते हैं, तो यह केवल एक ग्राहक के साथ धोखाधड़ी का मामला नहीं, बल्कि अन्य ग्राहकों की सुरक्षा और भरोसे से भी जुड़ा गंभीर प्रश्न होगा। पीड़ित ग्राहक ने थाना में शिकायत करने की बात कही है।

### करेंट लगने से छात्रा जख्मी

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडारक थाना क्षेत्र के उच्चतर माध्यमिक स्कूल परसावा में बिजली के करेंट लगने से बारहवीं की छात्रा निशा कुमारी घायल हो गई। जिसे तत्परता दिखाते हुए वहां की प्राचार्या ममता कुमारी ने जल्दी से बाढ़ के अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका इलाज किया जा रहा है। प्राचार्या ने बताया कि लंच टाइम में निशा कुमारी खेलने के लिए कंप्यूटर और स्टोर रूम में बैडमिंटन निकालने गई थी।इसी दौरान बिजली के तार में सटने के कारण इसे करेंट लग गया। उन्होंने ये भी बताया कि पूरे रूम में कवर्ड तार से वायरिंग की हुई है। लेकिन कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा है और कंस्ट्रक्शन में पानी भी पटाया जा रहा है जिसके कवर्ड तार में करेंट आ गया और वह उसके चपेट में आ गई। बच्ची का इलाज कर रहे डॉ रजनी सिन्हा ने बताया कि बच्ची का इलाज किया जा रहा है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। वहीं उस समय जब बच्ची से बात करने की कोशिश की गई तो वह बोलने में असमर्थ दिखाई दे रही थी। प्राचार्या ने घायल होने सूचना उनके पिता प्रशांत कुमार और माता को दी। सूचना मिलने पर पीड़िता की मां हॉस्पिटल पहुंच गई। वह घबराई हुई दिख रही थी।

### ट्रेन में लूट व चेन स्नैचिंग गिरोह का खुलासा, स्वर्णकार समेत 5 गिरफ्तार

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** ट्रेन में लूट और चेन स्नैचिंग की वारदातों को अंजाम देने वाले गिरोह के खिलाफ बाढ़ रेल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कार्रवाई के दौरान गिरोह के चार सक्रिय सदस्यों के साथ चोरी का सामान खरीदने वाले एक स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से सोने के कई आभूषण और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। शुक्रवार शाम करीब 5 बजे बाढ़ रेल थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में रेल डीएसपी पटना पूर्वी विनोद राम ने पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मोकामा निवासी ललन कुमार द्वारा की शिकायत पर मामला दर्ज कर लगातार छापेमारी की गई। अनुसंधान के आधार पर दिलीप कुमार, पंकज कुमार, सूरज कुमार और विशाल कुमार को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में खुलासा हुआ कि गिरोह लूटे गए जेवरात स्वर्णकार देवराज कुमार को बेचता था, जिसे भी गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से सोने के 12 लॉकेट, दो ढोलना, एक कनवाली, दो जोड़ी टॉप्स और चार मोबाइल बरामद हुए हैं। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार दो आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी रहा है और ट्रेन के यात्रियों से लूट व छिनतई करने वालों के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा।

### सैलून में तोड़फोड़ करने वाले दो अपराधकर्मी गिरफ्तार

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के आरके पुरम स्थित ग्लाम बॉक्स सैलून में तोड़फोड़ व फायरिंग करने वाले दो बदमाशों को स्थानीय पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी देते हुए एएसपी अजीत कुमार ने बताया कि विगत 15 जुलाई को ग्लाम बॉक्स सैलून द्वारा थाने में एक आवेदन दिया था जिसमें मुबारकपुर कृषि फार्म का रहने वाला गुड्डू कुमार अपने अन्य 8-10 अज्ञात सहयोगियों के साथ पहुंचकर हथियार का भय दिखाकर मारपीट किए साथ ही दहशत फैलाने के उद्देश्य से अपने साथ लाए हथियार से करीब 8-10 राउण्ड फायरिंग किए एवं वहां लगी वाहन को भी क्षतिग्रस्त कर दिए। पुलिस मामले का संज्ञान लेते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेज, आसूचना संकलन एवं तकनिकी एवं मानवीय आधार पर इस घटना में संलिप्त कुल दो अपराधकर्मियों गुड्डू कुमार व संतोष कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके पास से एक मैग्जीन व घटनास्थल से एक खोखा बरामद किया। उन्होंने बताया कि दोनों अपराधियों पर कानूनी कार्रवाई करते हुए न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### मोकामा में खूनी झड़प, आरोपित गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के मेकरा गांव में गुरुवार को रास्ते की गली के विवाद को लेकर दो पड़ोसियों के बीच खूनी झड़प हो गई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी और पिस्तौल के बट से सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।मिली जानकारी के अनुसार मेकरा डीह निवासी परमानंद सिंह के पुत्र विश्वास कुमार उर्फ बिट्टू का अपने पड़ोसी विनोद सिंह के साथ गली के रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। गुरुवार को विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विश्वास कुमार उर्फ बिट्टू ने विनोद सिंह पर लाठी-डंडे से हमला कर दिया और पिस्तौल के बट से सिर पर वार कर दिया।

# गोल इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों का नीट में शानदार प्रदर्शन

## 500 से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी मेडिकल कॉलेज मिलने की संभावना

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट 2026 में गोल इंस्टिट्यूट के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए संस्थान, बिहार और झारखंड का गौरव बढ़ाया है। शुक्रवार को गोल बिल्डिंग, बुद्धा कॉलोनी, पटना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में संस्थान के शीर्ष विद्यार्थियों के परिणामों की औपचारिक घोषणा की गई। गोल इंस्टिट्यूट के प्रतिभाशाली छात्र रवि कांत दिवाकर ने 720 में 695 अंक प्राप्त कर जेनरल ऐ आई आर 55 तथा केटेगरी ऐ आई आर 3 हासिल की। उनके अतिरिक्त कमल नयन ने 671 अंक के साथ जेनरल ऐ आई आर 460, केशव कुमार ने 660 अंक के साथ जेनरल ऐ आई आर 901, अनुष्का कश्यप ने 660 अंक के साथ जेनरल ऐ आई आर 937 तथा सृष्टि राज ने 652 अंक प्राप्त कर जेनरल ऐ आई आर 1290 हासिल की है। गोल इंस्टिट्यूट के प्रमुख टॉपर्स: विद्यार्थी का नाम: रवि कांत दिवाकर, प्राप्तांक: 695/720, ऑल इंडिया रैंक: जेनरल ऐ आई आर 55, केटेगरी ऐ आई आर 3, विद्यार्थी का नाम: कमल नयन, प्राप्तांक: 671/720, जेनरल ऐ आई आर 460, विद्यार्थी का नाम: केशव कुमार, प्राप्तांक: 660/720, जेनरल ऐ आई आर 901, विद्यार्थी का नाम: अनुष्का कश्यप, प्राप्तांक: 660/720, जेनरल ऐ आई आर 937, विद्यार्थी का नाम: सृष्टि राज, प्राप्तांक: 652/720, जेनरल ऐ आई आर 1290 संस्थान द्वारा अब तक प्राप्त परिणामों और विद्यार्थियों की रैंक के प्रारंभिक विश्लेषण के अनुसार, गोल इंस्टिट्यूट के 500 से अधिक विद्यार्थियों को सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश मिलने की प्रबल संभावना है। विद्यार्थियों के परिणामों का संकलन अभी जारी है, इसलिए सफल विद्यार्थियों की वास्तविक संख्या इससे भी अधिक हो सकती है। यह परिणाम विद्यार्थियों के संकल्प और गोल की समर्पित शैक्षणिक व्यवस्था की जीत है - बिपिन सिंह गोल इंस्टिट्यूट के चेयरमैन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर बिपिन सिंह ने सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा: यह उपलब्धि केवल अंकों और रैंक की सफलता नहीं, बल्कि



विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, अभिभावकों के विश्वास और गोल की पूरी शैक्षणिक टीम के सामूहिक समर्पण का परिणाम है। रवि कांत दिवाकर सहित हमारे सभी सफल विद्यार्थियों ने सिद्ध किया है कि सही मार्गदर्शन, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से देश की कठिनतम परीक्षाओं में भी श्रेष्ठ स्थान प्राप्त किया जा सकता है। हमारा उद्देश्य केवल विद्यार्थियों को परीक्षा में सफल बनाना नहीं, बल्कि उन्हें संवेदनशील, जिम्मेदार और उत्कृष्ट चिकित्सक बनने के लिए तैयार करना है।

**'हर विद्यार्थी की सफलता के पीछे संघर्ष और विश्वास की प्रेरक कहानी है : रंजय सिंह**

गोल इंस्टिट्यूट के असिस्टेंट डायरेक्टर, मिस्टर रंजय सिंह ने कहा: 'इन विद्यार्थियों की सफलता हजारों नीट अभ्यर्थियों के लिए प्रेरणा है। प्रत्येक सफल विद्यार्थी की यात्रा में कठिन परिस्थितियां, मानसिक दबाव, निरंतर परिश्रम और त्याग शामिल रहा है। गोल ने हर विद्यार्थी को शैक्षणिक मार्गदर्शन के साथ भावनात्मक सहयोग, व्यक्तिगत देखभाल और निरंतर प्रेरणा देने का प्रयास किया। हमें विश्वास है कि ये विद्यार्थी भविष्य में उत्कृष्ट चिकित्सक बनकर समाज और देश की सेवा करेंगे।

वैज्ञानिक तैयारी और निरंतर विश्लेषण ने परिणाम को बनाया प्रभावशाली- आनंद वत्ससंस्थान के आर एंड डी हेड, मिस्टर आनंद वत्स ने परिणाम के शैक्षणिक पक्ष पर प्रकाश डालते हुए कहा: नीट जैसी परीक्षा में सफलता के लिए केवल पाठ्यक्रम पूरा करना पर्याप्त नहीं है। सटीक शैक्षणिक योजना, नियमित टेस्ट, प्रश्नों का वैज्ञानिक विश्लेषण, त्रुटियों की पहचान और समयबद्ध सुधार अत्यंत आवश्यक हैं। हमारी आर एंड डी टीम ने परीक्षा के बदलते स्वरूप और विद्यार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुसार रणनीति विकसित की। विद्यार्थियों ने उस रणनीति को अनुशासन के साथ अपनाया, जिसका प्रभाव आज उनके शानदार परिणामों में दिखाई दे रहा है।

**नियमित टेस्ट, व्यक्तिगत मार्गदर्शन और शिक्षकों की प्रतिबद्धता का परिणाम - गौरव सिंह**

गोल इंस्टिट्यूट के एकेडमिक हेड, मिस्टर गौरव सिंह ने कहा: यह सफलता विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच मजबूत शैक्षणिक समन्वय का परिणाम है। नियमित कक्षाएं, सुव्यवस्थित टेस्ट सीरीज, डाउट सेशन, प्रदर्शन विश्लेषण और कमजोर विषयों पर व्यक्तिगत कार्य ने विद्यार्थियों की तैयारी को मजबूत बनाया। हमारे शिक्षकों ने प्रत्येक विद्यार्थी की प्रगति पर निरंतर निगरानी रखी और परीक्षा तक उनका आत्मविश्वास बनाए रखा।

**26 जुलाई को बापू सभागार में होगा भव्य सम्मान समारोह**

गोल इंस्टिट्यूट अपने सभी सफल विद्यार्थियों की उपलब्धियों का सम्मान करने के लिए रविवार, 26 जुलाई 2026 को पटना के प्रतिष्ठित बापू सभागार में भव्य सफलता सम्मान समारोह आयोजित करेगा।

## फतुहा प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री ने थामा भाजपा का दामन

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी पटना स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के अटल सभागार में गुरुवार को आयोजित भव्य मिलन समारोह में जन सुराज और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) को बड़ा राजनीतिक झटका लगा। समारोह में फतुहा प्रखंड प्रमुख श्रुति श्री, समस्तीपुर की समाजसेविका चेतना झाम तथा वीआईपी के वरिष्ठ नेता आनंद मधुकर यादव ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नेताओं का अंगवस्त्र पहनाकर पार्टी में स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' की



नीति से प्रभावित होकर विभिन्न राजनीतिक दलों तथा समाज के प्रतिष्ठित लोग लगातार भाजपा से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि श्रुति श्री, चेतना झाम और आनंद मधुकर यादव के भाजपा में शामिल होने से समस्तीपुर, फतुहा सहित पूरे बिहार में पार्टी संगठन को नई मजबूती मिलेगी। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वाले नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व तथा भाजपा की नीतियों में विश्वास व्यक्त करते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया। समारोह में भाजपा के कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। राजनीतिक जानकारों के अनुसार विधानसभा चुनाव से पहले जन सुराज और वीआईपी के प्रमुख नेताओं का भाजपा में शामिल होना राज्य की राजनीति का महत्वपूर्ण घटनाक्रम माना जा रहा है। इससे आगामी चुनाव में राजनीतिक समीकरणों पर भी असर पड़ने की संभावना है।

## 'पर्यावरण सम्पोषणीयता एवं सद्भाव को बढ़ावा' विषय पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ए. एन. कॉलेज, पटना में पर्यावरण सम्पोषणीयता एवं पर्यावरण सद्भाव को बढ़ावा देना विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया जिसके मुख्य वक्ता अमेरिका के लोयोला यूनिवर्सिटी, शिकागो के स्कूल ऑफ एनवायरनमेंटल सस्टेनेबिलिटी के एसोसिएट प्रोफेसर ब्रदर मार्क जे. मैकी थे। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. रत्ना अमृत ने स्वागत भाषण में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पर्यावरण संरक्षण संबंधी विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि ए. एन. कॉलेज हरित परिसर (ग्रीन कैंपस) के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है तथा इस दिशा में अनेक महत्वपूर्ण पहल की जानी अभी शेष हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष बल दिया कि भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य हरित एवं पर्यावरण-



अनुकूल भारत के निर्माण के बिना पूरा नहीं किया जा सकता। मुख्य वक्ता ब्रदर मार्क जे. मैकी ने अपने व्याख्यान में वैश्विक पर्यावरणीय संकट, सतत विकास तथा प्रकृति के साथ सामंजस्य स्थापित कर जीवन जीने के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने 'ट्रिपल पी' की अवधारणा पर विशेष जोर देते हुए कहा कि इन तीनों के बीच संतुलित समन्वय स्थापित करके ही पर्यावरणीय सम्पोषणीयता को सुदृढ़ बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मनुष्य और प्रकृति का संबंध अत्यंत गहरा एवं परस्पर निर्भर है। इस संबंध को समझना और प्रकृति के प्रति संवेदनशील होना समय की आवश्यकता है। इस अवसर पर तरुमित्र से देवप्रिया, महाविद्यालय के बर्सर डॉ. अभिषेक दत्त, प्रो. शैलेश कुमार सिंह, प्रो. कलानाथ मिश्र, डॉ. संजय कुमार सिंह, डॉ. नवीन कुमार, डॉ. निहारिका एवम डॉ. विनीता प्रसाद उपस्थित थे।

## धनौती में घर तोड़कर लाखों की चोरी, 4 गिरफ्तार, सोना-चांदी-नगदी बरामद

**चोरी का जेवर खरीदने वाले 2 सरार्फा भी धराए, मसौढ़ी बाजार में बेची थी पायल**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के धनौती गांव में बंद घर का ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नगदी चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने 24 घंटे में खुलासा कर दिया। मामले में 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया गया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 के अनुसार मसौढ़ी थाना कांड संख्या-608/26, दिनांक 16.07.26 वादिनी के लिखित आवेदन पर दर्ज किया गया था। आरोप था कि जज कुमार, निवास कुमार उर्फ गोरा कुमार और टीपन कुमार उर्फ विफन कुमार ने घर में घुसकर ताला तोड़कर सोने-चांदी के जेवर और नगद रुपये चुरा लिए थे।अनुसंधान के दौरान पुलिस ने निवास कुमार उर्फ गोरा कुमार और टीपन कुमार उर्फ विफन कुमार, दोनों निवासी धनौती को गिरफ्तार किया। पूछताछ में दोनों ने अपराध स्वीकार किया। उन्होंने बताया कि चोरी की चांदी की पायल मसौढ़ी बाजार में बेच दी गई है।पुलिस ने दोनों की निशानदेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले 2 लोगों को भी गिरफ्तार किया। गिरफ्तार खरीददार हैं - तेतरिया, थाना काको, जिला जहानाबाद निवासी रविशंकर कुमार और मसौढ़ी डीह निवासी राजेन्द्र प्रसाद। बरामदगी में 4.970 ग्राम सोने जैसी चेन, 195 ग्राम का एक जोड़ा पायल, 44 ग्राम का चांदी का हार लॉकेट सहित, 29 ग्राम का एक जोड़ा पायल और 3500 रुपये नगद पुलिस ने बताया कि फरार अभियुक्त जज कुमार की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा का 119वां स्थापना दिवस 20 जुलाई को मनाया जायेगा, तैयारी पूरी





**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बैंक ऑफ बड़ौदा 20.07.2026 को अपना 119वां स्थापना दिवस मनाने जा रहा है। इस उपलक्ष्य में आज दिनांक 17.07.2026 को अंचल प्रमुख व महाप्रबंधक, पटना अंचल सुब्रत कुमार स्वाई के नेतृत्व में स्थानीय एसके पुरी पार्क में बैंक ऑफ बड़ौदा पटना क्षेत्र द्वारा 'स्वास्थ्य जांच शिविर' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, पटना क्षेत्र नलिन कुमार ने उपस्थित ग्राहकों को बैंक ऑफ बड़ौदा के 119वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दीं तथा बैंक की गौरवशाली 119 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा केवल बैंकिंग सेवाओं तक ही सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति भी पूरी निष्ठा से कार्य करता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर जनहित में विभिन्न सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शिविर में रक्तचाप (बीपी), ब्लड शुगर सहित अन्य सामान्य स्वास्थ्य जांच की निःशुल्क सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्राहकों एवं स्थानीय नागरिकों ने शिविर में भाग लेकर अपने स्वास्थ्य की जांच कराई और बैंक की इस सामाजिक पहल की सराहना की। इस अवसर उप महाप्रबंधक (अनुपालन व आश्वासन) पटना अंचल प्रिय रंजन, उप क्षेत्रीय प्रमुख व सहायक महाप्रबंधक सुरेश कुमार एवं कार्यपालकगण उपस्थित थे।

## बाढ़ से लेकर टीबी उन्मूलन तक, एसडीएम ने की योजनाओं की समीक्षा

**सहयोग शिविर, नल-जल, विधि व्यवस्था पर हुई मंथन, एसडीपीओ समेत सभी थानाध्यक्ष रहे मौजूद**

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मानसून और सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को लेकर मसौढ़ी अनुमंडल कार्यालय में शुक्रवार को उच्चस्तरीय समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता एसडीएम धनराज कुमार ने की। बैठक में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघव दयाल, अनुमंडल कार्यपालक पदाधिकारी धर्मवीर कुमार, मसौढ़ी अनुमंडल अंतर्गत सभी बीडीओ और थानाध्यक्ष मौजूद थे। एसडीएम ने अधिकारियों को बाढ़ की तैयारी पुख्ता रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि निचले इलाकों का चिन्हीकरण कर राहत सामग्री और नाव की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित की जाए। सहयोग शिविरों में प्राप्त आवेदनों के त्वरित निष्पादन, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम, नल-जल योजना, आवास, राशन, पेंशन सहित अन्य योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। एसडीएम ने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ पात्र तक शत-प्रतिशत पहुंचे। बिजली की समस्या को प्राथमिकता से दूर करने को कहा विधि व्यवस्था पर चर्चा करते हुए एसडीपीओ और थानाध्यक्षों को गश्त बढ़ाने, अपराध पर अंकुश लगाने और लोगों की शिकायतों का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कानून व्यवस्था प्रशासन की पहली प्राथमिकता है।

# केले की आड़ में 1692 लीटर बीयर बरामद, एक गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए पुलिस लगातार मुस्तैद है। इसी कड़ी में पटना जिले के मरांची थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में अवैध बियर जब्त की है। तस्करों द्वारा शराब छिपाने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया गया था, लेकिन पुलिस की सतर्कता के आगे उनकी यह चालाकी धरी की धरी रह गई।मरांची थानाध्यक्ष रौशन कुमार के अनुसार 16 जुलाई 2026 को मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो, पटना से एक गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। इस सूचना के आलोक में मरांची थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए जियो पेट्रोल पंप के पास सड़क पर खड़ी एक उजले रंग की पिकअप बोलेरो गाड़ी को कब्जे में लिया।जब पुलिस टीम ने संदिग्ध पिकअप गाड़ी की तलाशी ली, तो प्रथम दृष्ट्या उस पर कच्चा केला लदा हुआ पाया गया। लेकिन जब पुलिस ने संदेह के आधार पर केलों को हटाकर गहराई से जांच की, तो नीचे भारी मात्रा में किंगफिशर बियर के कार्टून छिपे मिले।पुलिस ने मौके से ही पिकअप के चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस अवैध खेप के 'फॉरवर्ड एवं बैकवर्ड लिंकेज' (यानी माल कहां से चला और कहां जाना था) का पता लगाने और इसमें संलिप्त अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए आगे की छानबीन और छापेमारी कर रही है।



## भारतीय मानक ब्यूरो पटना शाखा कार्यालय द्वारा शाईन पहल के अंतर्गत जमीनी स्तर पर महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु जागरूकता अभियान



**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारतीय मानक ब्यूरो, पटना शाखा कार्यालय द्वारा निदेशक एवं प्रमुख चंद्रकेश सिंह के मार्गदर्शन में SHINE Initiative के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह/ जीविका की सदस्य महिलाओं को गुणवत्ता, मानकीकरण एवं उपभोक्ता संरक्षण के प्रति जागरूक बनाकर उन्हें सशक्त करने के उद्देश्य से राज्यभर में व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत 04 जुलाई 2026 से बिहार के विभिन्न जिलों में प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला प्रारंभ की गई है। अब तक सहरसा, मधुबनी, समस्तीपुर एवं जिलों के जिला मुख्यालयों एवं विभिन्न प्रखंडों में कुल 17 कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका है, जिनमें लगभग 550 जीविका स्वयं सहायता समूहों की महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रमों का उद्देश्य महिलाओं को भारतीय मानकों, गुणवत्तापूर्ण उत्पादों की पहचान, उपभोक्ता अधिकारों तथा सुरक्षित एवं जागरूक खरीदारी के प्रति सक्षम बनाना है। प्रशिक्षण के दौरान बेबी फीडिंग बोतलें, शिशु पोषण एवं खाद्य मिलावट, प्रेशर कुकर, हेलमेट, खिलौने, रसोई एवं घरेलू उपयोग के बर्तन, पैकेज्ड पेयजल, चिकित्सा उपकरण, गर्भनिरोधक उत्पाद, मेडिकल टेक्सटाइल्स तथा आईएसआई मार्क, रजिस्ट्रेशन मार्क एवं हॉलमार्क के महत्व की विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को यह भी बताया गया कि किसी भी उत्पाद को खरीदने से पूर्व उसके गुणवत्ता चिह्नों का सत्यापन अवश्य करें, जिससे सुरक्षित, प्रमाणित एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादों का चयन सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को BIS Care App के माध्यम से प्रमाणित उत्पादों की प्रामाणिकता जांचने की प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया तथा उपभोक्ता अधिकारों एवं सुरक्षित खरीदारी के संबंध में व्यावहारिक जानकारी प्रदान की गई। सहरसा में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभागियों के बीच आईएसआई प्रमाणित फेस मास्क भी वितरित किए गए। सभी कार्यक्रमों में महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता करते हुए गुणवत्ता एवं उपभोक्ता सुरक्षा से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका विशेषज्ञों द्वारा सरल एवं व्यावहारिक उत्तर दिया गया। इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने महिलाओं में गुणवत्ता के प्रति जागरूकता, सुरक्षित उपभोग की समझ तथा प्रमाणित उत्पादों के उपयोग के प्रति विश्वास को और अधिक मजबूत किया।

## दो माह से लापता दो नाबालिग छात्राएं धनबाद के होटल से सकुशल बरामद

**खगौल थाना की सब इंस्पेक्टर राखी कुमारी को मिली बड़ी सफलता**



**खगौल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** खगौल थाना क्षेत्र से करीब दो माह पूर्व लापता हुई दो नाबालिग छात्राओं को पुलिस ने झारखंड के धनबाद स्थित सिटी सेंटर क्षेत्र के एक होटल से सकुशल बरामद कर लिया है। तकनीकी साक्ष्यों और लगातार की गई जांच के आधार पर पुलिस ने यह सफलता हासिल की। दोनों छात्राओं को खगौल लाकर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है।जानकारी के अनुसार, 22 मई 2026 को छोटी बदलपुरा निवासी एक महिला ने खगौल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी 14 वर्षीय बेटी अपनी 15 वर्षीय सहेली, जो दल्लूचक की रहने वाली है, के साथ स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। देर शाम तक दोनों के घर नहीं लौटने पर परिजनों ने अपने स्तर पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिलने के बाद पुलिस में गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया गया। मामले की जांच खगौल थाना की एसआई राखी कुमारी को सौंपी गई। जांच के दौरान पुलिस ने मोबाइल लोकेशन सहित अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार छानबीन की। इसी क्रम में 16 जुलाई को झारखंड के धनबाद स्थित सिटी सेंटर क्षेत्र के एक होटल से दोनों छात्राओं को सकुशल बरामद कर लिया गया।प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों छात्राएं आपस में घनिष्ठ मित्र थीं और संभवतः घर से नाराज होकर धनबाद चली गई थीं। हालांकि पुलिस इस पहलू की पुष्टि नहीं कर रही है और सभी संभावित बिंदुओं की गहन जांच कर रही है।दानापुर डीएसपी ने बताया कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों नाबालिग छात्राओं को सुरक्षित बरामद किया गया है।

## सावन महीने को लेकर उमानाथ के प्रतिबंधित घाटों को खोल देने की मांग

**बाढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुछ ही दिनों में सावन का महीना शुरू होने वाला है। जितने शिवालय हैं, जैसे देवघर, अशोक धाम, वासुकी नाथ, बिहार का काशी कहा जाने वाला बाढ़ का उमानाथ, इन जगहों पर सावन में श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होती है। खासकर सोमवारी के दिन लाखों की संख्या में लोग बाढ़ के उमानाथ में गंगा स्नान करते हैं, और शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं, लेकिन गंगा नदी में हुए नाव हादसे के बाद उमानाथ के दो घाटों को प्रतिबंधित कर दिया गया था, जबकि एक घाट पर लोग स्नान करते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सावन के महीने में चूंकि अत्यधिक भीड़ आती है, इसलिए श्रद्धालुओं के स्नान के लिए एक घाट पर समायोजन करना संभव नहीं होगा, इसलिए अन्य घाटों को भी खोल देना चाहिए और उसके लिए प्रशासन की ओर से बैरिकेटिंग एवं सुरक्षा मुहैया करवाया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सेवा का सम्मान, युवाओं का अभिमानः बी.डी. कॉलेज के लगभग 600 विद्यार्थियों को मिला वॉलंटियरशिप प्रमाण-पत्र

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सामाजिक उत्तरदायित्व एवं युवा सशक्तिकरण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के अंतर्गत प्रेम यूथ फाउंडेशन द्वारा बी.डी. कॉलेज, पटना के लगभग 600 विद्यार्थियों को वॉलंटियरशिप प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वयंसेवा केवल समाज सेवा का माध्यम नहीं, बल्कि नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, संवेदनशीलता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व विकसित करने का प्रभावी साधन है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज एवं राष्ट्र निर्माण के कार्यों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। प्रमाण-पत्र वितरण समारोह में प्रेम यूथ फाउंडेशन के निदेशक श्री प्रेम कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस.) के कार्यक्रम पदाधिकारी श्री विशाल विजय, इतिहास विभाग के डॉ. विनोद कुमार तथा डॉ. बीरेन्द्र कुमार मंडल उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए उनके सेवा-भाव एवं समर्पण की सराहना की और भविष्य में भी सामाजिक कार्यों में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। विद्यार्थियों ने इस पहल के लिए प्रेम यूथ फाउंडेशन एवं महाविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



### जनता के दरबार में 60 आवेदनकर्ताओं की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन में जिले के विभिन्न अंचलों से आए 60 आवेदनकर्ताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर एडीएम विभागीय जांच मो. सिबगतुल्लाह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारीगण ने सुनवाई की। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान शीघ्र किया जाएगा । भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार में जिला प्रशासन कार्यक्रम में आज वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पालीगंज के अमन कुमार ने नीट परीक्षा में लहराया परचम

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पालीगंज प्रखंड क्षेत्र के खानपुरा तारनपुर पंचायत के लिए गर्व का क्षण है। ग्राम बनौली बुजुर्ग, पोस्ट बनौली खुर्द, थाना खीरी मोड़, जिला पटना निवासी पिंटू शर्मा उर्फ पिंटू ठाकुर के पुत्र अमन कुमार ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा में शानदार सफलता हासिल कर डॉक्टर बनने का सपना साकार किया है। अमन कुमार ने करीब 25 लाख अभ्यर्थियों के बीच आयोजित परीक्षा में 99.5 पर्सेंटाइल प्राप्त करते हुए ऑल इंडिया रैंक 10,000 हासिल की है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे गांव में खुशी और उत्साह का माहौल है। परिजनों, रिश्तेदारों तथा ग्रामीणों ने अमन को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। ग्रामीणों ने कहा कि अमन की सफलता उनकी कड़ी मेहनत, लगन और माता-पिता द्वारा दिए गए बेहतर संस्कार व मार्गदर्शन का परिणाम है। अमन की उपलब्धि से क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलेगी। वहीं, उनके माता-पिता ने बेटे की सफलता का श्रेय उसके निरंतर परिश्रम, अनुशासन तथा शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। अमन कुमार की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर पंचायत एवं पालीगंज क्षेत्र के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है और यह सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।




### वंदे भारत एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड पर शुक्रवार की दोपहर तारेगना रेलवे स्टेशन के पास वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि शव के कई टुकड़े हो गए।जानकारी के अनुसार गया से पटना की ओर जा रही वंदे भारत एक्सप्रेस शुक्रवार दोपहर तारेगना स्टेशन से गुजर रही थी। इसी दौरान एक युवक डाउन लाइन पर रेलवे ट्रैक पार करने की कोशिश कर रहा था। तेज रफ्तार ट्रेन ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद सैकड़ों की संख्या में लोग रेलवे ट्रैक पर जमा हो गए और शव की पहचान करने में जुट गए। लेकिन टक्कर इतनी तेज थी कि शिनाख्त नहीं हो सकी। तारेगना जीआरपी थानाध्यक्ष सोनू कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। शव की पहचान कराने की कोशिश की जा रही है। मामले की जांच की जा रही है।

### लिफ्ट मांगकर बाइक लूटने वाला गिरफ्तार

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरूआ थाना पुलिस ने लिफ्ट मांगकर बाइक लूट करने वाले एक शातिर को गिरफ्तार कर 2 बाइक बरामद की है। पकड़े गए आरोपी की पहचान वीर बहादुर, उम्र करीब 25 वर्ष, पिता रविंद्र प्रसाद, निवासी छितरौली, थाना धनरूआ के रूप में हुई है।थानाध्यक्ष ने बताया कि धनरूआ थाना क्षेत्र में एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक पर लिफ्ट लेकर सुनसान जगह पर चालक से बाइक छीनने की सूचना मिली थी। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने सूचक के सहयोग से आरोपी की पहचान की और उसे दबोच लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर लूटी गई बाइक बरामद की गई। पूछताछ के दौरान उसने बताया कि 3-4 दिन पहले कादिरगंज थाना क्षेत्र में भी इसी तरीके से बाइक लूट की घटना को अंजाम दिया था। उस मामले में कादिरगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज है। पुलिस ने उस बाइक को भी बरामद कर लिया है। इस प्रकार आरोपी के पास से कुल 2 बाइक बरामद की गई हैं। पुलिस ने कांड दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है और अन्य मामलों में संलिप्तता की जांच की जा रही है।

### साइबर थाने का एसपी ने किया निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** गुरुवार की रात एसपी ने साइबर थाना का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान साइबर अपराध से संबंधित कांडों की समीक्षा, प्राप्त शिकायतों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति, अभिलेखों के संधारण, सीसीटीएनएस कार्य एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।निरीक्षण के क्रम में एसपी शुभांग मिश्रा ने ने लंबित साइबर मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों में त्वरित कार्रवाई करने, तकनीकी अनुसंधान को और अधिक प्रभावी बनाने तथा साइबर ठगी के पीड़ितों के अधिक-से-अधिक राशि रिफंड कराने हेतु संबंधित बैंक, वित्तीय संस्थानों एवं अन्य एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर समयबद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही नियमित रूप से साइबर जागरूकता के लिए स्कूलों एवं संस्थानों में जाकर कार्यक्रम करने के लिए निर्देशित किया गया साथ ही थाने आने वाली महिलाओं, आम नागरिकों से अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया।

### डीएम ने किया मंडल कारा हाजीपुर का निरीक्षण

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीएम वैशाली वर्षा सिंह के निर्देश पर अपर समाहर्ता किरण सिंह एवं पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) अबू जफर द्वारा मंडल कारा, हाजीपुर का संयुक्त निरीक्षण किया गया। । निरीक्षण के क्रम में संयुक्त दल ने मंडल कारा के विभिन्न बंदी वार्डों, महिला वार्ड, रसोईघर, जेल अस्पताल तथा कार्यालय अभिलेखों एवं पंजियों का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा की।निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने महिला वार्ड का विशेष रूप से निरीक्षण किया तथा वहां रह रही बंदियों से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, स्वास्थ्य व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही कारा परिसर की साफ-सफाई, भोजन व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाओं एवं सुरक्षा संबंधी मानकों का भी अवलोकन किया गया। संयुक्त निरीक्षण दल ने कारा में उपलब्ध व्यवस्थाओं को संतोष जनक पाया तथा कारा प्रशासन को वर्तमान व्यवस्थाओं को निरंतर बनाए रखने एवं आवश्यकतानुसार। अधिक सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। डीएम ने कहा की जिला प्रशासन द्वारा मंडल कारा की व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा एवं निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा, ताकि कारा परिसर में सुरक्षा, अनुशासन एवं आवश्यक सुविधाओं का प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जा सके।

# चिराग पासवान ने की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत 1.54 करोड़ से अधिक की सहायता राशि वितरित





**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार, श्रिराग पासवान ने शुक्रवार को लिच्छवी सभागार, हाजीपुर में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों के बीच कुल ₹1,54,25,500 (एक करोड़ चौवन लाख पच्चीस हजार पाँच सौ रुपये) की सहायता राशि के चेक वितरित किए। कार्यक्रम में श्रीमती वर्षा सिंह, जिलाधिकारी, वैशाली सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विद्युत विभाग के अनुज्ञा पत्र तथा राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत निक्षय पोषण योजना के तहत 600 टीबी मरीजों को पौष्टिक फूड बास्केट भी प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत 56 लाभार्थियों के बीच कुल ₹1,37,25,500 की अनुग्रह सहायता राशि वितरित की गई। इनमें सर्पदंश, डूबने एवं आकाशीय बिजली जैसी स्थानीय आपदाओं के 33 मामले, पशु क्षति के 9 मामले तथा अगलगी (अग्निकांड) के 14 मामलों से प्रभावित लाभार्थियों को राहत राशि प्रदान की गई। वर्ष 2019 से 2026 तक के लंबित मामलों का निष्पादन कर पीड़ित परिवारों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई गई। श्रम संसाधन विभाग द्वारा संचालित बिहार राज्य प्रवासी मजदूर दुर्घटना अनुदान योजना, 2008 के अंतर्गत 7 लाभार्थियों को कुल ₹13 लाख की सहायता राशि प्रदान की गई, जिससे दुर्घटना प्रभावित श्रमिक परिवारों को आर्थिक संबल मिला। विद्युत विभाग की ओर से विद्युत स्पर्शाघात के एक मामले में पीड़ित परिवार को ₹4 लाख की अनुग्रह सहायता राशि प्रदान की गई। साथ ही विद्युत क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 27 अनुज्ञा पत्र वितरित किए गए, जिनमें 20 विद्युत ठेकेदार, 4 तार मिस्त्री (वायरमैन) एवं 3 सुपरवाइजर शामिल हैं। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान को सुदृढ़ करने की दिशा में निक्षय पोषण योजना के तहत 600 टीबी मरीजों को पौष्टिक फूड बास्केट वितरित किए गए। यह पहल उपचाररत टीबी मरीजों को आवश्यक पोषण उपलब्ध कराने तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस अवसर पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार, चिराग पासवान ने कहा कि केंद्र सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आपदा राहत, श्रमिक कल्याण, स्वास्थ्य सुरक्षा तथा स्वरोजगार से जुड़ी योजनाएँ आम नागरिकों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला रही हैं। उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा लाभार्थियों तक समय पर सहायता पहुँचाने के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के वरिष्ठ पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

# उद्यमियों की समस्याओं का होगा समयबद्ध समाधान, उद्योगों को हरसंभव सहयोग देगा जिला प्रशासन : डीएम



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला पदाधिकारी वैशाली, वर्षा सिंह के निर्देशानुसार जिला उद्योग केन्द्र द्वारा 'उद्यमी संवाद' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से लाभान्वित उद्यमियों ने अपने अनुभव साझा किए तथा उद्योग स्थापना एवं संचालन के दौरान आने वाली समस्याओं और सुझावों से प्रशासन को अवगत कराया। बैठक में रुद्रांश राइस मिल के संचालक ने बताया कि मुख्यमंत्री उद्यमी योजना से उन्हें अपना उद्योग स्थापित करने का अवसर मिला। आज वे आत्मनिर्भर हैं और अपने गांव के दो लोगों को रोजगार भी दे रहे हैं। इस क्रम में एक उद्यमी ने उत्पाद की ब्रांडिंग, लोगो निर्माण एवं एफएसएसएआई लाइसेंस से संबंधित जानकारी मांगी। इस पर अधिकारियों ने आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई तथा एमएसएमई मित्र को आगे भी आवश्यक सहयोग देने का निर्देश दिया गया।बैठक में कई उद्यमियों ने बिजली से जुड़ी समस्याएं भी रखीं। उन्होंने बताया कि अधिक बिजली बिल तथा फिक्स्ड डिमांड चार्ज के कारण छोटे उद्योगों को शुरूआती दौर में संचालन में कठिनाई होती है। इस पर जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि इस संबंध में संबंधित विभाग को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई का अनुरोध किया जाएगा। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उद्यमियों से प्राप्त सभी समस्याओं का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि उद्योगों के लिए बेहतर माहौल उपलब्ध कराना, स्वरोजगार को बढ़ावा देना तथा सरकार की योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को उद्यमियों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने तथा आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

# मुंगेर विवि में जिला स्तरीय 'रेड रन 2026' आयोजित, एड्स जागरूकता का दिया संदेश



**मुंगेर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुंगेर विवि की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को जिला स्तरीय रेड रन-2026 का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (नाको), भारत सरकार के निर्देश तथा बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना एवं स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को एचआईवी/एड्स सहित स्वास्थ्य संबंधी विषयों के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ समाज के निर्माण का संदेश देना था। कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि सुबह 8 बजे प्रतिभागियों का पंजीकरण किया गया। इसके बाद आरडी एंड डीजे कॉलेज मैदान में 17 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं के बीच 5 किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें मुंगेर जिले के आठ कॉलेजों के 80 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। रेड रन-2026 के सफल आयोजन के लिए गठित समिति में डॉ. संजय मांझी, डॉ. भास्कर मिश्रा, डॉ. प्रीति कुमारी, जिला युवा पदाधिकारी मयंक, एनसीसी एएनओ डॉ. प्रभाकर पोद्दार, सदर अस्पताल के आदित्य राज तथा ब्रांड एंबेसडर मृत्युंजय शामिल रहे। दौड़ प्रतियोगिता के बाद मुंगेर विश्वविद्यालय के सिंडिकेट हॉल में कुलपति प्रो. (डॉ.) संजय कुमार की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। समारोह में डीएसडब्ल्यू प्रो. (डॉ.) महेश्वर मिश्र, कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय तथा विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रम पदाधिकारी उपस्थित रहे। विजेताओं को प्रमाण-पत्र, टी-शर्ट तथा व्यक्तित्व विकास और सामान्य ज्ञान से संबंधित आठ पुस्तकों का सेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने कहा कि रेड रन केवल दौड़ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि स्वास्थ्य जागरूकता का एक व्यापक जन-अभियान है। डीएसडब्ल्यू डॉ. महेश्वर मिश्र ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होंगे।

# ट्रक से कुचलकर एक ट्रक चालक की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ-हाजीपुर मुख्य मार्ग फुलवरिया गांव के समीप शुक्रवार की सुबह तीन ट्रकों की टक्कर हो गई। इस हादसे में फुलवरिया गांव निवासी 60 वर्षीय पोषण महतो की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग जुट गए। लोगों ने घटना की सूचना स्थानीय पुलिसको दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई। स्थानीय लोगों के अनुसार, दुर्घटना तब हुई जब एक ट्रक चालक अपनी गाड़ी रोककर टायर की जांच कर रहा था। इसी दौरान, पीछे से आ रहे एक हाईवा ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। इसी दौरान ,पीछे से आ रहे एक तीसरे 12 चक्का ट्रक ने नियंत्रण खो दिया। ट्रक सड़क किनारे खड़े पोषण महतो को अपनी चपेट में ले लिया जहां।पोषण महतो की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

**घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम**

ट्रक से कुचलकर पोषण महतो की मौत से आक्रोशित स्थानीय ग्रामीणों ने महुआ-हाजीपुर सड़क को जाम कर दिया। इससे वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया।सूचना मिलने पर महुआ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस अधिकारियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर स्थिति को शांत किया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल हाजीपुर भेज दिया गया है। इधर मृतक के घर पर मौत की सूचना मिलते ही घर पर कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मृतक के परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में सब देख मित्र के परिजनों का रो रो के बुरा हाल था। सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम के बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया

# सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र विकास की दिशा में विशेष पहल

**वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-II के तहत जिला स्तरीय समिति की बैठक संपन्न**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में वाइब्रेंट विलेजेज प्रोग्राम-II के अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन एवं चयनित रणनीतिक गांवों के समग्र विकास की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को VVP-II के उद्देश्यों एवं कार्ययोजना की जानकारी देते हुए बताया कि जिले के छह सीमावर्ती प्रखंडों के कुल 12 रणनीतिक गांवों का चयन इस कार्यक्रम के तहत किया गया है। इनमें आदापुर प्रखंड का चन्द्रमन, बनकटवा प्रखंड का बिजबनी, छौड़ादानो प्रखंड के धर्मनगर, महुआवा एवं परसा, घोड़ासहन प्रखंड के बरवा खुर्द, जमुनिया कवैया, झरोखर एवं समनपुर, ढाका प्रखंड का परसा तथा रक्सौल प्रखंड के भरतमही एवं पनटोका शामिल हैं।

# 23 अगस्त को सीतामढ़ी में शक्ति प्रदर्शन करेगा धानुक समाज, एकमा में बनी रणनीति

**शिक्षा, रोजगार व राजनीतिक भागीदारी के मुद्दों को उठाया जाएगाः बलराम मंडल**



**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एकमा प्रखंड के परसागढ़-तिलकार सड़क स्थित डीसीपी स्कूल परिसर में अखिल भारतीय धानुक समाज उत्थान महासंघ की एक दिवसीय बैठक गुरुवार को आयोजित की गई। बैठक में आगामी 23 अगस्त को सीतामढ़ी में आयोजित होने वाले शहीद रामफल मंडल शहादत दिवस मेले को सफल बनाने के लिए रणनीति बनाई गई। कार्यक्रम में समाज के लोगों से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया। बैठक की अध्यक्षता मिजार्पुर से आए भरदुल महतो ने की, जबकि मंच संचालन ओमप्रकाश प्रसाद ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धानुक समाज के प्रदेश अध्यक्ष एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बलराम मंडल थे। डीसीपी स्कूल के निदेशक कमलेश प्रसाद ने अतिथियों का फूल-माला एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष बलराम मंडल ने कहा कि सीतामढ़ी में आयोजित होने वाला शहादत दिवस केवल श्रद्धांजलि कार्यक्रम नहीं, बल्कि समाज की एकजुटता और अधिकारों की आवाज बुलंद करने का मंच होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, रोजगार, सामाजिक उत्थान और राजनीतिक भागीदारी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। उन्होंने समाज के लोगों से संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए आगे आने का आह्वान किया। बैठक में मौजूद ग्रामीणों, महिलाओं और समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धानुक समाज अभी भी विकास की मुख्यधारा से पूरी तरह नहीं जुड़ पाया है। ऐसे में सरकार से समाज के सर्वांगीण विकास के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की जाएगी। डीसीपी स्कूल के निदेशक कमलेश प्रसाद ने कहा कि 23 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में समाज के लोग अपने निजी खर्च पर बसों के माध्यम से सीतामढ़ी पहुंचें, ताकि समाज की एकजुटता और ताकत का संदेश पूरे प्रदेश में जाए। बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों और लोगों की भागीदारी बढ़ाने पर भी विस्तार से चर्चा की गई।

# जिला भू-अर्जन कार्यालय का जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव के द्वारा जिला भू अर्जन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया।। निरीक्षण के दौरान सभी कर्मियों के उपस्थित की जांच की गई। बायोमैट्रिक अटेंडेंस देखा गया एवं एक - एक कर्मी का परिचय प्राप्त किया गया।जिलाधिकारी के द्वारा कार्यालय में संधारित लॉग बुक एवं कार्य आवंटन को देखा गया एवं जरूरी निर्देश दिए गए। भू-अर्जन कार्यालय के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा की परिवाद पत्रों का निष्पादन गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। जो भी परिवादी आते हैं उनके साथ सम्यक व्यवहार किया जाए। कई परिवाद पत्र एवं उसके निष्पादन का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला में चल रहे सभी महत्वाकांक्षी परियोजनाओं यथा रक्सौल हवाई अड्डा एवं 139६ पथ निर्माण से संबंधित रैयतों के भुगतान में तेजी लाई जाए।

# स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि का विस्तार

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा हेतु चलायी जा रही स्पेशल ट्रेनों के परिचालन अवधि में विस्तार करने का निर्णय लिया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है - 1. गाड़ी संख्या 04014/04013 आनंद विहार-लौकहा बाजार-आनंद विहार स्पेशल (झंझारपुर-सकरी-सीतामढ़ी-रक्सौल-नरकटियागंज-बगहा-गोरखपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 04014 आनंद विहार-लौकहा बाजार स्पेशल 13.08.26 तक प्रत्येक सोमवार एवं गुरूवार को तथा गाड़ी सं. 04013 लौकहा बाजार-आनंद विहार स्पेशल 18.08.26 तक मंगलवार एवं शुक्रवार को परिचालित की जाएगी । 2. गाड़ी संख्या 05506/05505 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल (दौरम मधेपुरा-बनमनखी के रास्ते) - गाड़ी सं. 05506 सहरसा-पूर्णिया कोर्ट स्पेशल 31.07.26 तक प्रत्येक शुक्रवार एवं रविवार को तथा गाड़ी सं. 05505 पूर्णिया कोर्ट-सहरसा स्पेशल 03.08.26 तक प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को परिचालित की जाएगी ।

# एमजीसीयू में विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में 'जनसंख्या युवा और सतत भविष्य' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के सेहत केंद्र द्वारा विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य 'जनसंख्या युवा और सतत भविष्य' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया। व्याख्यान के संरक्षक विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर संजय श्रीवास्तव थे। कुलपति प्रो. श्रीवास्तव ने कहा कि प्रति वर्ष 11 जुलाई को 'विश्व जनसंख्या दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य केवल संख्या गणना नहीं, बल्कि जागरूकता, स्वास्थ्य, शिक्षा और सतत विकास के प्रति अपनी ज़िम्मेदारी को समझना है। जनसंख्या वृद्धि के साथ - साथ संसाधनों पर दबाव, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार की चुनौतियाँ भी बढ़ती हैं। ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि हम युवाओं को जागरूक करें, परिवार नियोजन के महत्व को समझें, और बेटी-बेटे में समानता, महिला स्वास्थ्य एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दें। महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय सदैव से समाज को दिशा देने का कार्य करता रहा है। हम सब यह संकल्प लें कि ज्ञान, शोध और सामाजिक जागरूकता अभियान आदि विविध माध्यमों द्वारा हम एक संतुलित, स्वस्थ और समृद्ध समाज के निर्माण में अपना योगदान देंगे। जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि जनसंख्या सशक्तीकरण ही हमारा लक्ष्य होना चाहिए। हम सबका यह संयुक्त संकल्प होना चाहिए कि शिक्षा, स्वास्थ्य और जागरूकता के माध्यम से हम संतुलित जनसंख्या और सतत विकास की ओर बढ़ें। युवा ही इस परिवर्तन की शक्ति हैं। विशिष्ट वक्ता के रूप में समाज कार्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मृत्युंजय कुमार सिंह ने 'जनसंख्या, युवा और सतत भविष्य' विषय पर अपना सारगर्भित और उपयोगी उद्बोधन प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने विषय के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत के पास आज दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी है और यही युवा देश के सतत भविष्य की कुंजी बनेंगे। यूनिसेफ के आंकड़ों के अनुसार देश में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के 371 मिलियन युवा हैं। 2021 में ये कुल जनसंख्या का 27.2% थे, लेकिन अनुमान है कि 2036 तक यह घटकर 22.7% रह जाएगा। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि युवाओं की यह बड़ी संख्या श्रम शक्ति में बढ़ोतरी और निर्भरता अनुपात में कमी लाकर देश को 'जनसांख्यिकीय लाभांश' दे सकती है। लेकिन यह लाभ तभी मिलेगा जब युवाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल और रोजगार के अवसर समय पर मिलें। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों -एसडीजी 2030 में भी युवाओं को बदलाव लाने वाला एजेंट माना गया है। शिक्षा, जलवायु, गरीबी उन्मूलन और स्वास्थ्य जैसे सभी लक्ष्यों में युवाओं की भागीदारी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय युवा नीति 2014 को अद्यतन बनाते हुए एनवाईपी 2024 का स्वरूप प्रस्तुत किया है। इसमें एसडीजी के अनुरूप 10-वर्षीय दृष्टिकोण के साथ युवाओं के व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता दी गई है। विश्व जनसंख्या दिवस की उपयोगिता को स्पष्ट करते हुए डॉ सिंह ने कहा कि इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम 'युवाओं को एक निष्पक्ष और आशापूर्ण दुनिया में मनचाहे परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाना' रखी गई। इसका उद्देश्य युवाओं को प्रजनन स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवार नियोजन के विकल्पों तक पहुंच देना है ताकि वे अपने भविष्य का निर्णय स्वयं ले सकें। उन्होंने बताया कि यूएनएफपीए के अनुसार बढ़ती 8 अरब की वैश्विक आबादी को बोझ नहीं बल्कि संसाधन और अवसर के रूप में देखना होगा। डॉ. सिंह ने कहा कि युवा केवल देश का भविष्य नहीं हैं, बल्कि वे सतत भविष्य के निर्माता हैं। अगर हम युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं और रोजगार से जोड़े तो भारत न केवल आर्थिक महाशक्ति बनेगा बल्कि एक लचीला और सतत समाज का निर्माण भी कर सकेगा। सरकार, समाज और शिक्षण संस्थानों को मिलकर युवाओं को नीति-निर्माण में भागीदार बनाना होगा। महात्मा गांधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जन्तु विज्ञान विभाग के सहायक आचार्य डॉ.बुद्धि प्रकाश जैन ने 'जनसंख्या, युवा और सतत भविष्य' विषय पर अपना सूक्ष्म और उपयोगी वक्तव्य प्रस्तुत किया। अपने उद्बोधन में डॉ. जैन ने कहा कि जनसंख्या वृद्धि अपने आप में समस्या नहीं है, बल्कि संसाधनों का असंतुलित उपयोग और जागरूकता की कमी सबसे बड़ी चुनौती है।

## एक नजर

### मुसहरी मोड़ के पास महिला से मंगलसूत्र और नकदी छीने

**इस्लामपुर**। इस्लामपुर-जैतीपुर मुख्य सड़क पर मुसहरी मोड़ के समीप बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला से सोने का मंगलसूत्र और पांच हजार रुपये नकद छीनकर फरार हो गए। पीड़िता रानी कुमारी, छोटी पैठना गांव की निवासी हैं। उन्होंने बताया कि बाजार से खरीदारी कर घर लौटने के दौरान पहले से घात लगाए बदमाशों ने उन्हें रोक लिया और गले से मंगलसूत्र तथा पर्स में रखे पांच हजार रुपये छीन लिए। घटना के बाद महिला के शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे और बदमाशों का पीछा भी किया, लेकिन वे भागने में सफल रहे। सूचना मिलते ही इसलामपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि फुटेज के आधार पर बदमाशों की पहचान कर शीघ्र गिरफ्तारी के लिए कार्रवाई की जाएगी।

### भूमि विवाद में मारपीट में पति-पत्नी घायल

**हिलसा**। थाना क्षेत्र के लक्ष्मी विगहा गांव में पुरानी जमीन विवाद को लेकर हुई मारपीट में पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों घायलों को ग्रामीणों की मदद से अनुमंडलीय अस्पताल, हिलसा में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।घायलों की पहचान लक्ष्मी विगहा गांव निवासी जवाहर प्रसाद के पुत्र संजीव कुमार तथा उनकी पत्नी रानी कुमारी के रूप में हुई है। बताया जाता है कि करीब पांच कट्ठा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसी विवाद ने शुक्रवार को हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच मारपीट हो गई, जिसमें पति-पत्नी घायल हो गए।घटना की सूचना मिलने पर हिलसा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों पक्षों से पूछताछ की तथा पूरे मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस का कहना है कि आवेदन मिलने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### जूनियर रेलवे हाल्ट के पास तकनीकी खराबी से फतुहा- इस्लामपुर एक्सप्रेस घंटों रुकी

**हिलसा**। प्रखंड क्षेत्र के जूनियर रेलवे हाल्ट के समीप बिजली आपूर्ति में तकनीकी खराबी आने के कारण फतुहादूइस्लामपुर एक्सप्रेस ट्रेन का परिचालन करीब दो से तीन घंटे तक प्रभावित रहा। इस दौरान ट्रेन रुकी रहने से यात्रियों और स्थानीय लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी और उमस के बीच बिजली बाधित रहने से यात्री व्याकुल नजर आए।जानकारी के अनुसार, तकनीकी फॉल्ट की सूचना मिलने के बाद रेलवे के बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कार्य शुरू किया। करीब दो से तीन घंटे की मशक्कत के बाद रात लगभग 9 बजे बिजली आपूर्ति बहाल हुई, जिसके बाद रेल परिचालन सामान्य हो सका।स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्ष 2003 में फतुहादूइस्लामपुर रेलखंड पर ट्रेन परिचालन शुरू होने के बाद से बिजली संबंधी तकनीकी खराबी की समस्या समय-समय पर सामने आती रही है। उनका आरोप है कि रेलवे विभाग अब तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं कर सका है, जिससे यात्रियों को बार-बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

### राजगीर में 28 जुलाई को होगी पारंपरिक आषाढ़ी पूजा, महाप्रसाद का होगा वितरण

**राजगीर**। धर्मशाला रोड स्थित माँ देवी स्थान में प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी माँ भगवती देवीस्थान समिति की ओर से पारंपरिक आषाढ़ी पूजा का आयोजन 28 जुलाई को किया जाएगा। पूजा का उद्देश्य राजगीरवासियों को कष्ट, रोग एवं विभिन्न प्रकार की विपदाओं से मुक्ति दिलाने के साथ-साथ किसानों के लिए अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना करना है।समिति के अनुसार आषाढ़ी पूजा हर वर्ष आषाढ़ माह के अंतिम मंगलवार को आयोजित की जाती है। यह पूजा माँ भगवती के साथ-साथ भगवान विष्णु और भगवान शिव को समर्पित होती है। पौराणिक मान्यता के अनुसार इस पूजा के उपरांत भगवान श्री विष्णु चार माह के लिए योगनिद्रा में चले जाते हैं। इसलिए इस पूजा का विशेष धार्मिक महत्व माना जाता है और श्रद्धालु अपने परिवार की सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं क्षेत्र की खुशहाली के लिए इसमें शामिल होते हैं।पूजा का शुभारंभ 28 जुलाई को सुबह 10 बजे वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ होगा। वहीं शाम 6 बजे श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा।माँ भगवती देवीस्थान समिति ने राजगीर के सभी श्रद्धालुओं से अपने परिवार सहित पूजा में शामिल होकर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त करने और धार्मिक आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

### पास्को एक्ट के फरार अभियुक्त गिरफ्तार

**बिहारशरीफ**। एकंगरसराय थाना पुलिस ने पास्को एक्ट के एक फरार अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।थानाध्यक्ष अनिल कुमार ने बताया कि स्थानीय निवासी रोहित कुमार के विरुद्ध वर्ष 2024 में पास्को एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से वह फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय द्वारा वारंट जारी किया गया था।पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को उसे पास्को न्यायालय, बिहारशरीफ में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### ग्राम स्तरीय अरहर प्रत्यक्षण को लेकर बैठक



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। आत्मा की बैठक प्रखंड कृषि कार्यालय में अध्यक्ष नीरज कुमार की अध्यक्षता में की गई। प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिल कुमार भी बैठक में उपस्थित थे। बताया गया कि बैठक में मुख्य रूप से ग्राम स्तरीय अरहर प्रत्यक्षण पर चर्चा की गई। प्रखंड के 15 पंचायतों में से तीन पंचायतों का चयन कृषि विभाग द्वारा अरहर प्रत्यक्षण के लिए किया गया है। इन पंचायतों में मनार, तरार और महावर पंचायत शामिल हैं। कहा गया कि गांव में जाकर कृषि कर्मियों द्वारा अरहर बुवाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बारे में किसानों को जागरूक करना है। अधिक से अधिक किसानों को जागरूक करने पर बल दिया गया आत्मा अध्यक्ष ने बताया कि आत्मा के अध्यक्ष के लिए प्रखंड कृषि कार्यालय में कार्यालय उपलब्ध कराया गया है। मौके पर आत्मा के सदस्य रंजीत कुमार शर्मा, शशि कुमार, मंगल चंद्रवंशी, संतोष दबगर, प्रहलाद प्रसाद ,धनंजय कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, परितोष कुमार आदि उपस्थित थे।

### परिसीमन बाद त्रिस्तरीय पंचायत होने से खुशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। परिसीमन बाद त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने की सूचना पर मुखिया संघ ने खुशी जाहिर की है। प्रदेश मुखिया संघ परिसीमन को लेकर लंबे समय से प्रयास कर रहा था। राज्य सरकार से मंजूरी मिलने पर बिहार मुखिया संघ अध्यक्ष मिथलेश कुमार राय को प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष चंचला कुमारी ने धन्यवाद दिया। आभार व्यक्त की। कहा कि परिसीमन के बाद पंचायत छोटा होगा, जिससे ग्रामीणों को अत्यधिक लाभ मिल सकेगा। सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन से लेकर उचित लाभुकों तक लाभ पहुंचाना आसान होगा। कहा कि सरकार ने सही निर्णय लिया है।

# पात्र व्यक्तियों को मिले राशन कार्ड का लाभ : अभिलाषा शर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्ड निर्माण एवं विभागीय कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा बैठक समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के अंतर्गत पात्र लाभुकों का शत-प्रतिशत राशन कार्ड निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूरा करना सभी संबंधित अधिकारियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने पंचायत सचिवों को निर्देश दिया कि प्रत्येक पात्र लाभुक का श्रेणीवार सत्यापन पूरी पारदर्शिता एवं गंभीरता से करें तथा अधिक से अधिक पात्र परिवारों का राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सत्यापन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अपात्र व्यक्ति का सत्यापन पाए जाने पर संबंधित पंचायत सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 48,241 नए राशन कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके विरुद्ध प्रतिदिन 1,608 आवेदन प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। प्रथम तीन दिनों में कुल 2,149 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जो निर्धारित तीन दिवसीय लक्ष्य 4,824 के विरुद्ध लगभग 44.55 प्रतिशत उपलब्धि है। अब शेष 46,092 राशन कार्डों के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु आगामी 27 दिनों में प्रतिदिन औसतन 1,707 आवेदन प्राप्त करना आवश्यक होगा। जिलाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सभी जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानदारों के माध्यम से कराया जाए, ताकि पात्र परिवार समय पर आवेदन कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि "सहयोग शिविर" की तर्ज पर पंचायत स्तर पर राशन कार्ड आवेदन प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के पात्र लाभुकों को सुविधा मिल सके। बैठक में बताया गया कि जिले के सभी 11 प्रखंडों से राशन कार्ड निर्माण हेतु माइक्रो प्लान प्राप्त हो चुका है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि तैयार माइक्रो प्लान के अनुसार दैनिक लक्ष्य निर्धारित कर प्रत्येक पंचायत में विशेष अभियान चलाया जाए तथा इसकी प्रतिदिन समीक्षा की जाए। ऑनलाइन राशन कार्ड आवेदनों की समीक्षा में बताया गया कि 'क' एवं 'ख' श्रेणी के कुल 2,75,568 ऑनलाइन आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है तथा किसी भी आवेदन को लंबित नहीं रखा गया है। इस उपलब्धि पर जिला पदाधिकारी ने संतोष व्यक्त करते हुए इस गति को बनाए रखने का निर्देश दिया। बैठक में ई-केवाईसी की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले के 16,85,195 लाभार्थियों में से 14,97,912 लाभार्थियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है, जो 88.89 प्रतिशत उपलब्धि है। शेष लाभार्थियों का ई-केवाईसी शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि राशन कार्ड निर्माण अभियान को मिशन मोड में संचालित करते हुए प्रत्येक पात्र परिवार तक पहुंच बनाई जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन कार्ड के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए तथा सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य की प्राप्ति हेतु पूर्ण जवाबदेही के साथ कार्य करें। बैठक में अपर समाहर्ता (आपदा) उपेंद्र पंडित, जिला पंचायती राज पदाधिकारी इफ्तेखार अहमद, दाउदनगर अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्वेतांक लाल, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव एवं बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, सभी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ..तो क्या पुलिस की जवाबदेही तय हो सकेगी?

*अभियुक्तों की रिहाई का कारण केवल "साक्ष्य का अभाव", "अपर्याप्त साक्ष्य", "संदेह", "गवाह मुकर गए", या "विरोधाभास" लिखकर रिपोर्ट भेज देना स्वीकार्य नहीं। राज्य स्तरीय समिति की समीक्षा में जो बात सामने आई है, उसे अगर लागू किया जाता है तो बिहार में पुलिस सुधार का दशकों से चला आ रहा विमर्श एक आकर ले सकेगा। अन्यथा सुधार की संभावना एक बार फिर गतलखाते में चली जाएगी।*

**डॉ.उपेंद्र कश्यप**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अपराध की जांच और अभियोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए गठित राज्य स्तरीय समिति की अपराध अनुसंधान विभाग के डीआईजी जयंत कांत की अध्यक्षता में हुई बैठक में जनवरी से अप्रैल 2026 तक विभिन्न जिलों से प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई। इसमें यह पाया गया कि जिले अभियुक्तों की रिहाई का कारण केवल "साक्ष्य का अभाव", "अपर्याप्त साक्ष्य", "संदेह", "गवाह मुकर गए", या "विरोधाभास" लिखकर रिपोर्ट भेज देते हैं। समिति ने इसे अस्वीकार बताया। तय किया गया कि यदि विरोधाभास का उल्लेख किया गया है तो यह भी स्पष्ट करना होगा कि किस गवाह के बयान में और किस बिंदु पर विरोधाभास सामने आया है। समिति ने सरकारी गवाहों की अनुपस्थिति को गंभीर माना है। जिन मामलों में अनुसंधानकर्ता, पुलिस पदाधिकारी, चिकित्सक या अन्य सरकारी गवाह अदालत में साक्ष्य देने नहीं पहुंचे और उसके कारण अभियुक्त बरी हुआ, उन सभी अधिकारियों का पूरा नाम, पद नाम और अन्य विवरण रिपोर्ट में दर्ज करना होगा। यदि कोई सरकारी गवाह पक्ष द्रोही हो गया है, तो उसका भी पूरा विवरण देना अनिवार्य होगा। साथ ही जिला स्तरीय अभियोजन कोषांग यह भी सत्यापित करेगा कि न्यायालय की ओर से जारी समन और अन्य आदेशों का विधिवत तामिला हुआ था या नहीं। बताया गया कि समिति ने यह स्पष्ट कर दिया है कि उसका उद्देश्य रिपोर्ट की गुणवत्ता सुधारना नहीं बल्कि अभियोजन की कमियों की जवाबदेही तय कर दोषमुक्ति के मामलों में कमी लाना है। अब सवाल यह होता है कि क्या वास्तव में बिहार सरकार में इतनी दृढ़ इच्छा शक्ति है कि वह कांडों के अनुसंधान कर्ताओं की जवाबदेही तय कर सकेगी? पुलिस की अगर जवाबदेही तय हो जाए तो ढेर सारे ऐसे मामले हैं जो स्वतः ही समस्या विहीन हो जाएंगे। पुलिस अगर जवाब देह हो तो अनुसंधान सही होंगे। भ्रष्टाचार कम होगा। यह हो सकता है कि कुछ मामलों में बिना पैसों के लेनदेन के आरोप लगाए जाते हैं, लेकिन इनकी संख्या न्यूनतम है। जबकि यह सत्य अधिकतम मामलों में दिखता है कि पैसों की लेनदेन होती है। अब अगर यह धारणा है तो अच्छी बात है। लेकिन वास्तविकता है तो इससे मुक्ति तभी संभव है जब कांडों के अनुसंधानकर्ता, थाना अध्यक्ष, पुलिस इंस्पेक्टर, डीएसपी और एसपी तक के अधिकारी की जवाबदेही तय हो। ताकि नीचे से उम्मीद टूटे तो उपर से भरोसा जग सके यह आम धारणा है कि पुलिस पैसे के लिए या दबंगों, पूंजीपतियों, राजनीतिक शक्ति प्राप्त व्यक्तियों, जातीय दबंगो की चिरौरी के लिए निर्दोषों को भी फंसाती रही है। बिहार में उग्रवाद के पनपने, फैलने और मजबूत होने की कई वजहों में पुलिस की कार्यशैली भी एक प्रमुख कारक रही है। इससे इनकार नहीं किया जा सकता। पुलिस की जवाबदेही तय होने से यह भी होगा कि झूठे मुकदमों की संख्या लगातार घटती चली जाएगी। पुलिस का विश्वास बहाल होगा तो आम लोग भी थाना जाने में डरेंगे नहीं, या कहीं पुलिस की उपस्थिति से लोग अपमानित महसूस नहीं करेंगे। पुलिस की कार्यशैली में काफी भिन्नता दिखती है और यह इस पर निर्भर करता है कि संबंधित पक्ष की ताकत कैसी और कितनी है। कानून एक है, अनुपालन का तरीका उसका एक होना चाहिए। लेकिन संबंधित पक्षों की ताकत से अनुपालन का तरीका बदल जाता है। और ऐसा कतई नहीं होना चाहिए। राज्य स्तरीय समिति की समीक्षा में जो बात सामने आई है, उसे अगर लागू किया जाता है तो बिहार में पुलिस सुधार का दशकों से चला आ रहा है विमर्श एक आकर ले सकेगा। अन्यथा यह बात भी आई-गई हो जाएगी। सुधार की संभावना एक बार फिर गतलखाते में चली जाएगी।

# प्रभारी बीएओ घनश्याम राम को विदाई

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कृषि कार्यालय के सभागार में प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी (बीएओ) सह जनसेवक घनश्याम राम के सेवानिवृत्त होने पर शुक्रवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कर्मियों ने उनके 36 वर्षों के सेवाकाल की सराहना करते हुए भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्या ने की, जबकि संचालन तकनीकी प्रबंधक प्रेम रंजन निराला ने किया। समारोह में घनश्याम राम को माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके स्वस्थ, सुखद एवं मंगलमय जीवन की कामना की गई। अपने संबोधन में प्रखंड कृषि



पदाधिकारी अमृता कुमारी मौर्या ने कहा कि घनश्याम राम ने लगभग 36 वर्षों तक कृषि विभाग में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ सेवाएं दीं। विभाग में उनके योगदान, कार्यशैली और कर्तव्यनिष्ठा को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का नया अध्याय है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।समारोह में किसान सलाहकार मनोज कुमार, जनसेवक राम जीवन राम तथा कृषि विभाग के तकनीकी एवं कार्यालय कर्मियों सहित दिवाकर, रौशन कुमार, मिथलेश साव, अखिलेश कुमार, उपेंद्र चौधरी, अनिल कुमार, संतोष कुमार चौबे, राजेश कुमार, मुदेव कुमार सिंह, संजय कुमार, संजय कुमार दास, मिथलेश कुमार वर्मा, अभय कुमार, मंजीत कुमार, मेघनाथ चौधरी, प्रशांत सिंह, जितेंद्र कुमार वर्मा, अनिल कुमार सिंह, कुमार राहुल राज, मनिंद्र कुमार, सुरेंद्र कुमार सिंह, बलराम प्रसाद गुप्ता, प्रेम कुमार, मो. असगर इमाम, सुधीर कुमार, हेमंत कुमार, शकुंतला कुमारी, विजेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पांच दिवसीय प्रशिक्षण से शिक्षकों में हुआ नई ऊर्जा का संचार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। बिहार शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद पटना के निर्देश पर डाइट नवादा में चल रहे पांच दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण शुक्रवार को सम्पन्न हो गया। अब शिक्षक अपने अपने विद्यालय जाकर बच्चों को नई ऊर्जा व नई तकनीक से पढ़ाने का कार्य करेंगे। इस दौरान नव विकसित परीक्षण मॉडुयूल पर आधारित प्रशिक्षण में कक्षा 3 से 5 तक के लिए नामित शिक्षकों के अलावा मॉडल स्कूल के शिक्षकों नें सरल व गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त किया। अंतिम दिन सभी शिक्षकों प्रमाण पत्र देकर विदाई दी गई। इसके पूर्व बिहार शिक्षा शोध एवं



प्रशिक्षण परिषद पटना के उप निदेशक नें भी प्रशिक्षु शिक्षकों को ऑनलाइन सम्बोधन किया। तथा पूरे बिहार के जिन जिन जिलों में चल रहे प्रशिक्षण सत्र से रूबरू हुए तथा प्रशिक्षु शिक्षकों से फीड बैक भी लिया। इस दौरान शिक्षकों नें प्रशिक्षण के अनुभवों को भी शेयर किया। इस दौरान प्रशिक्षक शिक्षकों ने भी अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि प्रशिक्षण बड़ी ही प्रेरणादाई और लाभदायक रहा। इससे हम शिक्षकों को पठन-पाठन करने में काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही कहा कि प्रशिक्षण से नई ऊर्जा का भी संचार होता है। इस दौरान सुभाष कुमार, चक्रवर्ती सुशील, जयपाल कुमार, अविनाश कुमार निराला, धर्मेंद्र कुमार, जयकरण प्रसाद कृष्णानंद प्रसाद, अंजलि प्रिया, विनीता कुमारी, राजो कुमार सहित दर्जनों शिक्षक -शिक्षिकायों नें प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# मात्र तीन प्रतिशत हुई है अब तक रोपनी

**दाउदनगर में 12000 हेक्टेयर में होनी है धान की बुआई**

**धान की रोपनी इंद्र भगवान के भरोसे**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। प्रखंड में 12000 हेक्टेयर में धान की खेती होती है। अभी तक मात्र लगभग 360 हेक्टेयर में ही धान की रोपनी हुई है। कृषि विभाग का कहना है कि 15 जुलाई तक लगभग 15% तक धान की रोपनी हो जाती थी। इस बार यह मात्र 3% तक ही हो सकी है। महत्वपूर्ण है कि रोपनी का अंतिम समय 15 अगस्त है। यानी अब रोपनी के लिए एक महीने से भी कम का समय बचा है। यह रोपनी भी वहीं हुई है जहां सिंचाई के लिए वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध है। नहर और पंप सेट के भरोसे ही कुछ किसान धान की रोपनी कर सके हैं। अन्यथा पूरा इलाका इंद्र भगवान के भरोसे है। बारिश होगी तभी रोपनी होगी और तभी फसल अच्छी होगी।

### बोरिंग से पटवन, विवाद इस कारण



दुबे खैरा निवासी बड़े जोतदार सुनील दुबे का कहना है कि इस क्षेत्र में काफी जमीन सट्टा वाली है। यानी उन जमीन मालिकों को करहा से पटवन का अधिकार सरकार ने नहीं दिया है। नतीजा ऐसे किसान के पास बोरिंग से पटवन के अलावा कोई उपाय नहीं है, क्योंकि करहा से पानी ले जाने से नीचे वाले किसान रोकते हैं। कभी-कभी ऐसे ही कारणों से कहीं-कहीं विवाद भी देखने को मिलता है। इनका कहना है कि बारिश न होने के कारण बोरिंग से पटवन काफी महंगा पड़ता है। क्योंकि जो किसान बोरिंग से खेत का पटवन कर रहा होता है उसके आसपास के खेत भी सूखे होते हैं। नतीजा पानी अधिक चाहिए होता है।

### रोहण पिछड़ा, कम होगी उपज



शमशेर नगर निवासी किसान एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य रामकृष्ण कुमार उर्फ नन्हकू पांडेय का मानना है कि जिनके पास बोरिंग और नहर से पानी उपलब्ध होने की सुविधा है वही किसान धान की रोपनी थोड़ा बहुत कर सके हैं। रोहण वाला बिहन की बुआई पिछड़ रहा है। जब बुआई पिछड़ती है तो धान की उपज भी कम होती है। तीन नक्षत्र रोहिणी के अलावा मृदा और आद्रा में बिहन होता है। अब तक लगभग आधा रोपनी कार्य हो जाता था।

# रोहित शर्मा को नीट परीक्षा में 3023वीं रैंक प्राप्त




**नारदीगंज (नवादा)**। प्रखंड के ओड़ो पंचायत के सहजपुरा निवासी पूर्व पंचायत समिति स्व.सच्चिदानंद सिंह के पौत्र और रासबिहारी शर्मा का पुत्र रोहित शर्मा नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त की। उन्होंने 3023 रैंक हासिल किया है। रोहित शर्मा ने नीट परीक्षा में सफलता पाकर घर परिवार का मान सम्मान को बढ़ाया है। उसकी इस उपलब्धि को लेकर गांव व स्वजन में खुशी का माहौल बना हुआ है। इस सफलता प्राप्त करने पर शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं देकर उज्वल भविष्य की कामना की है। कहा कि एक ग्रामीण इलाके के प्रतिभावान युवक ने जहां अपने नाम का डंका बजाया है, वही माता पिता व अन्य स्वजन के साथ गांव और प्रखंड को गौरान्वित किया है।

झारखण्ड सरकार
**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू**

-: PPR टीकाकरण हेतु :-
-: पशुपालकों के लिये आम सूचना :-

केन्द्र सरकार की योजना LHDCP अन्तर्गत पलामू जिला के प्रत्येक प्रखण्ड/पंचायत एवं ग्राम स्तर पर बकरी एवं भेड़ों में होने वाले PPR रोग के उन्मूलन हेतु राज्य के प्रत्येक ग्राम में चयनित टीकाकर्मियों द्वारा घर–घर जाकर निःशुल्क PPR टीकाकारण कार्यक्रम दिनांक 15.07.2026 से 14.08.2026 तक चलाया जा रहा है।

अतः सभी पशुपालक भाईयों/बहनों से अनुरोध है कि उक्त कार्यक्रम का लाभ उठायेंगे।

विशेष जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के पशु चिकित्सा पदाधिकारियो से संम्पर्क किया जा सकता है।

निवेदक
जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू

PR 385133 District (26-27)_D

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**

Tel :- 06562-231148 Email :- municipalcouncil.medininagar@gmail.com

अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 04/वर्ष 2026–27

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथिः– दि0 04.08.2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 05.08.2026 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 03.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 05.08.2026 को 04:00 बजे अपराह्ण नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Renovation of Mayor Room, Medininagar Municipal Corporation | 4,85,600/- | 9,800/- | 1,000/- | दो माह |
| 2 | Renovation of Deputy Mayor Room, Medininagar Municipal Corporation | 4,24,900/- | 8,500/- | 1,000/- | दो माह |

9. **UD&HD** के समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा देने हेतु सक्षम है। साथ ही संवेदक का **Valid UCAN Certificate** की छाया प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा।
10. मुहरबंद लिफाफा के उपर निविदा क्रमांक एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य है। शर्तयुक्त एवं अस्पश्ट निविदा मान्य नहीं होगी।
11. निविदा के साथ समुचित श्रेणी में निबंधन पत्र, अद्यतन आयकर **(ITR latest 3 Years AY)** प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण–पत्र (उपायुक्त) अद्यतन **GSTN Return (Last Quarter or Last 03 Month)** एवं **GST Registration Certificate** प्रस्तुत करनी होगी।
12. परिमाण विपत्र का मूल्य बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक हार्ड– कॉपी के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बैंक ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पद्नाम से देय होगा। परिमाण विपत्र का मूल्य वापस नहीं किया जाएगा।
13. निदेशक नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक - SUDA/AMRUT/Internal Audit-109/2016-1844 के आलोक में निविदादाता को अग्रधन के रूप में 2% की राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। किसी भी तरह का TD/NSC/FDR स्वीकार नहीं किया जायेगा।
14. कार्य आवंटन के पश्चात् एकरारनामा के पूर्व, निदेशक नगर विकास एवं आवास विभाग के पत्रांक - SUDA/AMRUT/Internal Audit-109/2016-1844 के आलोक में सफल निविदादाता को 3% प्रतिशत प्रारम्भिक जमानत की राशि डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम के पदनाम से देय होगा। किसी भी तरह का TD/NSC/FDR स्वीकार नहीं किया जायेगा। प्रत्येक भुगतान के समय 5% प्रतिशत अतिरिक्त जमानत की राशि विपत्र से काटी जाएगी, जो कार्य पूर्ण होने के तिथि से अग्रधन एवं Additional Performance Security राशि 1 (एक) वर्श तथा सुरक्षित जमा राशि 3 (तीन) वर्शों के उपरान्त वर्णित शर्तो के अनुरूप कार्य संतोषप्रद पाये जाने के पश्चात् ही लौटायी जाएगी।
15. निर्धारित अवधि के अन्तर्गत कार्य पूर्ण करने की जिम्मेवारी संवेदक की होगी एवं इस कार्य के लिए संवेदक को अलग से कोई राशि देय नहीं होगी, बल्कि निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर प्राक्कलित राशि का 10% एक मुश्त जुर्माना वसुल किया जायेगा। कार्य अपूर्ण रहने की स्थिति में संवेदक के अन्य कार्य आवंटित किये जाने के दावे का कोई अधिकार नहीं होगा।
16. जाँच के प्रक्रिया के दौरान या एकरारनामा के बाद कार्य के दौरान किसी अन्य समय में संवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज में विसंगती पायी जाती है, तो मेदिनीनगर नगर निगम संवेदक के विरूद्ध कोई भी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र होगा और संवेदक का आंशिक या पूर्ण रूप से किये गये कार्य के संबंध में भुगतान राशि के लिए कोई दावा नहीं होगा।
17. कार्य प्रारम्भ करते ही संवेदक को कार्य से संबंधित सूचनापट् कार्य स्थल पर अपने खर्च से लगाना होगा।
18. निविदा निस्तारण की तिथि से 15 दिनों के अन्दर चयनित निविदादाता को एकरारनामा कर लेना होगा, अन्यथा उनकी निविदा रद्द कर दी जाएगी।
19. संवेदकों का चयन नियमानुसार गठित Tender Procurement Committee (निविदा निस्तार समिति) द्वारा किया जाएगा। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार समिति के पास सुरक्षित होगा।
20- Jharkhand Financial Rule एवं PWD कोड में निर्धारित नियमों का अनुपालन किया जाना आवश्यक होगा।
21. योजना निर्माण के पूर्व तथा निर्माण कार्य का GPS फोटोग्राफ विपत्र के साथ कनीय अभियंता से अभिप्रमाणित लगाना अनिवार्य होगा।
22. 10 प्रतिशत से कम की दर की निविदायें अनुमान्य होगी। 10 प्रतिशत से न्यूनतम निविदाओं के लिए Additional Performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से – (क) 10 से 20 प्रतिशत से Below तक की राशि का 20 प्रतिशत तथा (ख) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30 प्रतिशत अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा।
23. वैध एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निशपादन के प्राधिकार द्वारा पारदर्शी तरीके से लौटरी (Lottery) की पद्धति अपनायी जायेगी।
24. निविदा की शर्ते निविदा पत्र के साथ संलग्न रहेंगी जो निविदादाताओं को मान्य होगा।
25. प्राक्कलन की राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुसार अग्रधन की राशि जमा करनी होगी।
26. निविदा में Technical Bid एवं Financial Bid जमा करना होगा।
27. निविदा में संलग्न Original Affidavit निविदा निर्गत तिथि से 6 (छः) माह पूर्व तक का ही मान्य होगा। संवेदक को शपथ पत्र में अंकित करना होगा कि किसी भी संस्थान द्वारा उन्हें काली सूची में नहीं डाली गयी है एवं उनके Firm/Proprietor का किसी भी न्यायालय में कोई मुकदमा नहीं चल रहा है।
28. संवेदक अथवा संवेदक द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति निविदा खोलने के समय उपस्थित रहेंगे। अगर संवेदक निविदा खोलने के समय उपस्थित नहीं रहते है तो भी निविदा समिति द्वारा निविदा खोल दी जाएगी।
29. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में समिति के द्वारा लिया गया निर्णय मान्य होगा।
30. आवंटन उपलब्ध रहने पर ही कार्यो का भुगतान सम्भव होगा।
31. किसी भी प्रकार का न्यायिक विवाद का निबटारा स्थानीय जिला न्यायालय में ही किया जा सकेगा।
32. विशेष जानकारी के लिए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से कार्य अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

ह०/–
नगर आयुक्त मेदिनीनगर नगर निगम

PR 385127 District(26-27)D

# आज और 20 जुलाई को शहरी मतदान केंद्रों पर लगेगा विशेष शिविर

## हर पात्र मतदाता तक पहुंचेगा गणना प्रपत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गिरिडीह।** मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम एसआईआर 2026 के तहत शहरी क्षेत्र के मतदाताओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने 18 एवं 20 जुलाई को विशेष शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया है। गिरिडीह विधानसभा क्षेत्र के शहरी इलाके के कुल 185 मतदान केंद्रों पर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। इन शिविरों में मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराने के साथ उसे भरने एवं जमा करने में भी सहायता दी जाएगी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का उद्देश्य प्रत्येक पात्र मतदाता तक पहुंच सुनिश्चित करना तथा मतदाता सूची को पूरी तरह शुद्ध, अद्यतन और त्रुटिरहित बनाना है। उन्होंने सभी बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर एवं प्रतिनियुक्त कर्मियों को पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अभियान को सफल बनाने का निर्देश दिया है। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदान केंद्र पर मतदाताओं की संख्या के अनुरूप पर्याप्त गणना प्रपत्र उपलब्ध रहें, ताकि किसी भी मतदाता को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि जो मतदाता किसी कारणवश अपने मतदान क्षेत्र से बाहर रह रहे हैं, वे भी अपने संबंधित बीएलओ से संपर्क कर गणना प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं शिविर के दौरान बीएलओ मतदान केंद्रों पर उपस्थित रहेंगे, जबकि बीएलओ सुपरवाइजर लगातार भ्रमण कर व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे। आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त कर्मियों की भी प्रतिनियुक्ति की जाएगी, ताकि शिविर का संचालन सुचारू रूप से हो सके। उपायुक्त रामनिवास यादव ने जिले के सभी शहरी मतदाताओं से अपील की है कि वे 18 और 20 जुलाई को अपने संबंधित मतदान केंद्र पर अवश्य पहुंचें, गणना प्रपत्र प्राप्त कर समय पर भरकर जमा करें तथा मतदाता सूची के शुद्धिकरण एवं अद्यतन अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएं। उन्होंने कहा कि 'सशक्त लोकतंत्र की आधारशिला शुद्ध एवं अद्यतन मतदाता सूची है और इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी अत्यंत महत्वपूर्ण है।'

# लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के एसपी ने दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हजारीबाग।** पुलिस अधीक्षक ने शुक्रवार को जिले के सभी पुलिस उपाधीक्षकों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा बैठक कर कानून-व्यवस्था, लंबित मामलों के निष्पादन और अपराध नियंत्रण को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में एसपी ने बकरीद एवं मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए सभी पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की सराहना करते हुए आगामी सभी त्योहारों को भी इसी तरह सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने का निर्देश दिया। बेहतर कार्य करने वाले पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। एसपी ने महिला अत्याचार, छेड़खानी, दुष्कर्म एवं पॉक्सो अधिनियम से जुड़े लंबित मामलों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए 60 दिनों के भीतर निष्पादित करने का निर्देश दिया। साथ ही वर्ष 2025 से पूर्व के सभी लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जून 2026 में जिले में कुल 357 कांड दर्ज हुए, जबकि 710 कांडों का निष्पादन किया गया। इसी अवधि में 1052 वारंट एवं कुर्की-जब्ती का निष्पादन, 215 चरित्र सत्यापन तथा 1306 पासपोर्ट सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। एसपी ने सभी थानों में लंबित जमानती एवं गैर-जमानती वारंट, इश्तेहार और कुर्की-जब्ती के निष्पादन के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस आयोजित कर अंचल अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए भूमि विवादों का निपटारा करने तथा साइबर अपराध, महिला सुरक्षा और सड़क सुरक्षा के प्रति आमजन को जागरूक करने पर भी जोर दिया। बैठक में अवैध मादक पदार्थों की खरीद-बिक्री वाले स्थानों को चिन्हित कर विशेष अभियान चलाने, संगठित अपराध गिरोहों, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियों तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सीसीए, थाना हाजिरी और गुंडा पंजी की कार्रवाई का प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए गए। इसके अलावा अवैध कोयला, बालू एवं पत्थर खनन पर प्रभावी रोक लगाने के लिए अंचल अधिकारियों एवं जिला खनन पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने, साइबर अपराध से जुड़े लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन, आम नागरिकों की शिकायतों का समयबद्ध समाधान तथा पिछले पांच वर्षों में जेल से बाहर आए अपराधियों की सूची तैयार कर उनकी गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश भी सभी थाना प्रभारियों को दिए गए।

## 2011 की जनगणना के आधार पर पंचायत परिसीमन उचित नहीं, नई जनगणना के बाद हो परिसीमन

**जमुई/चकाई (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** चकाई प्रखंड अंतर्गत रामचंद्रडीह पंचायत के पूर्व पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि सह वरिष्ठ समाजसेवी अनिल मिश्रा ने पंचायतों के परिसीमन के लिए वर्ष 2011 की जनगणना को आधार बनाए जाने पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि 15 वर्ष पुराने आंकड़ों के आधार पर परिसीमन कराना ढाक के तीन पात वाली कहावत को चरितार्थ करता है। इससे पंचायतों की वास्तविक जनसंख्या और वर्तमान स्थिति का सही प्रतिनिधित्व नहीं हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने कैबिनेट से पंचायत परिसीमन को मंजूरी दे दी है लेकिन यह प्रक्रिया वर्तमान जनसंख्या के आधार पर होनी चाहिए न कि वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर। उनके अनुसार बीते वर्षों में पंचायतों की आबादी और भौगोलिक स्थिति में काफी बदलाव आया है। ऐसे में पुराने आंकड़ों के आधार पर परिसीमन करना पंचायतों के साथ न्याय नहीं होगा।

# डीएम ने मृतकों के आश्रितों को सौंपे चार-चार लाख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** आपदा की घड़ी में पीड़ित परिवारों को अविलंब राहत पहुँचाने तथा उनकी समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ त्वरित निष्पादन करने की अपनी प्रतिबद्धता को जमुई जिला प्रशासन ने पुनः धरातल पर उतारा है। जिलाधिकारी के 'जनता दरबार' में पहुंचे एक मामले पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एवं त्वरित क्रियान्वयन की एक मिसाल पेश कर सड़क दुर्घटना में असमय काल-कवलित हुए स्व. कैलाश रावत तथा स्व. मंटू रावत के परिवार के आश्रितों को चार चार लाख रुपए चेक सौंपा। दोनों मृतकों की पत्नियों क्रमशः रानी देवी और पूजा देवी ने पिछले जनता दरबार में उपस्थित होकर आपदा राहत राशि मिलने में हो रही देरी के संबंध में जिलाधिकारी को आवेदन सौंपा था, जिस पर तत्परता दिखाते हुए ऑन-द-स्पॉट समाधान सुनिश्चित किया। इन दोनों पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी मानवीय संवेदनशीलता दिखाते हुए जिला पदाधिकारी ने आपदा प्रबंधन विभाग के तय प्रावधानों के तहत त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कराई। इसके आलोक में दोनों मृतकों के आश्रितों के लिए चार-चार लाख रुपये की दर से कुल 8,0,000/- (आठ लाख रुपये) की अनुग्रह अनुदान राशि स्वीकृत की गई। इस स्वीकृत राशि के बैंक चेक शुक्रवार को स्वयं डीएम द्वारा मृतकों के आश्रित पत्नीयों को प्रदान किए गए। जिलाधिकारी की यह त्वरित कार्रवाई न केवल व्यवस्था के प्रति आम जनता के विश्वास को सुदृढ़ करती है, बल्कि यह भी आश्वस्त करती है कि संकट के समय समूची प्रशासनिक मशीनरी पूरी जवाबदेही और संवेदनशीलता के साथ हर नागरिक के साथ मुस्तैदी से खड़ी है। इस दुःखद घड़ी में पीड़ित परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि किसी भी परिवार के लिए अपने सदस्य को खोना असहनीय है।

# 'सबकी योजना, सबका विकास' अभियान को गति देने के लिए प्रशिक्षण शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** झारखंड सरकार के 'सबकी योजना, सबका विकास अभियान 2026-27' के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर शुक्रवार से गिरिडीह प्रखंड सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। 17 एवं 18 जुलाई तक आयोजित इस प्रशिक्षण में गिरिडीह, गांडेय एवं बेंगाबाद प्रखंड के वीएलई (विलेज लिवेल एंट्रेप्रेनर) को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) पोर्टल तथा निर्णय पोर्टल के संचालन एवं आवश्यक ऑनलाइन प्रविष्टियों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कार्यक्रम में गिरिडीह प्रमुख पूनम देवी मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। वहीं बीडीओ गणेश रजक ने प्रशिक्षण का उद्घाटन करते हुए कहा कि आज के समय में पंचायतों के विकास कार्यों को तकनीक से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ तभी अंतिम व्यक्ति तक समय पर और पारदर्शी तरीके से पहुंचेगा, जब पंचायत स्तर पर कार्य करने वाले वीएलई डिजिटल प्लेटफॉर्म पर दक्ष होंगे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने और सीखी गई जानकारी का उपयोग पंचायतों में बेहतर सेवा देने के लिए करने का आह्वान किया। बीडीओ ने कहा कि ई-ग्राम स्वराज और जीपीडीपी पोर्टल ग्राम पंचायतों की योजना निर्माण, वित्तीय प्रबंधन एवं विकास कार्यों की निगरानी को अधिक पारदर्शी और जवाबदेह बनाएंगे। इस अवसर पर प्रमुख पूनम देवी ने कहा कि पंचायतों के समग्र विकास के लिए डिजिटल व्यवस्था को मजबूत करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण ग्राम पंचायतों की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाएगा तथा योजनाओं के चयन, क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी। उन्होंने सभी वीएलई से प्रशिक्षण का पूरा लाभ उठाकर गांवों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान रिजनल मैनेजर सह ट्रेनर अनिमेष चटर्जी ने प्रतिभागियों को ई-ग्राम स्वराज पोर्टल, जीपीडीपी पोर्टल एवं निर्णय पोर्टल के तकनीकी संचालन, डेटा एंट्री, ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने और ऑनलाइन मॉड्यूल के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण को व्यावहारिक बनाते हुए प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया कार्यक्रम के सफल संचालन में ट्रेनर सहयोगी एवं सीएससी संचालक बाबूलाल दास की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान तकनीकी सहयोग प्रदान करते हुए प्रतिभागियों को पोर्टल संचालन की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के बेहतर उपयोग से पंचायतों में योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता बढ़ेगी और आम जनता को सरकारी सेवाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। दो दिवसीय प्रशिक्षण के माध्यम से प्रतिभागियों को पंचायतों में डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने के लिए आवश्यक तकनीकी दक्षता प्रदान की जा रही है।

# न्याय समाज की धड़कन और लोकतंत्र की रीढ़ : डॉ. गौरी शंकर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई।** विश्व न्याय दिवस के अवसर पर 'सभी के लिए न्याय, उत्तरदायित्व और मानव गरिमा' विषय पर नगर परिषद स्थित स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता प्रभात कुमार भगत के आवास पर विधि शाला सह संवाद कक्ष में एक परिचर्चा आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ अधिवक्ता मुरारी झा ने किया। विशिष्ट अतिथि के बतौर अपने संबोधन में राजकीय डिग्री महाविद्यालय ई. अलीगंज के प्राचार्य डॉ गौरी शंकर पासवान ने ने कहा कि न्याय केवल न्यायालयों की जिम्मेदारी नहीं,बल्कि प्रत्येक नागरिक का परम नैतिक कर्तव्य है। न्याय सभ्य समाज की धड़कन और लोकतंत्र की रीढ़ है। न्याय किसी व्यक्ति, वर्ग, संस्था व व्यवस्था का विशेषाधिकार नहीं बल्कि मानवता का सार्वभौमिक अधिकार है। सत्यमेव जयते का संदेश इसी सत्य को पुष्ट करता है। सत्य सिर्फ अधिकार दिलाने का माध्यम नहीं, अपितु उत्तरदायित्व निभाने की प्रेरणा भी देता है। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति सजग होते हैं, तो प्रशासन पारदर्शी होता है, और जीत उसी की होती है जो सत्य और न्याय के मार्ग पर चलता है। जो भी हो समस्त नागरिकों को सत्य के साथ खड़े होना चाहिए और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाए जाने चाहिए। मुख्य वक्ता के रूप में स्थानीय व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं जीपी प्रभात कुमार भगत ने कहा कि न्याय संविधान की आत्मा है। क्योंकि संविधान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिकों को न्याय प्रदान करना है। पक्षपात रहित निर्णय ही वास्तविक न्याय है। निष्पक्ष न्याय भेदभाव शोषण और अन्याय के विरुद्ध सबसे बड़ी शक्ति है। एक न्याय पूर्ण समाज अथवा देश वह होता है, जहां कानून का शासन, समान अवसर और माननीय संवेदनाएं साथ साथ चले। न्याय सभी के लिए होना चाहिए। सभी के लिए न्याय का अर्थ है कि बिना किसी भेदभाव के हर नागरिक को समान अधिकार, सुरक्षा और सम्मान मिलाना। प्रो. सरदार राय ने कहा कि न्याय तभी सार्थक है, जब वह निष्पक्ष, सुलभ और समय पर प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचे। अध्यक्षीय प्रबोधन में वरिष्ठ अधिवक्ता मुरारी झा ने कहा कि न्याय मानव गरिमा की पहली शर्त है। न्याय के बिना सम्मान पूर्वक जीवन की कल्पना अधूरी है। डॉ निरंजन कुमार दुबे ने कहा कि न्याय सभ्यता की आधारशिला है। न्याय ही एक सभ्य और संगठित समाज की नींव है। न्याय केवल अदालतों के दीवारों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह हर नागरिक के जीवन, व्यवहार और सोच में उतरना चाहिए। मौके पर लाइब्रेरियन रामचरितमानस, प्रो संजीव कुमार सिंह, शिक्षक मंटू पासवान ने कहा कि न्याय व्यक्ति; समाज और शासन तीनों को पारदर्शी, जवाबदेह और नैतिक बनाती है। सत्य से न्याय और न्याय से शांति आती है।

# उपायुक्त ने तकनीकी पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**मेदिनीनगर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय तकनीकी पदाधिकारियों संग महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में झारखण्ड राज्य भवन निर्माण निगम लिमिटेड, भवन प्रमंडल मेदिनीनगर, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल पलामू,ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल पलामू, एनआरईपी पलामू,सिचाई प्रमंडल पलामू,लघु सिचाई प्रमंडल पलामू, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,तथा जिला परिषद के अंतर्गत संचालित विभिन्न निर्माण व विकासात्मक कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गयी। उपायुक्त ने कार्यों की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त करते हुए धीमी प्रगति वाले कार्यों पर गंभीर असंतोष व्यक्त किया।कई विभागों द्वारा बारिश के कारण कार्य प्रभावित होने की बात कही गयी।डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में गति लाने एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में सभी तकनीकी पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि निर्धारित समय सीमा के भीतर अधूरे कार्यों को पूर्ण करना सुनिश्चित करें।कार्यों में लापरवाही अथवा अनियमितता पाए जाने पर जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में डीसी ने कहा कि जो संवेदक कार्य आवंटित होने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किये हैं, उन्हें डिबार करने की कार्रवाई की जाये।

## पृष्ठ 1 का शेष

### बिहार पुलिस की...

नियंत्रण स्थापित करने के साथ-साथ जनता में सुरक्षा का भरोसा भी मजबूत करेगा। कार्यक्रम की शुरुआत में पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह भी उपस्थित थे।

### रजिस्ट्री कराने जा ...

भेजा जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया ट्रैक्टर को जप्त कर लिया गया है। चालक की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दंपति के पास से बरामद 55 हजार रुपये नकद तथा सोने-चांदी के आभूषण सुरक्षित रूप से उनके परिजनों को सौंप दिए गए हैं। दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराने के बाद उन्हें अंतिम संस्कार के लिए परिजनों के हवाले कर दिया गया।

### झारखंड के हर जिले ...

कराये जायें। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाये ताकि खेती लाभकारी बने और किसानों की आय में लगातार बढ़ोतरी हो। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने किसान समृद्धि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत किसानों को सौर ऊर्जा संचालित सिंचाई पंप उपलब्ध कराये जा रहे हैं जिससे सिंचाई की सुविधा बढ़ेगी, खेती की लागत कम होगी और किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। उन्होंने अधिक से अधिक किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। बैठक में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की विभिन्न योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गयी। इसमें किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास, आधुनिक कृषि तकनीक का विस्तार, पशुधन विकास, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन, सहकारिता संस्थाओं के सुदृढ़ीकरण तथा कृषि आधारित आजीविका योजनाओं की स्थिति पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने सभी योजनाओं के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य किसानों की आय बढ़ाने के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना है।

# चेन्नई में दुलमपुर के युवक की पीट-पीटकर हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जमुई/चकाई।** चेन्नई में रोजी-रोटी कमाने गए प्रखंड के दुलमपुर गाँव निवासी सुरेश तुरी के 25 वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र तुरी की उसके ही रूम पार्टनर ने पीट-पीटकर निर्मम हत्या कर दी। यह दुखद घटना गुरुवार की रात को घटित हुई। बताया जाता है कि किसी बात को लेकर धर्मेंद्र का अपने रूम पार्टनर से विवाद हुआ था जिसके बाद आरोपी ने उसे पीट-पीटकर मौत के घाट उतार दिया। वारदात को अंजाम देने वाला आरोपी रूम पार्टनर नवादा जिले के हिसुआ का रहने वाला है। घटना के बाद चेन्नई पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उससे सघन पूछताछ कर रही है। धर्मेंद्र की मौत की खबर मिलते ही उसके पैतृक गांव दुलमपुर में कोहराम मच गया। शोकाकुल पिता ने बताया कि धर्मेंद्र महज दो महीने पहले ही चेन्नई के एक होटल में काम करने गया था। पांच वर्ष पूर्व ही उसकी शादी हुई थी और वह अपने परिवार का मुख्य सहारा था। मामले की जानकारी मिलते ही दुलमपुर पंचायत के मुखिया दिनेश यादव ने तत्परता दिखाई। उन्होंने स्थानीय बीचकोड़वा पुलिस के सहयोग से चेन्नई पुलिस से संपर्क साधा। लंबी दूरी और कानूनी प्रक्रियाओं को देखते हुए, परिजनों की सहमति से मृतक धर्मेंद्र का अंतिम संस्कार चेन्नई में ही पुलिस सहयोग से संपन्न करा दिया गया। इस हृदयविदारक घटना से पूरे इलाके में शोक की लहर है।

# जनता दरबार में कई मामलों का मौके पर हुआ समाधान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** जिले के आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे नागरिकों ने अपनी-अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखीं। उपायुक्त ने सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कई मामलों का मौके पर ही समाधान भी कराया गया जनता दरबार में बिजली बिल, भूमि विवाद, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पारिवारिक विवाद, रोजगार, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन कार्ड तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रूप से सामने आईं इस अवसर पर उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जनता दरबार प्रशासन और आम जनता के बीच सीधे संवाद का एक प्रभावी माध्यम है। लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन पर संवेदनशीलता के साथ त्वरित कार्रवाई करें, ताकि फरियादियों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े उपायुक्त ने यह भी कहा कि जिन मामलों का समाधान तत्काल संभव है, उनका नियमानुसार मौके पर ही निस्तारण किया जाए।

# तीन थाना क्षेत्रों के लिए सिर्फ एक दमकल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जमुई/सिकंदरा।** ग्रामीण क्षेत्रों में आगजनी की घटनाओं के दौरान शुरुआती कुछ मिनट सबसे महत्वपूर्ण होते हैं, लेकिन सिकंदरा पुलिस अंचल में अग्निशमन संसाधनों की कमी इस चुनौती को और गंभीर बना रही है। सिकंदरा, लछुआड़ और चंद्रदीप थाना क्षेत्र की सुरक्षा की जिम्मेदारी फिलहाल केवल एक मिनी दमकल वाहन पर टिकी हुई है, जो सिर्फ सिकंदरा थाना में उपलब्ध है।

लछुआड़ और चंद्रदीप थाना क्षेत्र में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल वाहन को सिकंदरा से रवाना होना पड़ता है। खासकर चंद्रदीप थाना के कई गांव 20 से 25 किलोमीटर दूर होने के कारण वाहन के पहुंचने में काफी समय लग जाता है। तब तक आग विकराल रूप धारण कर घर, अनाज, भूसा, कृषि उपकरण और अन्य सामान को अपनी चपेट में ले लेती है। ऐसे में ग्रामीण अपने सीमित संसाधनों के सहारे आग बुझाने की कोशिश करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार आपदा प्रबंधन को मजबूत करने की बात करती है, लेकिन अग्निशमन जैसी बुनियादी सुविधा का अभाव बड़ी चिंता का विषय है। उनका मानना है कि यदि लछुआड़ और चंद्रदीप थाना में भी एक-एक मिनी दमकल वाहन उपलब्ध हो जाए तो आग पर शुरुआती चरण में ही नियंत्रण पाया जा सकता है और हर वर्ष होने वाले लाखों रुपये के नुकसान से बचा जा सकता है।स्थानीय जनप्रतिनिधियों और बुद्धिजीवियों ने जिला प्रशासन से दोनों थाना क्षेत्रों में शीघ्र अग्निशमन वाहन उपलब्ध कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यह केवल संसाधन बढ़ाने का मामला नहीं, बल्कि हजारों ग्रामीण परिवारों की सुरक्षा और समय पर राहत सुनिश्चित करने का प्रश्न है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

चंद्रदीप थाना की भौगोलिक दूरी और वहां आगजनी की घटनाओं के दौरान होने वाली परेशानी को देखते हुए जिला प्रशासन की शांति समिति की बैठकों में कई बार वहां एक मिनी दमकल वाहन उपलब्ध कराने का प्रस्ताव रखा गया है। जिला पदाधिकारी ने इस मांग पर सकारात्मक आश्वासन दिया है। उम्मीद है कि अग्निशमन विभाग द्वारा जल्द ही चंद्रदीप थाना को मिनी दमकल वाहन उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोगों को समय पर राहत मिल सकेगी।

**सतीश सुमन, एसडीपीओ, जमुई**

# सांसद की अनुशंसा पर जल्द शुरू होगा सड़क निर्माण कार्य

**खबर का असर**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हजारीबाग।** संत विनोबा नगर की वर्षों से जर्जर पड़ी सड़क को लेकर नव बिहार टाइम्स में प्रमुखता से प्रकाशित खबर का असर अब जमीन पर दिखाई देने लगा है। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया और डीएमएफटी फंड से सड़क निर्माण के लिए सांसद मनीष जायसवाल की अनुशंसा पर टेंडर जारी कर दिया गया है। टेंडर के प्रकाशन के साथ ही अब क्षेत्र में जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। संत विनोबा नगर के लोगों ने लंबे समय से सड़क की बदहाल स्थिति के कारण आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना किया। बरसात के दिनों में सड़क पर जलभराव और गड्ढों के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था। स्थानीय लोगों ने कई बार सड़क निर्माण की मांग उठाई थी। मामले को नव बिहार टाइम्स ने प्रमुखता से प्रकाशित कर जनसमस्या को प्रशासन और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाया।


संत विनोबा नगर मेरावल सिंदूर कॉलोनी की जर्जर सड़क से लोग परेशान

बरसात में सड़क बन जाती है तालाब, स्कूली बच्चों, विद्यार्थियों और राहगीरों को होती है भारी परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नवीन सिन्हा (हजारीबाग ब्यूरो)। हजारीबाग शहर के संत विनोबा नगर स्थित मेरावल सिंदूर कॉलोनी की सड़क इन दिनों पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर बरसात के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है, जब पूरी सड़क तालाब में तब्दील हो जाती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के समय स्कूली बच्चों का स्कूल जाना तक मुश्किल हो जाता है। पानी और कीचड़ से भरी सड़क पर फिसलने का खतरा बना रहता है। कई बार छोटे बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं। इसके बावजूद अब तक सड़क निर्माण की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं की गई है। स्थानीय निवासी **नवीन सिन्हा** ने कहा कि मेरावल सिंदूर कॉलोनी विनोबा भावे विश्वविद्यालय से सटी हुई है, जिसके कारण यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी किराये पर रहकर पढ़ाई करते हैं। कॉलोनी की आबादी भी काफी अधिक है और सड़क पर दिन-रात लोगों का आना-जाना लगा रहता है। खराब सड़क के कारण विद्यार्थियों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी बदतर हो जाती है। **गिरधर सिंह** ने कहा कि सड़क पर जलजमाव होने से लोगों को काफी परेशानी होती है। बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह सड़क खतरे का कारण बन गई है। अनिल गुप्ता ने बताया कि कई बार नगर निगम और संबंधित विभाग को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं निकला। अरविंद प्रसाद ने कहा कि सड़क की बदहाल स्थिति के कारण कॉलोनी के लोगों को हर दिन परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रशासन को जल्द पहल कर सड़क निर्माण कराना चाहिए। **प्रेम सिन्हा** ने कहा कि सड़क पर बने गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शाम के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है। अमर कुमार सिन्हा ने बताया कि खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को भी काफी दिक्कत होती है। कई बार बाइक सवार गिरकर घायल हो चुके हैं। **रामखेलावन यादव** ने कहा कि स्थानीय लोग लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। सतेंद्र मेहता ने प्रशासन से जल्द सड़क मरम्मत और जल निकासी की व्यवस्था कराने की मांग की, ताकि लोगों को राहत मिल सके। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सड़क निर्माण नहीं कराया गया तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

इसके बाद सांसद मनीष जायसवाल की अनुशंसा पर डीएमएफटी फंड से सड़क निर्माण योजना को स्वीकृति मिली और आज इसका टेंडर भी प्रकाशित कर दिया गया।

टेंडर जारी होने की खबर से संत विनोबा नगर के लोगों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों और स्थानीय निवासियों ने सड़क निर्माण की प्रक्रिया शुरू होने पर सांसद मनीष जायसवाल तथा उपायुक्त (डीसी) के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लंबे समय से चली आ रही उनकी मांग अब पूरी होने जा रही है। लोगों ने उम्मीद जताई कि निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा होगा, जिससे क्षेत्र के हजारों लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिल सकेगी।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई किए जाने से आम लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। अब सभी की निगाहें सड़क निर्माण कार्य के शीघ्र शुरू होने और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा होने पर टिकी हैं।

# एनटीपीसी कहलगांव में एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट ऑडिट संपन्न

## देश के चार चुनिंदा परियोजनाओं में शामिल है कहलगांव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** एनटीपीसी के कहलगांव विद्युत परियोजना ने कॉरपोरेट गवर्नेंस एवं पारदर्शिता की दिशा में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है।




इस परियोजना में दो दिवसीय एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम स्टेज-2 ऑडिट सफलतापूर्वक संपन्न हो गया है। भारतीय मानक ब्यूरो की उच्चस्तरीय टीम द्वारा यह ऑडिट 15 व 16 जुलाई को आयोजित किया गया था। इस महत्वपूर्ण ऑडिट टीम का नेतृत्व बीआईएस के टीम लीडर व विशेषज्ञ दिव्येंदु चक्रवर्ती ने किया। जबकि यू. एस. पी. यादव ने बतौर ऑडिटर एवं विशेषज्ञ अपनी भूमिका निभाई। दो दिनों तक चले इस गहन ऑडिट के दौरान बीआईएस की टीम ने एनटीपीसी कहलगांव के विभिन्न विभागों की कार्यप्रणालियों, अभिलेखों और एंटी-ब्राइबरी मैनेजमेंट सिस्टम के प्रभावी अनुपालन की समीक्षा की। इस ऑडिट के उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता एनटीपीसी कहलगांव के परियोजना प्रमुख रविन्द्र शर्मा ने की। वहीं, समापन सत्र का नेतृत्व महाप्रबंधक (ओएंडएम) मनोरंजन परिडा ने की। इस पूरे कार्यक्रम का सफल आयोजन सतर्कता विभाग के एजीएम, सतर्कता शौविक बरुआ के नेतृत्व हुआ। इस ऑडिट प्रक्रिया में एनटीपीसी के सभी विभागाध्यक्षों, अधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन सत्र के दौरान ऑडिटरों ने एनटीपीसी कहलगांव के प्रबंधन एवं कर्मचारियों द्वारा दिए गए सहयोग व आतिथ्य की सराहना की। इसके साथ ही संगठन के आधुनिक डिजिटल फुटप्रिंट की भी विशेष प्रशंसा की गई। इस अनुपालन से संतुष्ट होकर बीआईएस की ऑडिट टीम ने एनटीपीसी कहलगांव को स्टेज-2 एबीएमएस प्रमाणन देने की महत्वपूर्ण अनुशंसा की है। एनटीपीसी कहलगांव के लिए यह बेहद गौरव का क्षण है, क्योंकि एनटीपीसी लिमिटेड की पूरे देश में चुनी गई महज चार विशिष्ट परियोजनाओं में कहलगांव भी शामिल है। जहां इस प्रतिष्ठित स्टेज-2 ऑडिट को सफलतापूर्वक अंजाम दिया गया है।

# औपचारिकता तक ही सीमित नहीं रखें हिन्दी को

## बरौनी रिफाइनरी में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बरौनी रिफाइनरी में शुक्रवार को नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की पहली छमाही बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी निदेशक सत्य प्रकाश ने की। इस बैठक में उप निदेशक (कार्यान्वयन), क्षेत्रीय कार्यालय, कोलकाता, गृह मंत्रालय, भारत सरकार डॉ विचित्र सेन गुप्त, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) भास्कर हजारिका, महाप्रबंधक (कर्मचारी सेवाएँ, प्रबंधकीय सेवाएँ, अधिगम एवं विकास) डॉ पी के नाथ, बरौनी स्थित विभिन्न केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों




और बैंकों के प्रमुखों एवं राजभाषा अधिकारियों ने भाग लिया।डॉ वी सेन गुप्त, उप निदेश, क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, कोलकाता ने बरौनी नराकास एवं आई ओ सी एल, बरौनी रिफाइनरी के कार्य पर प्रसन्नता व्यक्त की और उन्होंने सभी नराकास सदस्य कार्यालयों को राजभाषा विभाग के निर्देशों का पालन करने को कहा। नराकास की बेहतरी के लिए सामूहिक प्रयास अत्यंत आवश्यक है। नराकास को सुचारु रूप से चलाने का कार्य सिर्फ एक कार्यालय की जिम्मेदारी नही, बल्कि प्रत्येक सदस्य कार्यालयों की जिम्मेदारी है। सभी सदस्य कार्यालयों को अपनी जिम्मेदारी निभानी पड़ेगी। बैठक के समापन सत्र में नराकास के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी सदस्य कार्यालयों को उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों के लिए बधाई दी। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि हिंदी का प्रयोग केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक कार्यालयीन कामकाज की स्वाभाविक भाषा बनाया जाना चाहिए। उन्होंने लक्ष्य प्राप्त करने में पिछड़ रहे कार्यालयों को और अधिक प्रयास करने का निर्देश दिया।

# मां को बेरहमी से पीटकर किया घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के पहसारा गांव में एक बेटे द्वारा अपनी ही मां की बेरहमी से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर देने का मामला सामने आया है। घायल महिला ने अपने पुत्र के विरुद्ध थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पीड़िता सुनीता देवी, पति रामानुज सिंह, ने पुलिस को दिए आवेदन में आरोप लगाया है कि उसका पुत्र बमबम कुमार मनबढ़ स्वभाव का है। उसने पूर्व में अपनी पत्नी के साथ भी मारपीट कर उसे घर से भगा दिया था। गुरुवार की शाम जब वह बेटे को उसकी हरकतों को लेकर समझाने का प्रयास कर रही थी, तभी वह गुस्से में आ गया और गाली-गलौज करने लगा। महिला के विरोध करने पर आरोपित ने लाठी-डंडे एवं मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि हमले में उसके हाथ और पैर की हड्डी टूट गई। घटना के बाद परिजनों की मदद से उसका उपचार कराया गया। थानाध्यक्ष मो फिरदौस ने बताया कि पीड़िता के आवेदन के आधार पर आरोपित बमबम कुमार के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है तथा विधिसम्मत आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आरोपित ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र में हत्या के प्रयास के एक मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपी ने मंगलवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना कांड संख्या 97/26 के तहत हत्या का प्रयास, घातक हथियार से हमला सहित अन्य विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज मामले में नामजद आरोपी थाना क्षेत्र के जोकिया तेलन निवासी राजकुमार सिंह के पुत्र सोनू कुमार काफी समय से फरार चल रहा था। फरार आरोपी सोनू कुमार ने 14 जुलाई को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। न्यायालय ने उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने बताया कि मामले की आगे की अनुसंधान प्रक्रिया जारी है। आत्मसमर्पण के बाद आरोपी से पूछताछ कर अन्य तथ्यों की जानकारी जुटाई जाएगी।

# प्रखंड सह अंचल कार्यालय निर्माण को मिली रफ्तार

## जल्द निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद से कर्मियों व आमजन में खुशी

## 32 करोड़ की लागत से होगा निर्माण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रस्तावित नए भवन निर्माण की दिशा में एक बार फिर गतिविधियां तेज होती नजर आ रही हैं। बुधवार से निर्माण स्थल पर ध्वस्त किए गए पुराने थाना भवन के मलबे को हटाने का कार्य शुरू होने से कर्मियों और आम लोगों में उम्मीद जगी है कि लंबे समय से रुका निर्माण कार्य अब शीघ्र प्रारंभ होगा। गौरतलब है कि करीब 32 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक सुविधाओं से लैस प्रखंड सह अंचल कार्यालय भवन एवं अधिकारियों-कर्मियों के आवास का निर्माण प्रस्तावित है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना का ले-आउट 26 मार्च को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता तथा संवेदक की उपस्थिति में कराया था। निर्माण कार्य को लेकर सामुदायिक भवन में संचालित प्रखंड कार्यालय को पहले ही खाली कर ई-किसान भवन में स्थानांतरित कर दिया गया था, ताकि निर्माण कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। इसके बावजूद तकनीकी कारणों से संवेदक द्वारा निर्माण कार्य शुरू नहीं किया जा सका। करीब दो माह पूर्व आवास निर्माण स्थल पर स्थित पुराने थाना भवन को ध्वस्त कर दिया गया था, लेकिन उसके बाद निर्माण कार्य पूरी तरह ठप पड़ा रहा। अब मलबा हटाने का कार्य शुरू होने से निर्माण प्रक्रिया के जल्द गति पकड़ने की संभावना बढ़ गई है।स्थानीय लोगों का कहना है कि नए कार्यालय भवन के निर्माण से प्रखंड एवं अंचल कार्यालयों में कार्यरत कर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, वहीं आम लोगों को भी सरकारी सेवाओं का लाभ आधुनिक एवं सुव्यवस्थित परिसर में मिल सकेगा। लोगों को उम्मीद है कि प्रशासन अब निर्माण कार्य में तेजी लाकर इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को समय पर पूरा कराने की दिशा में ठोस पहल करेगा।

# छात्रों-शिक्षकों के सुझावों से ही उच्च शिक्षा में आएगा वास्तविक सुधार : राज्यपाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) सय्यद अता हसनैन ने वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा में छात्रों एवं शिक्षकों के साथ संवाद करते हुए कहा कि उच्च शिक्षा में वास्तविक, प्रभावी और स्थायी सुधार तभी संभव है, जब विद्यार्थियों और शिक्षकों के अनुभवों, समस्याओं तथा सुझावों को नीति निर्माण का आधार बनाया जाए। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री प्रदान करने वाले संस्थान नहीं, बल्कि ज्ञान, शोध, नवाचार और सामाजिक परिवर्तन के केंद्र होते हैं। ऐसे में शिक्षकों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी से ही शिक्षा व्यवस्था को अधिक गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख बनाया जा




सकता है। राज्यपाल ने संवाद के दौरान छात्रों से उनकी शैक्षणिक समस्याओं, शोध कार्य, परीक्षा प्रणाली, पुस्तकालय, डिजिटल संसाधनों और परिसर की मूलभूत सुविधाओं से जुड़े सुझाव प्राप्त किए। उन्होंने शिक्षकों से भी विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाने, अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा नई शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार एवं बिहार लोक भवन राज्य के विश्वविद्यालयों को आधुनिक बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। शोध एवं नवाचार को बढ़ावा देने, डिजिटल अवसंरचना को सुदृढ़ करने, पुस्तकालयों के आधुनिकीकरण, अत्याधुनिक शिक्षण संसाधनों की उपलब्धता तथा छात्र कल्याण से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आधुनिक तकनीक का उपयोग समय की आवश्यकता है और विश्वविद्यालयों को इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ना होगा।

राज्यपाल ने विश्वास जताया कि आगामी चार से छह महीनों के भीतर बिहार की उच्च शिक्षा व्यवस्था में व्यापक एवं सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण को बेहतर बनाने, शोध संस्कृति को मजबूत करने और विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की जा रही हैं, जिनका लाभ जल्द ही छात्रों और शिक्षकों को मिलेगा। उन्होंने छात्रों से नियमित अध्ययन, अनुशासन और नवाचार की भावना के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया, वहीं शिक्षकों से अपेक्षा की कि वे नई पीढ़ी को केवल पाठ्यक्रम तक सीमित न रखें, बल्कि उनमें शोध, नेतृत्व, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्र निर्माण की भावना भी विकसित करें। संवाद कार्यक्रम में विश्वविद्यालय प्रशासन, विभिन्न संकायों के शिक्षक, शोधार्थी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान छात्रों और शिक्षकों ने विश्वविद्यालय के विकास, शैक्षणिक सुधार तथा बेहतर सुविधाओं से संबंधित अपने सुझाव भी राज्यपाल के समक्ष रखे। राज्यपाल ने सभी सुझावों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन देते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और छात्र-केंद्रित बनाने के लिए सभी हितधारकों की सहभागिता आवश्यक है।

# पीएम ने शिवनारायणपुर स्टेशन का किया वर्चुअल उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कहलगांव (भागलपुर)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब के जालंधर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पूर्व रेलवे के मालदा मंडल के तहत पुनर्विकसित शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन को 'अमृत स्टेशन' के रूप में राष्ट्र को समर्पित किया। यह पुनर्विकास केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'अमृत भारत स्टेशन योजना' के तहत किया गया है। शिवनारायणपुर स्टेशन पर आयोजित इस समारोह में भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, कहलगांव के विधायक शुभानंद मुकेश, और पूर्व विधायक पवन कुमार यादव, मालदा मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक अमरेंद्र कुमार मौर्य, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक कार्तिक सिंह सहित विभिन्न शाखा अधिकारी, जिला प्रशासन व स्थानीय निकायों के प्रतिनिधि, शिक्षक,स्कूली छात्र एवं बड़ी संख्या में आमजन मौजूद थे। कार्यक्रम के दौरान एक विशेष प्रस्तुति दिखाई गई, जिसमें शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प की पूरी यात्रा को रेखांकित किया गया। शिवनारायणपुर रेलवे स्टेशन को 17.94 करोड़ की स्वीकृत लागत से चरण के तहत पूरी तरह री-डेवलप किया गया है। यह पुनर्विकसित स्टेशन अब बिहार की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और स्थापत्य पहचान को अपने भीतर समेटे हुए है। इसमें आधुनिक, सुलभ और सौंदर्यपूर्ण रूप से आकर्षक यात्री सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जो सीधे तौर पर सरकार के 'विकास भी, विरासत भी' के संकल्प को सिद्ध करती हैं। इस आधुनिक 'अमृत स्टेशन' के शुरू होने से बुजुर्गों, दिव्यांगों और आम यात्रियों के लिए स्टेशन परिसर में आवाजाही बेहद सुगम होगी। बेहतर रेल बुनियादी ढांचे से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी और सुदृढ़ होगी। इस स्टेशन का आधुनिक स्वरूप स्थानीय व्यापार को गति देगा और पर्यटन के नए रास्ते खोलेगा।

# राज्यपाल से मिले शोधार्थियों के प्रतिनिधि, सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय (वीकेएसयू), आरा में आयोजित शिक्षकों एवं छात्रों के साथ संवाद कार्यक्रम के दौरान ऑल बिहार पीएचडी डिग्री होल्डर्स एंड रिसर्च स्कॉलर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल सह कुलाधिपति से मुलाकात कर शोधार्थियों एवं सहायक प्राध्यापक अभ्यर्थियों की विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कुमुद पटेल ने किया। इसमें अभिषेक मेहता, सुशील टाइगर, पियूष कुमार, ज्योति कुमार एवं रत्नेश कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने पीएचडी शोधार्थियों, पीएचडी उपाधिधारकों, नेट एवं जेआरएफ अभ्यर्थियों की समस्याओं के साथ-साथ उच्च शिक्षा से जुड़े विभिन्न मुद्दों



को राज्यपाल के समक्ष विस्तार से रखा। उन्होंने लंबित समस्याओं के शीघ्र समाधान और शोधार्थियों के हित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की। राज्यपाल सह कुलाधिपति ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि शोधार्थियों एवं उच्च शिक्षा से जुड़े विषयों पर सकारात्मक, न्यायसंगत और संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए आवश्यक कार्रवाई पर विचार किया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि यह ज्ञापन केवल कुछ लोगों की मांग नहीं, बल्कि बिहार के हजारों पीएचडी उपाधिधारकों, शोधार्थियों, नेट एवं जेआरएफ अभ्यर्थियों की आवाज है। संगठन ने उम्मीद जताई कि इस पहल से राज्य में उच्च शिक्षा व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, शोधोन्मुख और सशक्त बनाने की दिशा में सार्थक पहल होगी।

# तीसरे प्रयास में नीट में नीतीश हुआ सफल

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के वार्ड संख्या 5 निवासी नीतीश कुमार ने तीसरे प्रयास में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) में सफलता हासिल कर अपने परिवार, गांव और प्रखंड का नाम गौरवान्वित किया है। उनकी सफलता की खबर मिलते ही पूरे गांव में खुशी का माहौल बन गया। नीतीश कुमार, जनार्दन यादव एवं मंजू देवी के पुत्र हैं। उनके पिता गम्हरिया डाकघर में डाकिया के पद पर कार्यरत हैं, जबकि माता गृहिणी होने के साथ-साथ खाद दुकान का संचालन भी करती हैं। साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि से आने वाले नीतीश ने लगातार प्रयास जारी रखते हुए इस वर्ष नीट परीक्षा में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की। नीतीश को ऑल इंडिया रैंक 19,418 तथा कैटेगरी रैंक 9,207 प्राप्त हुई है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता के सहयोग, शिक्षकों के मार्गदर्शन और नियमित अध्ययन को दिया। उन्होंने कहा कि असफलता से निराश होने के बजाय उससे सीख लेकर आगे बढ़ना चाहिए। उनका लक्ष्य एक सफल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करना है।


**बिहार सरकार**

**समाज कल्याण विभाग**

**(समाज कल्याण निदेशालय)**
**कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद**

**पर्यवेक्षण गृह का संचालन के लिए Rent/Lease पर भवन हेतु सार्वजनिक सूचना**

**(सूचना संख्या–OH-01/2026)**

निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, बिहार, पटना के पत्रांक–1150, दिनांक–26.06.2026 से प्राप्त निदेश के आलोक में औरंगाबाद जिलान्तर्गत 50 बालकों की आवासीय क्षमता वाले पर्यवेक्षण गृह (Obervation Home) का संचालन के लिए निम्न मानदंड के अनुरुप Rent/Lease पर भवन की आवश्यकता है :–

| क्रम | आधारभूत / मुलभूत विशेषताएँ | आवश्यक क्षेत्र |
|---|---|---|
| (i) | 2 शयनशाला (डोरमेटरी) | 25 बालकों के लिए प्रत्येक 1000 वर्ग फुट की अर्थात 2000 वर्ग फुट |
| (ii) | 2 कक्षाएँ | 25 बालकों के लिए 300 वर्ग फुट की अर्थात 600 वर्ग फुट |
| (iii) | रोगी कक्ष / प्राथमिक उपचार कक्ष | प्रत्येक 10 बालकों हेतु 75 वर्ग फुट अर्थात 750 वर्ग फुट |
| (iv) | रसोई | 250 वर्ग फुट |
| (v) | भोजन कक्ष | 800 वर्ग फुट |
| (vi) | भंडार कक्ष | 250 वर्ग फुट |
| (vii) | मनोरंजन कक्ष | 330 वर्ग फुट |
| (viii) | पुस्तकालय | 500 वर्ग फुट |
| (ix) | 5 स्नानघर | प्रत्येक 25 वर्ग फुट की अर्थात 125 वर्ग फुट |
| (x) | 8 शौचालय | प्रत्येक 25 वर्ग फुट की अर्थात 200 वर्ग फुट |
| (xi) | कार्यालय कक्ष | (क) 300 वर्ग फुट (ख) प्रभारी व्यक्ति कक्ष 200 वर्ग फुट |
| (xii) | परामर्श और मार्गदर्शन कक्ष | 120 वर्ग फुट |
| (xiii) | कार्यशाला | प्रति प्रशिक्षु 75 वर्ग फुट की दर से 15 बालकों के लिए 1125 वर्गफुट |
| (xiv) | प्रभारी व्यक्ति हेतु आवास | (क) प्रत्येक 250 वर्ग फुट के 2 कक्ष (ख) रसोई 75 वर्ग फुट (ग) स्नान घर सह शौचालय 50 वर्ग फुट |
| (xv) | किशोर न्याय बोर्ड अथवा बाल कल्याण समिति हेतु 2 कक्ष | प्रत्येक 300 वर्ग फुट की अर्थात 600 वर्ग फुट |
| (xvi) | खेल का मैदान | कुल बालकों की संख्या के अनुसार पर्याप्त क्षेत्र |
| (xvii) | सुरक्षा प्रहरी हेतु बैरख | (क) 300 वर्ग फुट (ख) रसोई 75 वर्ग फुट (ग) स्नान घर सह शौचालय 50 वर्ग फुट |
| **कुल** | | **8920 वर्ग फुट** |

उपरोक्त वर्णित मानदंड के अनुरुप उपयुक्त भवन जहाँ –

- चार पहिए वाहन के आवागमन का उपयुक्त मार्ग उपलब्ध हो।
- भवन विधि विवादित से मुक्त हो।
- पर्याप्त खुला परिसर एवं चाहरदिवारी उपलब्ध हो।
- भवन नगर क्षेत्र / जिला मुख्यालय से 08 कि०मी० के अंदर हो।

को Rent/Lease पर देने हेतु इच्छुक व्यक्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भितर निम्न पते पर निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन समर्पित कर सकते है –

**पता– सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई, समाहरणालय परिसर, औरंगाबाद, पिन–824101**

विशेष जानकारी हेतु कार्यालय, जिला बाल संरक्षण इकाई, औरंगाबाद में सम्पर्क कर सकते है।

**सहायक निदेशक,**
**जिला बाल संरक्षण इकाई,**
**औरंगाबाद**

**PR. No. 008060 (B&C ) 2026-27**

**उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।**

**यौन जनित रोग छुपाओ नहीं ईलाज कराओ,**
**खुद के साथ अपने जीवन साथी को भी सुरक्षित करें।**


# सीईआईआर पोर्टल की मदद से खोया मोबाइल बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** थानाध्यक्ष ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से ट्रेस कर खोए हुए मोबाइल को बरामद कर उसके असली मालिक को सौंप दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम गेहूनी निवासी साहुल कुमार, पिता अमरजीत पासवान का मोबाइल कुछ दिन पहले खो गया था। साहुल कुमार ने इसकी शिकायत भगवानपुर थाना में दर्ज कराई थी। थाना पुलिस ने तुरंत सी ई आई आर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर मोबाइल को ट्रेस करना शुरू किया।पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सीईआईआर पोर्टल की मदद से मोबाइल का पता लगा लिया गया। बरामद मोबाइल को बुधवार को थाना परिसर में विधिवत रूप से साहुल कुमार को सुपुर्द कर दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर साहुल कुमार ने भगवानपुर थाना पुलिस की त्वरित कार्रवाई और सीईआईआर पोर्टल की व्यवस्था की सराहना की। उन्होंने पुलिस को धन्यवाद देते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पुलिस ने आम लोगों से अपील की है कि यदि उनका मोबाइल खो जाए या चोरी हो जाए तो वे तुरंत सीईआईआर पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं या नजदीकी थाने में सूचना दें। इससे पुलिस समय रहते कार्रवाई कर मोबाइल बरामद कर सकती है।सीईआईआर भारत सरकार का पोर्टल है। इसके जरिए खोए या चोरी हुए मोबाइल को आई एम ई आई नंबर के आधार पर पूरे देश में ब्लॉक और ट्रेस किया जा सकता है।

# छात्रों के लिए इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भगवानपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा संचालित इंस्पायर अवार्ड-मानक योजना के तहत शैक्षणिक सत्र के लिए प्रक्रिया शुरू हो गई है। बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के राज्य परियोजना निदेशक ने सभी जिलों को इस संबंध में पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं।पत्र के अनुसार राज्य के सभी मान्यता प्राप्त सरकारी, निजी एवं अनुदानित विद्यालयों के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों से नवाचार आमंत्रित किए जाएंगे। विद्यालयों को अपने यहां से चयनित श्रेष्ठ 5 विद्यार्थियों के नवाचार को 15 जुलाई से 15 सितंबर तक इंस्पायर अवार्ड योजना के ईएमआईएएस ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड करना अनिवार्य है। भारत सरकार द्वारा पोर्टल पर अपलोड किए गए नवाचारों में से सामाजिक समस्याओं के समाधान से संबंधित नवाचारों का चयन किया जाएगा। चयनित नवाचारों पर प्रोटोटाइप मॉडल निर्माण हेतु संबंधित विद्यार्थी के बैंक खाते में 10,000 की राशि हस्तांतरित की जाएगी। जो विद्यालय अभी तक पंजीकृत नहीं हैं।वे 20 जुलाई तक पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। सभी विद्यालयों में 30 जुलाई तक नवाचार प्रतियोगिता आयोजित कर श्रेष्ठ 5 नवाचारों का चयन करेंगे। चयनित नवाचारों को विद्यालय प्रधान और नोडल शिक्षक द्वारा ही पोर्टल पर ऑनलाइन अपलोड किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों में नवप्रवर्तन और रचनात्मक सोच की संस्कृति को बढ़ावा देना है, ताकि बच्चे विज्ञान के माध्यम से जमीनी समस्याओं का समाधान खोज सकें।

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं समस्याएं

**भागलपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिलाधिकारी अलंकृता पांडेय ने आज यहां साप्ताहिक जनता दरबार मे जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं शहरी क्षेत्रों से आए आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों की सुनवाई की और त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद, दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राजस्व संबंधी मामलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, सड़क, विद्युत, पेंशन, राशन, पुलिस प्रशासन तथा अन्य जनहित से जुड़े विभिन्न मामलों पर नागरिकों ने अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक आवेदक की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मामलों का त्वरित, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है तथा किसी भी स्तर पर अनावश्यक विलंब या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवेदकों को राहत उपलब्ध कराई जाए तथा लंबित मामलों की नियमित समीक्षा कर उनका शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# नियमित रूप से हो 'साइबर मंगलवार' का आयोजन : मुख्य सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव द्वारा राज्य के सभी जिलाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साइबर अपराध की रोकथाम, साइबर सुरक्षा तथा साइबर शिकायतों के निष्पादन की समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा, वरीय उप समाहर्ता रितेश यादव सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान ग्रिवांस रिड्रेसल मॉड्यूल पर लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा सभी लंबित शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव ने बताया कि साइबर मुख्यालय में 24 घंटे हेल्पलाइन पूरी तरह सक्रिय है जिसके माध्यम से साइबर ठगी के पीड़ितों को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने सभी जिलों को निर्देशित किया कि साइबर अपराध से संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में औरंगाबाद जिले की प्रगति की भी समीक्षा की गई। बताया गया कि जिले में अब तक 2.58 लाख रूपये की राशि पीड़ितों को वापस कराई गई है, तथा साइबर अपराधों के विरुद्ध कार्रवाई के क्रम में 21 एलईए (कानून प्रवर्तन एजेंसी) अनुरोध/कार्रवाइयाँ जारी की गई हैं। मुख्य सचिव ने साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए व्यापक जन-जागरूकता एवं प्रचार-प्रसार अभियान चलाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जिले में नियमित रूप से 'साइबर मंगलवार' का आयोजन किया जाए जिसके माध्यम से आम नागरिकों को साइबर सुरक्षा, ऑनलाइन ठगी से बचाव तथा डिजिटल सुरक्षा के उपायों की जानकारी दी जाए। बैठक में साइबर अपराध नियंत्रण के लिए विभागों के बीच बेहतर समन्वय, त्वरित कार्रवाई तथा जनभागीदारी को और सुदृढ़ बनाने पर भी बल दिया गया।




# सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यरत लिपिक निलंबित

## पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह की शिकायत सही पाये जाने के बाद की गयी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा एक ही अवधि में दो संस्थानों में कार्यरत रहकर वेतन प्राप्त करने के आरोप में सिविल सर्जन कार्यालय में कार्यरत लिपिक कृष्ण प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश निर्गत किया गया है। ज्ञातव्य है कि पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह द्वारा कृष्ण प्रसाद वर्मा के विरुद्ध दो स्थानों पर सरकारी सेवा करते हुए वेतन प्राप्त करने एवं सेवा संबंधी अनियमितता बरते जाने के संबंध में जिलाधिकारी शिकायत पत्र उपलब्ध कराया गया था। शिकायत प्राप्त होने के उपरांत जिलाधिकारी द्वारा सिविल सर्जन को मामले की जांच कर नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके आलोक में सिविल सर्जन द्वारा त्रि-सदस्यीय जांच समिति का गठन किया गया। जांच समिति द्वारा उपलब्ध कराए गए सेवा अभिलेखों, सेवा पुस्तिका, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (पूर्वी झरिया क्षेत्र) से प्राप्त प्रमाणित अभिलेखों तथा अन्य संबंधित दस्तावेजों के परीक्षण के उपरांत प्रतिवेदित किया गया कि उपलब्ध अभिलेखों में विरोधाभास परिलक्षित होता है तथा संबंधित कर्मी द्वारा एक ही अवधि में दो संस्थानों से वेतन प्राप्त किया जाना प्रतीत होता है। उक्त प्रकरण की विस्तृत जांच हेतु जिला स्थापना शाखा द्वारा अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण), जिला पंचायत राज पदाधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक, सदर अस्पताल की त्रि-सदस्यीय संयुक्त जांच दल का गठन किया गया। संयुक्त जांच दल द्वारा समर्पित प्रतिवेदन में उल्लेख किया गया है कि कृष्ण प्रसाद वर्मा 06 जुलाई 2005 से सिविल सर्जन कार्यालय में लिपिक के पद पर कार्यरत हैं तथा नियमित रूप से वेतन प्राप्त कर रहे हैं। वहीं भारत कोकिंग कोल लिमिटेड, पूर्वी झरिया क्षेत्र से प्राप्त अभिलेखों के अनुसार वे 22 नवंबर 2008 से 12 मार्च 2017 तक जूनियर ओवरमैन के पद पर कार्यरत रहे तथा उक्त अवधि में वहां से भी वेतन प्राप्त किया। संयुक्त जांच दल द्वारा उपलब्ध अभिलेखों के परीक्षण के उपरांत यह प्रतिवेदित किया गया कि दोनों संस्थानों से प्राप्त व्यक्तिगत विवरणी एवं सेवा संबंधी अभिलेख एक ही व्यक्ति से संबंधित हैं। इस आधार पर जांच दल द्वारा यह प्रतिवेदित किया गया कि संबंधित कर्मी द्वारा एक ही अवधि में दो भिन्न नियोक्ताओं के अधीन कार्य करते हुए वेतन प्राप्त किया गया, जो बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के नियम-16 का उल्लंघन है। संयुक्त जांच प्रतिवेदन, उपलब्ध अभिलेखों, समस्त तथ्यों एवं अनुशंसा के आलोक में जिलाधिकारी द्वारा लिपिक को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, गोह निर्धारित किया गया है तथा नियमानुसार जीवन-यापन भत्ता देय होगा।

# सड़क पर गिरे मलबे के कारण अनियंत्रित होकर गिरा बाइक सवार, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के अंबा-नबीनगर पथ पर दधपा गांव के समीप नहर पर सड़क दुर्घटना में बाइक सवार 22 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान दधपा गांव निवासी अरविंद मेहता के पुत्र पंकज मेहता के रूप में की गई है। जानकारी के अनुसार पंकज गुरुवार की देर शाम बाइक से गांव के बाहर टहलने निकला था। इसी क्रम उस जगह घर की टूटी मलबा (बालू ईट पत्थर) गिरा हुआ था। तभी विपरीत दिशा से अपनी लेन में आ रहे बाइक से पंकज अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर पड़ा जिसमें वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों और परिजनों द्वारा आनन-फ़ानन में रेफरल अस्पताल कुटुंबा लाया गया जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने सदर अस्पताल रेफर कर दिया। औरंगाबाद आने के दौरान बीच रास्ते में पंकज की मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में शोक व्याप्त है। वहीं आसपास मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। परिजनों के अनुसार पंकज दो भाइयों में छोटा था। इसके अलावा उसकी चार बहनें है। घटना की सूचना पर सदर अस्पताल पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर, सूचना पर पहुंचे सांसद अभय कुशवाहा, राजद वरीय नेता ई. सुबोध कुमार सिंह सहित अन्य ने पीड़ित परिजनों को सांत्वना दी। सांसद ने पीड़ित परिजनों के लिए जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

# गोली लगने से घायल सब्जी विक्रेता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा थाना क्षेत्र में अपराधियों की गोली से घायल सब्जी विक्रेता की मौत हो गई। मृतक की पहचान बंगाली बिगहा निवासी 50 वर्षीय गोविंद महतो के तौर पर हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में मातम का माहौल है। ग्रामीणों ने हत्या की इस वारदात पर गहरा आक्रोश जताते हुए दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है। लोगों का कहना है कि दिनदहाड़े या शाम के समय इस तरह की घटनाएं आम लोगों में भय का माहौल पैदा कर रही हैं। परिजनों ने भी हत्यारों की जल्द गिरफ्तारी और कठोर सजा की मांग की है। जानकारी के अनुसार गोविंद महतो सब्जी बेचकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाकर बैठे अपराधियों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगते ही वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। फायरिंग की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। यहां से गंभीर हालत को देखते हुए हायर सेंटर रेफर किया गया। हसपुरा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में एक पुरानी रंजिश का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक करीब पांच वर्ष पहले गोविंद महतो के पुत्र नीरज गांव के ही युगल मेहता की पुत्री को अपने साथ लेकर चला गया था। लगभग एक वर्ष बाद दोनों को पुलिस ने बरामद कर लिया था। इसके कुछ समय बाद दोनों दोबारा घर से चले गए और शादी कर ली। दोनों का एक बच्चा भी है।पिछले वर्ष नवंबर में वापस लौटकर साथ रहने लगे। पुलिस को आशंका है कि इसी प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद को लेकर यह हत्या हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने अभी किसी की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। जांच के दौरान सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। संभावित आरोपियों की पहचान कर उनके ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि घटना के वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए वैज्ञानिक एवं तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। साक्ष्य संकलन के लिए एफएसएल की टीम को बुलाया गया है। दोषियों की पहचान होते ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाएगी। वहीं ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले का शीघ्र खुलासा कर अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# 26 जुलाई को सफल एवं कदाचारमुक्त होगी 72वीं बीपीएससी परीक्षा

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा आगामी 26 जुलाई को आयोजित एकीकृत 72वीं संयुक्त प्रारंभिक प्रतियोगिता परीक्षा के सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालन के मद्देनजर बिहार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राज्य के सभी जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक उपेंद्रनाथ वर्मा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी श्वेता प्रियदर्शी, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, जिला शिक्षा पदाधिकारी दयाशंकर सम्मिलित हुए।

# पुलिस के साथ मारपीट व रंगदारी सहित अन्य मामलों में 19 लोग गये जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में गुरुवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 46 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 19 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, पुलिस पर हमला में 1, रंगदारी में 1, हत्या के प्रयास में 12, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 7 तथा अन्य मामलों में 25 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 231 लीटर देसी शराब , 337.55 लीटर विदेशी शराब, दो बाइक एवं एक कार बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1220 वाहनों की जांच की गई जिसमें 103000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। साथ ही 107 वारंटों का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है। उन्होंने भरोसा दिलाया है कि अपराध और तस्करी के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# 80 किलो गांजा जब्त, चेक पोस्ट तोड़कर तस्कर फरार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा(औरंगाबाद)।** औरंगाबाद-अम्बा एनएच-139 पर उत्पाद विभाग ने शुक्रवार देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए उड़ीसा नंबर की एक कार से करीब 80 किलोग्राम गांजा बरामद किया। हालांकि चेक पोस्ट तोड़कर भाग रहे तस्कर पीछा किए जाने पर अम्बा बाजार के पास कार छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए फरार हो गए। जानकारी के अनुसार रात करीब 2:30 बजे झारखंड की ओर से आ रही एक संदिग्ध कार ने एरका स्थित उत्पाद चेक पोस्ट को तेज रफ्तार में पार कर दिया। जांच दल के प्रभारी सह उत्पाद पदाधिकारी संजय रजक के नेतृत्व में टीम ने तत्काल वाहन का पीछा किया। घिरता देख तस्करों ने अम्बा बाजार के समीप कार सड़क किनारे छोड़ दी और चालक चाबी लेकर फरार हो गया। कार की तलाशी में 39 सीलबंद पैकेटों में रखा गया करीब 80 किलो गांजा बरामद हुआ। पैकेट 10, पांच और एक किलोग्राम के थे, जिसे पेशेवर तरीके से पैक किया गया था। उत्पाद विभाग ने गांजा और वाहन जब्त कर लिया है तथा फरार तस्करों और वाहन मालिक की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। साथ ही यह पता लगाया जा रहा है कि नशीले पदार्थ की खेप कहां ले जाई जा रही थी।




# जहर देकर विवाहिता की हत्या करने के मामले में अभियुक्त को दस साल की सजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** दहेज हत्या में अभियुक्त को जिला मुख्यालय स्थित व्यवहार न्यायालय के सप्तम जिला जज सप्तम संतोष कुमार झा ने रफीगंज थाना में दर्ज एक कांड में काराधीन अभियुक्त बलिगांव निवासी सत्येन्द्र चौधरी को 10 साल की सज़ा सुनाई है। एपीपी संजीव कुमार ने बताया कि प्राथमिक काराधीन अभियुक्त सत्येन्द्र चौधरी को दहेज हत्या के जुर्म में आठ जुलाई को दोषी ठहराया गया था। शुक्रवार को सज़ा ी बिंदु पर दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात अभियुक्त को भादंवि धारा 304बी में 10 साल सश्रम कारावास की सज़ा सुनाई गई है। अभियोजन की ओर से पांच जबकि बचाव पक्ष से दो गवाही हुई थी। अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय ने 30 मई 2024 को आरोप गठित किया था। प्राथमिकी सूचक ओबरा थाना क्षेत्र के मनोरा गांव निवासी राजकुमार चौधरी ने अभियुक्त के विरुद्ध 19 नवंबर 2023 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया कि मेरी भतीजी मनीषा देवी की शादी हिन्दू रीति रिवाज से सत्येन्द्र चौधरी से 16 मार्च 2023 को हुई थी जिसमें उपहार स्वरूप तीन लाख और एक अपाची बाइक दिया गया था। शादी के कुछ दिन बाद सोने के चैन और अंगुठी के लिए ससुराल में नवविवाहिता को प्रताड़ित किया जाने लगा तो लड़की ने इसकी जानकारी अपने सुरत में मजदुरी कर रहे पिता और माता को दी थी।

# लाखों के आभूषण के साथ तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** थाना क्षेत्र के बाबू अमोना स्थित घर में हुए चोरी के मामले का 24 घंटे के अंदर पुलिस ने उद्भेदन किया है। लाखों रुपए के सोने चांदी के गहने के साथ तीन व्यक्ति को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। इस संबंध में शुक्रवार को थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि रजनीश कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर दर्ज कांड में त्वरित कर्रवाई करते हुये यह उपलब्धि हासिल की गई है। पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास के नेतृत्व में थाना स्तर से एक एसआईटी का गठन कर मात्र 12 घंटे के अंदर सीसीटीवी फुटेज के अवलोकन, आसूचना संकलन, एवं तकनीकी अनुसंधान के माध्यम से कांड का उद्भेदन करने भवन सफलता मिली। अभियुक्त चंदन कुमार, साकिन-सोहर बिगहा, थाना हसपुरा, जितेन्द्र कुमार, साकिन-बाबु अमौना, थाना दाउदनगर और मुकेश कुमार साकिन हसपुरा को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से सोने जैसा चार जितिया, सोने जैसा एक जोड़ा झुमका, सोने जैसा एक चेन, चांदी का एक जोड़ा पायल और 17 बिछिया बरामद किया गया है। एसआईटी में थानाध्यक्ष विकास कुमार, पुअनि सुदीश कुमार, विक्की कुमार सक्सेना, अभिषेक कुमार एवं परमानंद कुमार यादव, सिपाही दीपक कुमार एवं सुधीर कुमार राम शामिल रहे।



# समय के साथ विकास योजनाओं को करें पूरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न केंद्रीय एवं राज्य सरकार की महत्वपूर्ण परियोजनाओं एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन एवं परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गए। औरंगाबाद जिला से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, वरीय उपसमाहर्ता रितेश कुमार यादव तथा संबंधित विभागों के पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए। समीक्षा के दौरान प्रधानमंत्री पोषण योजना, समग्र शिक्षा अभियान, राष्ट्रीय राजमार्ग, रेलवे एवं अन्य महत्वपूर्ण आधारभूत संरचना परियोजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। विभिन्न विभागों द्वारा योजनाओं की वर्तमान स्थिति, लंबित बिंदुओं तथा उनके निराकरण हेतु की जा रही कार्रवाई से मुख्य सचिव को अवगत कराया गया। बैठक में वाराणसी-रांची-कोलकाता राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई।

# राइस मिलों की होगी नियमित निगरानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** खरीफ विपणन मौसम 2025-26 अंतर्गत धान अधिप्राप्ति एवं कस्टम मिल्ड राइस (सीएमआर) आपूर्ति के प्रगति की विस्तृत समीक्षा समाहरणालय के सभाकक्ष में जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में कुल 1,80,901.847 मीट्रिक टन धान अधिप्राप्ति के विरुद्ध 1,23,142.610 मीट्रिक टन सीएमआर की देयता निर्धारित हुई है। इसके विरुद्ध अब तक 1,08,568.770 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति की जा चुकी है, जो कुल देयता का 88.17 प्रतिशत है। वर्तमान में 14,573.835 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति शेष है। बैठक में यह भी बताया गया कि रॉ धान के अंतर्गत 34,110 मीट्रिक टन के विरुद्ध 27,608 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति करते हुए 80.93 प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की गई है। वहीं पारबॉयल्ड धान के अंतर्गत 88,614 मीट्रिक टन के विरुद्ध 80,960.770 मीट्रिक टन सीएमआर की आपूर्ति करते हुए 91.36 प्रतिशत उपलब्धि अर्जित की गई है। जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं राइस मिल संचालकों को निर्देश दिया कि शेष सीएमआर की आपूर्ति निर्धारित समय-सीमा के भीतर हर हाल में पूर्ण कराई जाए। उन्होंने कहा कि जिन प्रखंडों एवं राइस मिलों की प्रगति अपेक्षाकृत कम है, उनकी नियमित निगरानी की जाए तथा आवश्यक समन्वय स्थापित कर आपूर्ति में तेजी लाई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति सुनिश्चित करते हुए किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। बैठक में उपेंद्र पंडित, इफ्तेखार अहमद, अमित राजन, श्वेतांक लाल, श्वेता प्रियदर्शी, रितेश कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# प्रत्येक परिवाद का निष्पक्ष एवं न्यायसंगत हो निष्पादन

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा शुक्रवार को सात निश्चय-3 अंतर्गत सबका सम्मान-जीवन आसान पहल के तहत जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार के दौरान विभिन्न प्रखंडों से आए आम नागरिकों ने अपनी समस्याओं एवं शिकायतों को जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया। इस दौरान परिवादियों ने अपने-अपने आवेदन प्रस्तुत किए। प्राप्त परिवादों में मुख्य रूप से दाखिल-खारिज, अतिक्रमण, राशन कार्ड, नाली-गली निर्माण, भूमि विवाद, सड़क निर्माण, आंगनबाड़ी सेविका बहाली, जमाबंदी, इंदिरा आवास, भूमि मापी, जमीन पर अवैध कब्जा, परिमार्जन, एलपीसी निर्गत करने, पैक्स से संबंधित मामले, मानदेय भुगतान, आंगनबाड़ी बहाली में अनियमितता, अनुग्रह अनुदान सहित अन्य जनहित से जुड़े विषय शामिल रहे। जनता दरबार में प्राप्त सभी परिवादों को विधिवत पंजी में दर्ज कर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

BAYC Institute स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7
नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स
भारत का पहला कॉलेज
डॉक्टर बनें
एक्युप्रेशर, योग, नेचुरोपैथी, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन
Proposed Green Campus in 60,000 Sq.Ft.
DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy | DY Yoga | DAYS Acupressure Yoga | DHMS Herbal Medicine — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : 10th
DEMS Electrohomeopathy Medicine | DNYS Naturopathy Yoga — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : 10th
BACHELOR DEGREE COURSE
MBBA Acupressure & Magnet | BTMS Traditional Medicine | BAYS Acupressure Yoga | BAcu. Acupuncture — अवधि: 3 वर्ष | योग्यता : 10+2
BEMS Electrohomeopathy Medicine | MBAS Medicine in ALT Science — अवधि: 4½ वर्ष | योग्यता : 10+2
MASTER DEGREE COURSE
MD (Acu Yoga) MD (TM) — अवधि: 1 वर्ष | योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) — अवधि: 2 वर्ष | योग्यता : BEMS
PROFESSIONAL COURSE
BLIS | MLIS | BBA | MBA
TRADITIONAL COURSE
MA (Yoga) | Yoga Teacher Course | BA | MA
100% रिजल्ट एवं रोजगार
Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised
DIRECT ADMISSION | REGULAR CLASSES | ONLINE CLASSES | EXPERIENCED FACULTIES
एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।
कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।
डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त, अध्यक्ष
डा. अजय प्रकाश, सचिव
9572607696, 9304942855, 9334278279 | Apply Online: www.bayc.in
Email: baycpatna@gmail.com | Website: www.indianacupressure.com
परीक्षा सूचना : एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रो होमियोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन, हर्बल मेडिसिन, कम्युनिटी मेडिकल कोर्स की परीक्षा शीघ्र प्रारंभ होने वाली है। संबंधित छात्र/छात्राएं कॉलेज कार्यालय में सम्पर्क करें।

# 300 दिनों से अधिक लंबित कांडों का करें निष्पादन : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कक्ष में अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में जिले के सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक, थानाध्यक्ष, शाखा प्रभारी एवं अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले की विधि-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, कांडों के निष्पादन, अनुसंधान की प्रगति एवं पुलिसिंग व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी थानाध्यक्षों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में सक्रिय एवं जनोन्मुखी पुलिसिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि आमजन में सुरक्षा की भावना बनाए रखने तथा अपराधियों में पुलिस का भय स्थापित करने हेतु नियमित गश्ती, वाहन जांच एवं संवेदनशील एवं अपराध प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी सुनिश्चित की जाए। प्रातःकालीन, मध्याह्न, संध्याकालीन एवं रात्रिकालीन गश्ती को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने पर विशेष बल दिया गया। बैठक में 300 दिनों से अधिक लंबित कांडों, हत्या, उत्पाद एवं मद्यनिषेध अधिनियम के मामलों, स्पीडी ट्रायल, सम्मन-वारंट के निष्पादन, मई-जून के अंतिम प्रपत्रों, थानावार गिरफ्तारियों, मालखाना के भौतिक सत्यापन और एफएसएल भेजे जाने वाले लंबित नमूनों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। लंबित कांडों की समीक्षा करते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी अनुसंधानकर्ताओं को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। गंभीर एवं सनसनीखेज कांडों के त्वरित उद्भेदन, लंबित कंडों के निष्पादन, आरोप पत्र समर्पण एवं स्पीडी ट्रायल से संबंधित मामलों की भी समीक्षा की गई। साथ ही न्यायालय से निर्गत लंबित वारंट, इश्तहार एवं कुर्की के निष्पादन में तेजी लाने तथा फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।




स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269